* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 जनवरी, 2023
पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 78

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही


अगले महीने दूसरी उड़ान भरेगा इसरो का एसएसएलवी, चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान लगभग तैयार











### केंद्रीय गृह मंत्री का झारखंड दौरा तय, भाजपा तैयारी में जुटी

# अमित शाह कल आयेंगे रांची, 7 को चाइबासा में रैली

- एसपीजी की टीम पहुंची, पार्टी स्तर पर भी तैयारी शुरू
- 6 जनवरी की शाम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ होगी बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 जनवरी को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। उनका कार्यक्रम तय हो चुका है। वह शुक्रवार को शाम 6 बजे बीएसएफ के विशेष विमान से रांची पहुंचेंगे। रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट आने के बाद वह सीधे होटल रेडिशन ब्लू जायेंगे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन यानी 7 जनवरी को वह चाइबासा में भाजपा की ओर से आयोजित रैली और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तय बैठक में हिस्सा लेंगे। गृह मंत्री के दौरे को लेकर एसपीजी की टीम रांची पहुंच चुकी है। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।

#### कोर कमेटी की बैठक की चर्चा

जानकारी के मुताबिक अमित शाह रांची में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं से होटल में ही मिलेंगे। शाह 7 जनवरी को सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से चाइबासा के लिए रवाना होंगे। चाइबासा में 10.45 से 12.30 बजे तक टाटा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित दो कार्यक्रम में भाग लेंगे। सूत्रों के मुताबिक शाह चाइबासा में ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पार्टी की कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक को मिशन 2024 की तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है। चाइबासा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद टाटा कॉलेज ग्राउंड में ही उनके लंच की व्यवस्था की गयी है। लंच के बाद वह हेलीकॉप्टर से रांची लौट आयेंगे और एयरपोर्ट से ही छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो जायेंगे।

#### भाजपा तैयारी में जुटी, हुई बैठक:

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा तैयारी में जुटी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता चाइबासा में कैंप कर रहे हैं। वहीं, बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी समेत अन्य पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में तैयारी की समीक्षा की गयी। कौन नेता कहां पर अमित शाह के स्वागत में रहेंगे, यह तय किया गया। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी। उधर, चाइबासा में भी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहां प्रदेश के नेता अपनी मौजूदगी में व्यवस्था को देख रहे हैं।

### सीएम पहुंचे पतना, भाजपा पर साधा निशाना

# राज्य के पिछड़ेपन के लिए भाजपा जिम्मेदार : हेमंत

- लोगों से मिले, समस्याओं को सुना और किया निदान
- कहा, आने वाले पांच साल में होने वाला है बड़ा बदलाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से भरा पूरा है। जिस राज्य की गिनती देश के अग्रणी राज्य में होनी चाहिए थी, उसकी गिनती पिछड़े राज्य के रूप में होती है। इस राज्य के पिछड़ेपन के लिए भाजपा जिम्मेदार है। विगत 20 वर्षों में इनके द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत राज्य को पिछड़ा बनाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पतना के धरमपुर पहुंचे। धरमपुर मिशन मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इनकी चोरी पकड़ी गयी है। हमने राज्य को देश के अग्रणी राज्यों की लाइन में खड़ा करने का संकल्प लिया है। हमारी सरकार के तीन साल के कार्यकाल में दो साल तो कोरोना में बीत गया। एक साल में हमने जो काम किया है, वह पिछले 20 वर्षों में हुए कामों से कई गुना अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच सालों के अंदर राज्य में बड़ा बदलाव आने वाला है। इस राज्य में जब तक झामुमो है, तब तक यहां के लोगों का बाल भी बांका नहीं होगा।

मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों से भी मिले। वह लोगों की समस्याओं को सुना। कुछ समस्याओं का तत्काल निदान किया गया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। वहीं, कुछ मामलों में लोगों को आश्वासन दिया गया।

## यूपी में बिना ओबीसी आरक्षण के नहीं होगा निकाय चुनाव

- सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव से जुड़े इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले पर लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को उत्तरप्रदेश की योगी सरकार के लिए राहत भरी खबर आयी। दरअसल, शीर्ष कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उत्तरप्रदेश को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूपी सरकार की ओर से नियुक्त पैनल को तीन महीने में राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर फैसला करना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस दौरान स्थानीय निकायों का प्रशासन बाधित न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरप्रदेश सरकार कार्यकाल समाप्त होने के बाद अधिकारों को प्रत्यायोजित करने के लिए स्वतंत्र होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उत्तरप्रदेश स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिन प्रशासकों को उनकी शक्तियां सौंपी जायेंगी, वे बड़े नीतिगत फैसले नहीं लेंगे।

इससे पहले स्थानीय निकाय चुनाव मामले में उत्तरप्रदेश सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया था। मामले में 4 जनवरी को सुनवाई तय की गयी थी। दरअसल, शहरी स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना रद्द करने के हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

## पहाड़ों पर और ज्यादा बर्फबारी के आसार, हालात बिगड़ेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जनवरी की शुरुआत में देशभर में रिकॉर्ड तोड़ सर्दी पड़ी है। सर्दी ने मध्य प्रदेश के भोपाल में 22 साल, पंजाब में 19 और हरियाणा में 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ा। पूरे उत्तर भारत में कोल्ड वेव अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में शीत लहर का रेड अलर्ट जारी किया गया है। झारखंड में भी ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। राज्य में 15 जिलों में ठंड को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में आने वाले दिनों में ज्यादा बर्फबारी होने की संभावना है। इसके चलते उत्तर प्रदेश, राज्यस्थान, दिल्ली, बिहार, झारखंड समेत समेत कई राज्यों में शीतलहर बढ़ेगी। देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सीजन का दूसरा सबसे ठंडा दिन रहा। रांची के तापमान की बात की जाये तो बुधवार को अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

*(संबंधित खबर पेज तीन पर)*

## मुंबई शिफ्ट हुए ऋषभ पंत घुटने का होगा ऑपरेशन

### कोकिलाबेन अस्पताल में होगा उपचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को देहरादून से मुंबई शिफ्ट किया गया। कार दुर्घटना में 30 दिसंबर को उत्तराखंड के रुड़की के पास वह घायल हो गये थे। पहले उन्हें स्थानीय सक्षम अस्पताल में भर्ती किया गया था। उसके बाद पंत को देहरादून के मैक्स अस्पताल में रखा गया। अब उन्हें मुंबई एयरलिफ्ट किया गया है। बीसीसीआइ ने पंत को लेकर मेडिकल रिलीज जारी किया है। उसने बताया कि पंत का इलाज अब मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में होगा। वहां उनके घुटने के लिगामेंट की सर्जरी होगी। पंत के शरीर के कुछ हिस्सों में अभी भी दर्द और सूजन है। इसका इलाज भी वहीं किया जायेगा।



बोर्ड ने आगे लिखा कि ऋषभ कोकिलाबेन अस्पताल में सेंटर फॉर स्पोर्ट्स मेडिसिन के प्रमुख डॉ दिनशॉ पारदीवाला की निगरानी में रहेंगे। ऋषभ की लिगामेंट टियर की सर्जरी और बाद की प्रक्रियाएं होंगी। उनके ठीक होने और रिहैबिलिटेशन के दौरान बीसीसीआइ की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी। ऋषभ की रिकवरी प्रक्रिया में सहायता और तेजी लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा और इस अवधि के दौरान उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करेगा।

## ममता देवी को एक अन्य मामले में दो साल की सजा

- इनलैंड पावर से जुड़ा है मामला
- भाजपा नेता राजीव जायसवाल को भी सजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं। इनलैंड पावर से जुड़े एक अन्य मामले में ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को दो साल की सजा सुनायी गयी है। हजारीबाग कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। मामला गोला में इनलैंड पावर में हुए दंगे से जुड़ा है। दंगे के बाद मुआयना करने जा रहे एलडीसी और सीओ पर हमला किया गया था।

हमले में इन दोनों अधिकारियों की गाड़ी में आग लगा दी गयी थी। दोनों ने स्कूल में छिप कर अपनी जान बचायी थी। इसी संबंध में गोला थाना में कांड संख्या 65/2016 दर्ज किया गया था। बता दें, वर्ष 2016 में ममता देवी की अगुवाई में मजदूरों के शोषण के विरुद्ध आंदोलन उग्र होने पर पुलिस फायरिंग हुई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी थी। इस मामले में ममता देवी के अलावा अन्य कई लोगों को भी सजा हुई है। इस मामले में विधायक ममता देवी को पांच साल की सजा सुनायी गयी है। रामगढ़ विधायक ममता देवी की सदस्यता 26 दिसंबर 2022 को रद्द करने की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अब छह महीने के भीतर झारखंड के रामगढ़ सीट पर उपचुनाव होगा।

### पहल : केंद्रीय मंत्री बोले, इससे छह लाख नौकरियां मिलेंगी

# नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। भारत ग्रीन हाइड्रोजन का ग्लोबल हब बनेगा। प्रतिवर्ष 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 2030 तक सालाना 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया





जायेगा। क्रेता-विक्रेताओं को एक छत के नीचे लाने के लिए हरित हाइड्रोजन केंद्र विकसित किया जायेगा। देश में इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण को लेकर पांच साल के लिए प्रोत्साहन दिया जायेगा।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि 60-100 गीगावाट की इलेक्ट्रोलाइजर क्षमता को तैयार किया जायेगा। इलेक्ट्रोलाइजर की मैन्यूफैक्चरिंग और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन पर 17,490 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। ग्रीन हाइड्रोजन के हब को विकसित करने के लिए 400 करोड़ का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए 19,744 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है। इस मिशन से आठ लाख करोड़ रुपये का सीधा निवेश होगा और 6 लाख नौकरियां इससे मिलेंगी। 50 मिलियन टन ग्रीन हाउस उत्सर्जन को कम किया जायेगा।

#### हिमाचल प्रदेश के लिए पावर प्रोजेक्ट को मंजूरी

**केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि 382 मेगावाट के सुन्नी बांध हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के लिए मंजूर किया गया है। 2,614 करोड़ रुपये की लागत इसमें आयेगी। ये सतलुज नदी पर बनेगा। ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया बनाने की बात इसलिए हो रही है, क्योंकि यह भविष्य का प्रमुख ईंधन माना जा रहा है। इसके तहत भारत ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया जैसे ईंधनों में आत्मनिर्भर बनना चाहता है।**

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 52,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# झारखंड में अचानक क्यों सक्रिय हो गये हैं राजनीतिक दल

## झामुमो की खतियानी जोहार यात्रा, कांग्रेस की हाथ जोड़ो यात्रा, तो भाजपा की चाइबासा में अमित शाह के नेतृत्व में महारैली की मंजिल एक ही है: झारखंड फतह

**15 नवंबर, 2000 को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के 28वें राज्य के रूप में राजनीतिक मानचित्र पर उभरा झारखंड अपनी स्थापना के 23वें वर्ष में बेहद रोमांचक दौर में प्रवेश कर गया है। खनिज संपदाओं और प्राकृतिक खूबसूरती से भरे-पूरे इस प्रदेश के लिए वर्ष 2023 का आगाज बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ है, लेकिन एक बात, जो सभी का ध्यान खींच रही है, वह यह है कि अचानक इस राज्य के राजनीतिक दल इतने सक्रिय क्यों हो गये हैं। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा पिछले दो महीने से अपने कार्यकारी अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन से खतियानी जोहार यात्रा करा रहा है, तो सत्ता में उसकी सहयोगी कांग्रेस भी अपने नेता राहुल गांधी की तीन महीने पुरानी भारत जोड़ो यात्रा का मिनी संस्करण यहां शुरू करने के साथ 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू करनेवाली है। इन दोनों दलों के बाद अब भाजपा भी मैदान में उतर गयी है। पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 7 जनवरी को चाईबासा के दौरे पर आ रहे हैं और उनकी यह यात्रा भी कमोबेश राजनीतिक ही रहनेवाली है। इन तीनों प्रमुख दलों की अचानक बढ़ी सक्रियता से यह साफ होने लगा है कि आनेवाला समय झारखंड के लिए बहुत रोमांचक और अहम होनेवाला है। गुजरे वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान झारखंड में जिस तरह की घटनाएं हुईं और कभी राजनीतिक प्रयोगशाला के रूप में चर्चित इस राज्य के बारे में तरह-तरह की बातें होने लगीं, ऐसा लगने लगा था कि यह राज्य एक बार फिर 2014 के पहले वाली स्थिति में पहुंच रहा है, लेकिन संयोग से ऐसा नहीं हुआ और अब 2023 में झारखंड में क्या कुछ हो सकता है, इसकी संभावनाएं टटोल रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राहुल सिंह

अपनी स्थापना के 23वें वर्ष में झारखंड एक अजीब से दोराहे पर खड़ा है। झारखंड में और यहां के सवा तीन करोड़ लोगों के साथ पिछले 22 वर्ष में क्या हुआ और क्या होना चाहिए था, इस पर कोई टिप्पणी किये बिना यह कहा जा सकता है कि झारखंड की स्थापना का 23वां वर्ष, यानी 2023 इसके लिए बेहद अहम होनेवाला है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिस दोराहे का जिक्र ऊपर किया गया है, उससे झारखंड निकल आयेगा। दरअसल झारखंड की यह दुविधा 2022 के उत्तरार्द्ध में घटित घटनाओं के कारण पैदा हुई। यह समय जिस सियासी सनसनी में पगे-सने रहे, वह बता रहा है कि अभी बहुत कुछ होना बाकी है। गुजरा वर्ष जहां रांची और दिल्ली के बीच के तल्ख रिश्तों में डूबता-उतराता रहा, उसका असर और उसकी धमक इस साल भी सुनाई देनी स्वाभाविक ही है। दिल्ली और रांची के रिश्ते वैसे तो उसी दिन से खराब हो गये थे, जब तीन वर्ष पहले झारखंड की सत्ता पर झामुमो के नेतृत्व वाले महागठबंधन का कब्जा हो गया था।

### राजनीतिक सक्रियता से हुआ 2023 का आगाज

ऐसे में यह जानना महत्वपूर्ण है कि झारखंड में अचानक राजनीतिक सक्रियता क्यों बढ़ गयी है, जबकि विधानसभा चुनाव में अभी डेढ़ साल से भी अधिक का समय है। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा, उसकी सहयोगी कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा झारखंड में बेहद सक्रिय नजर आने लगे हैं। यात्राओं का आयोजन हो रहा है और इन यात्राओं से जनता को साधने की कवायद शुरू हो गयी है। 29 दिसंबर को हेमंत सरकार के तीन साल पूरे हुए हैं। उस दिन सरकार ने अपनी उपलब्धियां गिनायीं, वहीं भाजपा विफलताओं की सूची लेकर हमलावर है। राजनीतिक नजरिये से देखने पर साफ लगने लगा है कि 2023 के साल में बहुत कुछ ऐसा होगा, जिसकी उम्मीद किसी ने नहीं की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी खतियानी जोहार यात्रा के तीसरे चरण में निकल चुके हैं। अपनी सरकार के तीन साल पूरे होने के मौके पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने जिस तरह की बातें कहीं, उनसे एक बात तो साफ हो गयी कि हेमंत सोरेन इतनी आसानी से हार माननेवालों में नहीं हैं। तमाम अवरोधों और विरोधों के बावजूद उन्होंने सरना धर्मकोड से लेकर 1932 के खतियान का मुद्दा और आरक्षण-नियोजन नीति पर फैसले किये हैं, उनसे उनके इरादों का पता चल गया है। अपनी खतियानी जोहार यात्रा के सहारे वह झामुमो की उस जमीन को मजबूत बनाने के साथ सुरक्षित भी बनाना चाहते हैं, जिसने उन्हें 2019 में सत्ता सौंपी थी। इसलिए झामुमो भी दिल्ली पर कोई भी हमला करने का अवसर हाथ से जाने नहीं दे रहा है। गठबंधन की सरकार चलाने के बावजूद हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के चुनावी वायदों पर कोई समझौता नहीं कर रहे हैं। उनकी इस यात्रा का एक उद्देश्य यह भी हो सकता है कि वह अकेले दम पर अपनी ताकत को तौलना चाहते हैं, हालांकि इस बात के कोई पुख्ता संकेत अब तक नहीं मिले हैं।

इसी तरह सत्ता में उनकी सहयोगी कांग्रेस अपना राजनीतिक वजूद बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। अपने नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मिनी संस्करण झारखंड में निकालने के बावजूद पार्टी अंदरूनी कलह से इस कदर परेशान है कि उसके लिए एक कदम भी आगे बढ़ाना मुश्किल हो रहा है। इसके बावजूद पार्टी ने 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करने का फैसला किया है, जो इसकी आखिरी राजनीतिक कोशिश हो सकती है। 2019 के विधानसभा चुनाव में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाली कांग्रेस के लिए 2024 करो या मरो जैसा होनेवाला है। आम चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव उसके लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे। ऐसे में इस तरह के अभियान से उसे कितनी मदद मिलेगी, यह देखनेवाली बात होगी।

**कोई यात्रा के जरिये, तो कोई महारैली से आगाज कर रहा**



अब एक नजर भाजपा की रणनीति पर। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने का क्रेडिट भले ही झामुमो के पास हो, अलग राज्य बनाने का श्रेय तो भाजपा के पास ही है। लेकिन 2000 से लेकर 2019 तक अधिकांश समय झारखंड की सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी वह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी, जिसकी वह हकदार हो सकती थी। इसे पार्टी के स्थानीय नेताओं की कमजोरी कहें या रणनीतिक खामियां, 2019 में भाजपा झारखंड की सत्ता से बाहर हो गयी। अपनी पुरानी खोयी हुई जमीन को वापस पाने के लिए पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इस लिहाज से 2023 का साल उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण होनेवाला है। पार्टी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान सत्तारूढ़ दल को हमेशा कठघरे में रखा, लेकिन इसका प्रभाव जमीन पर नजर नहीं आया। अब इस प्रभाव का आकलन करने का समय आ गया है। इसलिए भाजपा के दूसरे सबसे बड़े नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 7 जनवरी को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वह चाइबासा में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे और साथ ही एक रैली को भी संबोधित करेंगे। अमित शाह का यह दौरा राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील है, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा कोल्हान की एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं कर सकी थी। चाइबासा, जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां जिलों को मिला कर बनाये गये कोल्हान प्रमंडल में कभी नक्सलियों की तूती बोलती थी, तो लौह अयस्क की तस्करी के लिए यह इलाका कुख्यात था। अब अमित शाह अपनी यात्रा के माध्यम से इस इलाके को कितना साध पाते हैं, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। यहां एक और बात ध्यान देनेवाली है। झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। अब भाजपा उसी को हथियार बना रही है। झारखंड में कानून-व्यवस्था से लेकर बेरोजगारी तक भाजपा के हथियार बन चुके हैं। राज्य सरकार की कवायद के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर वह वादे से अभी बहुत दूर है। नौकरियों के सवाल पर भाजपा कहती है कि जनता बिचौलियों से परेशान है। इस झकझूमर में एक बात तय है कि इससे झारखंड में लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत हो रही हैं, लेकिन इन गतिविधियों से सवा तीन करोड़ लोगों का कितना भला हो रहा है, यह अभी देखना बाकी है।

---

### मिथुन राशि 2023 वार्षिक राशिफल

# जीवन में तरक्की और विकास के नये रास्ते बनेंगे

**नया साल 2023 का आगाज हो चुका है। नया साल 2023 सभी के लिए नयी उम्मीदें, नये सपने, नया लक्ष्य और चुनौतियों से रूबरू होने का साल होगा। नया साल 2023 सभी के जीवन में ढेर सारी उम्मीदें लेकर आने वाला वर्ष होगा। सभी यह सोचते हैं कि बीते साल जो हमारे काम अधूरे रह गये हैं, वे आने वाले नये साल में जरूर पूरे हों। नये साल पर करियर में एक नया मुकाम हासिल हो, जीवन में पैसे से संबंधित सभी तरह की बाधाएं आने वाले साल में न रहें और अपनों का प्यार नये साल में मिलता रहे ऐसी उम्मीदें रखते हैं। हम सभी लोगों के मन में आने वाले नये साल में नौकरी, बिजनेस, धन-दौलत, ऐशोआराम, शिक्षा, प्यार और सेहत कैसा रहेगा, इस बात को जानने की उत्सुकता हमेशा रहती है। इन सभी सवालों के जवाब को जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से वार्षिक राशिफल की मदद ली जाती है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा हमें बता रहे हैं कि सभी 12 राशियों के लिए नया वर्ष 2023 कैसा रहने वाला होगा**


ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा

इसवर्ष 2023 में कर्क राशिवालों में ऊर्जा और जोश के नये स्रोत का संचार होगा। ग्रहों की स्थिति से जीवन में तरक्की और विकास के नये रास्ते बनेंगे। आपमें कलात्मकता की ओर बना झुकाव अधिक स्पष्ट होगा। मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। इस वर्ष किसी महत्वपूर्ण योजना संपन्न होने की पूरी संभावना। आपकी राशि कर्क कालचक्र की चतुर्थी राशि है। यह राशि जल तत्व,तमोगुण, चर स्वभाव एवं चंद्र ग्रह से प्रभावित होती है। राशि का प्रतीक चिह्न केकड़ा मनोभाव की विस्तृत परिचायक है।

### कर्क राशि का ज्योतिषात्मक परिचय

कर्क राशि को राशि चक्र में 91 से 120 अंश तक का राशि क्षेत्र प्राप्त है। यह राशि पुनर्वसु का 1 चरण (ही), पुष्य नक्षत्र के 4 चरण (हू,हे,है,हो,डा), एवं आश्लेषा के 4 चरण (डी,डू,डे,डो) से मिलकर बनी है।

### आपका स्वभाव एवं व्यक्तित्व

**आप पुरुष हैं तो-**

आप अत्यधिक भावुक, संवेदनशील एवं परिवर्तनशील विचार वाले होते हैं। आप एक सच्चे मित्र हैं और सुख-दुःख में साथ देने वाला स्वभाव रखते हैं। आप में सार्वजनिक त्याग,सेवा एवं मानवता की भावना होती है। आपको मना करना नहीं आता, चाहे आप कार्य को कर सकते हों या नहीं.आप शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक श्रम को अधिक महत्व देते हैं।

**आप स्त्री हैं तो-**

आप भावुक, संवेदनशील, चतुर, विचारशील एवं आत्मप्रशंसक होती हैं। आपको छोटी-सी बात भी चुभती है और मन में तब तक उसको लेकर दुःखी रहती हैं जब तक बदला नहीं ले लेतीं। आप स्पष्टवादी, कल्पनाप्रिय, स्वच्छता एवं सौंदर्य को पसंद करती है। आप त्याग, सहानुभूति एवं ममता की मूर्ति होती है। आप पर क्रोध का ज्वार जितनी तीव्रता से आता है उतनी तीव्रता से उतर भी जाता है। **आपके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष:** आपका भाग्य 16 वर्ष की अवस्था में जाग्रत होगा। आपके लिए 22, 24, 25, 28, 33 वां वर्ष विशेष उन्नति कारक है।




इस वर्ष 2023 की निम्नलिखित समयावधियां आपके लिए सफलता एवं सुख-समृद्धि शुभसमाचार, धनलाभ तथा उन्नतिकारक रहेगा।

- 13 अप्रैल से 12 मई तक का समय
- 13 मई से 14 जून तक का समय
- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक का समय
- 15 दिसंबर से 13 जनवरी तक का समय

**करियर:** यह वर्ष 2023 शिक्षा की दृष्टि से विशेष उपलब्धिपूर्ण होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी.बेरोजगारों को अप्रैल-मई माह तक रोजी का साधन पा सकेंगे। जो लोग नौकरी से जुड़े हैं उनका ट्रांसफर हो सकता है। विभागीय परिवर्तन भी संभव है। परिश्रम-प्रयत्न से विदेश में भी नौकरी पाने का योग है। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए जनवरी-फरवरी और अक्टूबर के महीना विशेष फलदायी रहेगा। कोई नया कार्य क्षेत्र आपके द्वार पर दस्तक देगा।

### आपका प्रेम और वैवाहिक जीवन

कर्क राशि वाले जातकों के लिए 2023 प्रेम-प्रंसगों की दृष्टि से हलचल भरा रहेगा। रोमांस करने के अवसर बार-बार मिलेंगे। विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह अप्रैल-जून माह तक होने की प्रवल संभावना। इस वर्ष आपका वैवाहिक जीवन सामान्यतः अनुकूल रहेगा। प्रेम के मामले में आपको कोई भी बंधन स्वीकार नहीं है। आप प्रेम के मामले में अधिक भावुक हैं। प्रायः प्रेम के क्षेत्र में मनोबल की अल्पता के कारण हार जाते हैं। आपके लिए वृष, कन्या एवं मकर राशियां सहयोगी बन पड़ती है। मिथुन, तुला, कुंभ राशि से खूब निर्बाह होता है। वृश्चिक तथा मीन राशि वालों से सामान्य सम्बन्ध और मेष, सिंह एवं धनु राशियों से विरोध रहता है।

**फाइनेंस:** धन-संपत्ति की दृष्टकोण से यह वर्ष 2023 मिश्रित फलदायक रहेगा। जमीन-जायदाद संबंधी किसी समस्या का निराकरण फरवरी-अप्रैल माह तक आपके पक्ष में होगा। नये वाहन का सुख मिलेगा। पूंजी-निवेश करते समय पूरी सावधानी रखें। लेन-देन में पारदर्शी रखना होगा। नवं बर-दिसम्बर महीने में आय में बढ़ोत्तरी होगी।

**हेल्थ:** इस वर्ष 2023 में स्वास्थ्य ढुल-मुल रहेगा। सर्दी-जुकाम और मौसमी बीमारियां घेरे रहेंगे। परंतु किसी गंभीर शारीरिक समस्या नहीं होगी। जून महीने में वाहन की सवारी सावधानी से करें छोटी-मोटी चोट-चपेट लग सकते हैं। खान-पान का विशेष ध्यान रखें। सफलता के लिए ध्यान दें।

### एस्ट्रो टिप्स

आप व्यवहार कुशल बनिए, दूसरों की आलोचना न करें, दिखावा न करें, अति भावुकता से स्वयं को बचाकर रखें,तभी विशेष उन्नति कर सकेंगे। आर्थिक स्थिरता के लिए शुक्रवार सुबह स्नान के बाद देवी लक्ष्मी को 2 कमलगट्टे चढ़ायें। आपके लिए 1,5 अंक शुभ, 3, 6, 8, 9 अंक सामान्य एवं 4,7 अंक अशुभ फलकारी है। सोमवार एवं शुक्रवार व्रत एवं भगवान शिवजी की उपासना सदैव लाभकारी है।

**वास्तु टिप्स:** घर में धातु निर्मित हाथी का जोड़ा रखें। कर्मस्थल पर पाकुआ मिरर रखें। अपने बेडरूम तक जाने के गलियारे या रास्ते को हमेशा साफ और खुला रखें, यह आपके प्रेम संबंध की मधुरता बढ़ाने में सहायक होगा।

---

### झारखंड में 11 साल में लगभग 800 लोगों की मौत हाथियों के कारण हुई है

# आठ साल में 60 हाथियों की भी मौत हो चुकी है

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ।** लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र धाधु गांव में हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाया। यहां उमेश यादव के खलिहान में रखे तीन ट्रैक्टर धान को हाथी चट कर गये और सरस्वती मसोंमात के घर में रखे डेढ़ क्विंटल धान को नष्ट कर दिया। इतना ही नहीं, विजेंद्र भगत की छह डिसमिल जमीन में लगी गोभी, लहसुन और आलू की फसल को बर्बाद कर दिया। वहीं दोएकड़ में लगे बागवानी को भी रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलते ही धाधु पंचायत के मुखिया कुमारी भगवती और समाजसेवी रामबृक्ष उरांव गांव पहुंचे और ग्रामीणों को वन विभाग से उनके हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। वहीं धाधु पंचायत के मुखिया और ग्रामीणों ने लातेहार डीसी भोर सिंह यादव को ज्ञापन के माध्यम से हाथियों के झूंड को गांव से बाहर खदेड़ने, मुआवजा और पीएम आवास की मांग कर रहे हैं। बता दें कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र मे जंगली हांथियों के झुंड ने करिब 25 ग्रामीणों के घरो को ध्वस्त कर दिया है तथा सैकड़ो एकड़ में किसानों के खेतों मे लगाये गये धान, मक्का, सरसों, आलू की फसलों को खाने के साथ ही बर्बाद कर दिया है।

### एक सप्ताह के अंदर ग्रामीणों को हो क्षतिपूर्ति भुगतान: अनीता

उधर बालूमाथ, चंदवा क्षेत्र में जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घरों एवं फसलों की क्षति के संबंध में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी के द्वारा जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। 'उपाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि बालूमाथ एवं चंदवा के विभिन्न गांवों धाधु, चितरपुर, बलबल, नावाडीह पंचायत चकला के तिलैया, महुआटांड़, अरनिया टांड़, पडुवा, हरैया, तुरीसोत, अंबवाटांड़ आदि गांवों में विगत दो सप्ताह से जंगली हाथियों का बड़ा झुंड विचरण कर रहा है। यह झुंड संध्या और रात्रि में ग्रामीणों के खेतों में लगी फसलों और घरों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके कारण जहां एक ओर ग्रामीणों में काफी रोष और भय व्याप्त है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग के कर्मियों की उदासीनता साफ नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी मेरे द्वारा उपायुक्त से लिखित आग्रह किया गया था कि हाथियों को बालूमाथ, चंदवा क्षेत्र से हटा कर उनके अपने निवास स्थान बेतला की ओर ले जाने की व्यवस्था की जाये। यदि स्थानीय स्तर पर यह संभव नहीं है तो विशेषज्ञों की सलाह ली जानी चाहिए। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी से बातचीत के क्रम में अध्यक्ष के द्वारा यह आग्रह किया गया कि हाथियों क द्वारा की गयी क्षति का आकलन कर एक सप्ताह के अंदर क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाये।

### झारखंड में हाथियों से नुकसान के आंकड़े

झारखंड में हाथियों के कारण हर वर्ष ग्रामीणों को जान गंवानी पड़ती है। 2021 में सामने आयी एक रिपोर्ट के मुताबिक गत 11 साल में लगभग 800 लोगों की मौत हाथियों के कारण हुई है। पिछले आठ साल में विभिन्न कारणों से 60 हाथियों की भी मौत हो चुकी है।

---

# नेत्रहीन विद्यालय अजीडीह में बच्चों के बीच विधिक जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 4 जनवरी 2023 को विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से नेत्रहीन विद्यालय अजीडीह, गिरिडीह में नेत्रहीन बच्चों के बीच विधिक जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह सौरव कुमार गौतम के दिशा निर्देश पर रिटेनर अधिवक्ता गौरी शंकर सहाय एवं फ्रंट कार्यालय के पारा लीगल वालंटियर दिलीप कुमार ने विद्यालय में उपस्थित होकर नेत्रहीन बच्चों के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। रिटेनर अधिवक्ता गौरी शंकर सहाय के द्वारा सभी नेत्रहीन विद्यार्थियों को संविधान के द्वारा प्रदत अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान किया गया एवं कहा गया कि भारतीय संविधान में दिव्यांग जनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों विशेषकर नेत्रहीन लोगों के शिक्षा दीक्षा के लिए नेत्रहीन विद्यालय की स्थापना की गई है। यहां नेत्रहीन बच्चे ब्रेल लिपि में शिक्षा ग्रहण कर राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 °c | 10.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.31 बजे |



# 7 जनवरी से भाजपा प्रदेश प्रभारी झारखंड दौरे पर

## लातेहार, पलामू, गढ़वा और चतरा की सांगठनिक बैठकों में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी आगामी 7 जनवरी से झारखंड के चार जिलों में सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ वाजपेयी अपने सांगठनिक प्रवास के क्रम में वे अलग अलग जिलों के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिलों में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, नगर निकायों के महापौर, उप महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष, महामंत्री के साथ बैठक को संबोधित करेंगे।

बताया कि डॉ वाजपेयी मंडल कार्यसमिति, मंडल के सभी सात मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक के साथ मंडल में निवास करने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि डॉ वाजपेयी का प्रवास 7 जनवरी को लातेहार, 8 जनवरी को पलामू, 9 जनवरी को गढ़वा और 10 जनवरी को चतरा में निर्धारित है।

# मुख्यमंत्री को प्रधान सचिव ने दी नववर्ष की बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नववर्ष की हार्दिक बधाई दी।

# यूटीएस ऑफिस का ताला तोड़ कर 45 लाख रुपये के सामान की चोरी

### पीड़िता ने अरगोड़ा थाने में एफआइआर दर्ज करायी

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत यूटीएस होस पाइस प्राइवेट लिमिटेड (यूटीएस) के ऑफिस का ताला तोड़ कर बदमाश 45 लाख रुपये के सामान चोरी कर ले गये। अरगोड़ा थाने में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। बसुंधरा अपार्टमेंट में रहने वाली गायत्री तिवारी ने अरगोड़ा थाने में प्रकाश साहू और मनीषा टोप्पो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। गायत्री ने पुलिस को बताया कि उनके पति संजय कुमार तिवारी यूटीएस संचालित करते हैं। एक केस में पति पिछले एक साल से जेल में हैं। इस वजह से वह ऑफिस का किराया प्रकाश साहू को नहीं दे पा रही थीं। साथ ही संस्थान की निदेशक मनीषा टोप्पो ने दिसंबर 2021 में इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उसने दिसंबर 2021 में किराया के एकरारनामा को निरस्त कर दिया। प्रकाश और मनीष ने उनके कार्यालय का ताला तोड़कर 45 लाख रुपये के सामान गायब कर दिये। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | रुके हुए काम पूरे होंगे, भूमि-भवन संबंधी समस्याओं का समाधान, आर्थिक लाभ होगा। |
| वृष | भौतिक सुख-सुविधा, रचनात्मक कार्य में सफलता, उद्योग-धंधे में सफलता मिलेगी। |
| मिथुन | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, निर्माण कार्यों में प्रगति, सहयोगियों से अनुकूलता। |
| कर्क | संकल्पित काम पूरे होंगे, यात्रा सफल, आर्थिक लाभ, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| सिंह | नये-पुराने लोगों से संपर्क बढ़ेगा, सामाजिक प्रभाव का लाभ, रोजी-रोजगार बढ़ेगा। |
| कन्या | व्यर्थ की आंशका से मन अस्थिर रहेगा, सदभाव-विश्वास में कमी, अनावश्यक खर्च से परेशानी। |
| तुला | आरोग्य सुख, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति, आकस्मिक धन लाभ होने का योग है। |
| वृश्चिक | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार में उन्नति होगी। |
| धनु | श्रेष्ठजनों के सहयोग से बिगड़े कार्य बनेंगे, साहस-पराक्रम की वृद्धि, आय के स्रोत बढ़ेंगे। |
| मकर | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, संतान सुख, मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| कुंभ | स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, बनते-बनते काम बिगड़ सकता है, मानसिक अशांति होगी। |
| मीन | विविध उलझनों का सामना होगा, विरोधियों स्वजनों से कष्ट, व्यय की अधिकता रहेगी। |

# छह जनवरी से झारखंड के अधिवक्ता नहीं करेंगे न्यायिक कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के अधिवक्ता छह जनवरी से किसी भी तरह के न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। न्यायिक कार्यों से खुद को अलग रखने की बात उन्होंने अगली रणनीति तय होने तक की है। बुधवार को एक आपात बैठक झारखंड राज्य बार काउंसिल की हुई।

जहां तय किया गया कि झारखंड के अधिवक्ताओं के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। ऐसे में छह जनवरी से सभी अधिवक्ता खुद को न्यायिक कार्यों से अलग रखेंगे।

बैठक के बाद बताया गया कि

### कोर्ट फीस बढ़ोत्तरी, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं करने से अधिवक्ताओं में नाराजगी, आठ जनवरी की बैठक में तय करेंगे रणनीति

झारखंड में बेतहाशा कोर्ट फी में बढ़ोत्तरी, राज्य में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट नहीं लागू करने, बजट में अधिवक्ता कल्याण के लिए निधि आवंटन नहीं करने, लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक राज्य के बार एसोसिएशनों से नहीं बनाने को लेकर राज्य के अधिवक्ता अपने को न्यायिक कार्यों से अलग रहने का निर्णय लिया है।

बताया गया कि सात जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री आवास में होने वाली अधिवक्ताओं की बैठक से झारखंड राज्य बार काउंसिल का कोई संबंध नहीं है। इस बैठक में काउंसिल का कोई सदस्य भाग नहीं लेगा। इसके साथ ही तय हुआ है कि आठ जनवरी को पूरे राज्य के बार एसोएिशन के पदाधिकारियों की बैठक झारखंड राज्य बार काउंसिल में दिन के 11.30 बजे होगी। जिसमें आगे की रणनीति तय होगी। आज के बैठक की अध्यक्षता काउंसिल के चैयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने किया।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में झारखंड राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा, उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह, काउंसिल के सदस्य महेश तिवारी, अमर सिंह, राधेश्याम गोस्वामी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, बालेश्वर प्रसाद सिंह, ए. के रशीदी, संजय विद्रोही, परमेश्वर मंडल, हेमंत कुमार शिकरवार, रिंकु कुमारी भगत, अनिल कुमार महतो, धर्मेन्द्र नारायण, प्रयाग महतो, कुंदन प्रकाशन, अनिल कुमार महतो, राज कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम को हाइकोर्ट ने किया तलब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को सुबह हाइकोर्ट के पास जाम होने को हाइकोर्ट ने काफी गंभीरता से लिया। हाइकोर्ट ने ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम को तलब किया। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हाइकोर्ट के पास वन वे होने के कारण जाम की समस्या होने पर कड़ी नाराजगी जतायी। मौखिक कहा कि हाइकोर्ट के पास जाम की समस्या हुई जिससे जज, वकील इन सभी को कोर्ट पहुंचने में देरी हुई है। इस पर ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट बताया गया कि राजेंद्र चौक के पास फ्लाइओवर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है इसलिए ट्रैफिक की वन वे व्यवस्था की गयी है। लेकिन कुछ और मैनफोर्स लगाकर हाइकोर्ट के पास ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनायी जायेगी। ट्रैफिक एसपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया है कि जब तक फ्लाइओवर का निर्माण कार्य चल रहा है तब तक हाइकोर्ट के करीब कुछ अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को लगाकर ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक किया जायेगा। बता दें कि राजेंद्र चौक से मेकॉन चौक के बीच वन वे व्यवस्था के कारण हाइकोर्ट के नजदीक वाली सड़क से लोगों का आवागमन हो रहा है। जिसे लेकर हाइकोर्ट के पास बुधवार को सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक जाम देखा गया था। हालांकि ट्रैफिक एसपी को कोर्ट में तलब करने के बाद दोपहर 2 बजे के बाद से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो गयी थी।

# राज्य के 15 जिलों में बढ़ती ठंड को लेकर अलर्ट जारी



आजाद सिाही संवाददाता

**रांची।** रांची में शीतलहर चल रही है। आसमान में घना कोहरा छाया हुआ है। धुंध की वजह से दो दिनों से धूप नहीं दिखायी दे रही है। तापमान में आ रही लगातार गिरावट से ठंड बढ़ गयी है। इसको देखते हुए मौसम विभाग ने राज्य के छह .जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले दो दिनों तक इन जिलों में घने कोहरे छाये रहने का पूवार्नुमान है।

मौसम विभाग ने देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इन नौ जिलों में घना कोहरा और धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से 200 मीटर कम हो जायेगी। वहीं विभाग ने इन छह

### मौसम विभाग ने नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया

जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कोहरे या धुंध की वजह से 7 जनवरी तक 200 मीटर विजिबिलिटी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में 9 जनवरी तक सुबह में कोहरा या धुंध रहेगी। साथ ही 7 जनवरी तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। हालांकि 5 और 6 जनवरी को आसमान साफ रहेगा। इस दौरान तापमान न्यूनतम 9 डिग्री और अधिकतम 23 डिग्री के बीच रहेगा। बता दें कि रांची में कोहरे और वायुमंडल में 79 प्रतिशत की आर्द्रता के कारण विजिबिलिटी कम हो गयी है, जिसकी वजह से रांची से कई फ्लाइट्स उड़ान नहीं भर पायीं।

# आठ माह बाद जेल से निकलीं निलंबित आइएएस पूजा सिंघल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित निलंबित आइएएस पूजा सिंघल करीब आठ माह बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से बाहर निकलीं। उन्हें लेने उनके पति अभिषेक झा पहुंचे थे। उनके साथ वह कार में बैठ कर जेल से बाहर निकल गयीं।

इससे पहले इडी की अदालत ने पूजा सिंघल को रिहा करने का आदेश जारी किया था। इस दौरान पूजा सिंघल के अधिवक्ता ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार झारखंड छोड़ देंगी, लेकिन उन्हें कुछ समय दिया जाये।

संभवतः गुरुवार को वह रांची से बाहर जायेंगी। कोर्ट का आदेश जेल पहुंचा और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूजा सिंघल को जेल से रिहा कर दिया गया।

### बेटी के इलाज के लिए रहेंगी उसके साथ

मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को एक माह की अंतरिम जमानत दी है। अदालत ने यह शर्त लगायी है कि वह अपनी बेटी के इलाज के लिए उसके साथ रह सकती हैं। लेकिन वह रांची नहीं आयेंगी, जब तक उनके मामले में कोर्ट में सुनवाई ना हो। सुप्रीम कोर्ट का आदेश इडी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से इडी कोर्ट ने पूजा सिंघल को रिलीज करने का आदेश दिया।

### पूजा सिंघल पर है मनरेगा योजना में घोटाला करने का आरोप

बता दें कि खूंटी में उपायुक्त रहने के दौरान पूजा सिंघल पर मनरेगा योजना में घोटाला करने का आरोप है। इस मामले की जांच की जा रही है। इडी की छापेमारी में पूजा सिंघल के सहयोगी सीए सुमन कुमार के पास से कुल 19 करोड़ बरामद हुए थे। इसके बाद इडी ने पूजा सिंघल से पूछताछ की और बाद में उन्हें 11 मई 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा भी आरोपित हैं। इडी ने सभी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दिया है। अदालत में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई लंबित है। फिलहाल पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा जेल से बाहर हैं।

## माता-पिता के डीएनए से होगा मिलान

# रेबिका की हो सकती है बोरियो में मिली खोपड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोरियो/दुमका।** पुराना शिवालय पोखर के किनारे शनिवार को मिली महिला की खोपड़ी को जांच के लिए मंगलवार को पुलिस ने फूलो झानो मेडिकल कालेज दुमका भेजा है। पीजेएमसीएच दुमका में अस्पताल के तीन डॉक्टरों ने दंडाधिकारी चंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर डीएनए के लिए खोपड़ी का नमूना लिया। अब इस नमूने का रेबिका के माता-पिता के नमूने से मिलान किया जायेगा। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि यह खोपड़ी रेबिका पहाड़िया की है या नहीं।

### पोस्टमार्टम हाउस में रखी गयी खोपड़ी

दोपहर करीब 12 बजे बोरियो थाना के सहायक अवर निरीक्षक बीरबल यादव एक प्लास्टिक के बैग में खोपड़ी लेकर दुमका आये और पोस्टमार्टम हाउस में रख दिया। अस्पताल प्रबंधन ने डाक्टर सुनील कुमार, कुणाल कुमार और डॉक्टर गौतम को मिला कर मेडिकल बोर्ड का गठन किया। कार्यपालक पदाधिकारी चंद्रजीत यादव के आने के बाद डॉक्टरों ने थैले को खोल कर देखा और फिर कुछ हिस्से से डीएनए के लिए नमूना लिया। करीब आधे घंटे तक डॉक्टरों ने खोपड़ी की जांच की।

### खोपड़ी के सैंपल का रेबिका के माता-पिता के डीएनए से होगा मिला

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, खोपड़ी से जो नमूना लिया गया है, उसका रेबिका के माता-पिता के डीएनए के नमूने से मिलान किया जायेगा। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि खोपड़ी रेबिका की या नहीं।

### 16 दिसंबर को हुई थी रेबिका की हत्या

मालूम हो कि 16 दिसंबर को रेबिका पहाड़िया की हत्या गला दबा कर हत्या कर दी गयी थी। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव के पचास टुकड़े कर फेंक दिया गया था। पुलिस ने 18 टुकड़े बरामद किये थे। सिर और अन्य हिस्से नहीं मिल पाये थे। बोरियो थाने की पुलिस के अनुसार, तीन दिन पहले घर से करीब दो सौ मीटर दूर तालाब में मछली मार रहे कुछ युवकों को यह खोपड़ी मिली थी।

## एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा उर्फ सागर और पतिराम मांझी उर्फ अनल दा के दस्ते के हैं नक्सली

# आइजी कार्यालय में तीन महिला समेत आठ नक्सलियों ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाकपा माओवादी संगठन के एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा उर्फ सागर और पतिराम मांझी उर्फ अनल दा के दस्ते की तीन महिला नक्सलियों सहित आठ ने बुधवार को रांची के आइजी कार्यालय में पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष सरेंडर किया है। इस दौरान आइजी अभियान एवी होमकर, जोनल आइजी पंकज कंबोज, डीआइजी एसटीएफ अनुप बिरथरे, चाइबासा एसपी आशुतोष शेखर और सीआरपीएफ के अधिकारी मौजूद थे। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में जयराम बोदरा, सरिता उर्फ मुंगली सरदार, सोमवारी कुमारी, मारतम अंगरिया, तुंगीर पूर्ति, पातर कोड़ा, कुसनु सिरका और संजू पूर्ति शामिल हैं। इन सभी नक्सलियों के ऊपर चाइबासा जिले के अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हैं। जयराम बोदरा पर कुल 11 मामले दर्ज हैं, जबकि सरिता सरदार पर छह मामले दर्ज हैं। सोमवारी कुमारी पर दो, मारतम अंगरिया पर पांच, तुंगीर पूर्ति पर एक, पातर कोड़ा पर छह मामले दर्ज हैं। कुसनू सिरका और संजू पूर्ति पिछले तीन साल से नक्सल संगठन में सक्रिय थे। आइजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसका परिणाम सकारात्मक मिल रहा है। अब तक भाकपा माओवादी सहित अन्य प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के कई बड़े इनामी नक्सली कमांडरों से लेकर दस्ता सदस्य आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

## सम्मान, लालच और बहकावे में आकर पकड़ ली नक्सलवाद की राह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली जयराम बोदरा उर्फ जोरिया बोदरा ने कहा कि गांव के लोग संगठन के सदस्यों का बहुत सम्मान करते थे। इससे प्रभावित होकर वह वर्ष 2018 से संगठन से जुड़ गया। उसने कहा कि वह मूल रूप से पश्चिमी सिहंभूम सोनुआ थाना क्षेत्र के माईलपी गांव का रहने वाला है। वह नक्सली सुरजा सोय के माध्यम से सैलसोया पहाड़ पर संगठन से जुड़ा। जीवन कंडुलना और सुभाष ने उसे प्रशिक्षण दिया। वह कोल्हान, पोड़ाहाट एवं ट्राइजैक्शन क्षेत्र में भ्रमणशील रहता था। उसने दस्ते के सदस्यों के साथ लोटाबुरु पहाड़ पर संगठन के अपटन, रवि और गुलशन से हथियार का प्रशिक्षण लिया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात महाराज प्रमाणिक से हुई। महाराज ने बोदरा को आइइडी लगाना सिखाया।

### प्रलोभन ने बना दिया नक्सली

नक्सली सरिता उर्फ मुंगली सरदार सरायकेला-खरसांवा की रहने वाली है। वर्ष 2019 में गांव में भाकपा माओवादी के महाराजा प्रमाणिक दस्ते के लोग आये और संगठन में जुड़ने का प्रलोभन दिया। इससे प्रभावित होकर वह संगठन से जुड़ी। सोमवारी कुमारी रांची के तमाड़ की रहने वाली है। नक्सली सोमवारी भी प्रलोभन में पड़कर संगठन से जुड़ी। नक्सली तुंगीर पूर्ति पश्चिमी सिंहभूम टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातू का रहने वाला था। उसे भी प्रलोभन देकर संगठन में शामिल किया गया। पातर कोड पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातू का रहने वाला है। उसे भी प्रलोभन देकर संगठन से जोड़ा गया। वह वर्ष 2021 के मई में संगठन से जुड़ा। उसे गोविंद कोड़ा ने संगठन से जोड़ा।

### मारपीट की धमकी पर जुड़ा संगठन से

पश्चिमी सिंहभूम के नक्सली मारतम अंगरिया को संगठन में शामिल नहीं होने पर मारपीट की धमकी दी गयी। इसके बाद वह वर्ष 2019 में संगठन से जुड़ गया।

### रास्ता दिखाने के बहाने ले गये

नक्सली कुसनु सिरका ओड़िसा के थाना बड़बिल के बुलानी का रहने वाला है। वह वर्ष 2020 में बकरी चरा रहा था। इसी दौरान अनमोल के दस्ते ने रास्ता दिखाने के बहाने जबरन राजाबासा ले गया और दस्ता में शामिल कर लिया। इस दौरान प्रेम प्रसंग होने के बाद संजू पूर्ति उर्फ रौशन से शादी कर लिया। नक्सली संजू पूर्ति उर्फ रौशन पूर्ति पश्चिमी सिहंभूम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चिड़ियाबेला गांव की रहने वाली है। वर्ष 2019 अक्टूबर में नक्सली दोकोल उर्फ सागेन अंगरिया ने चावल पहुंचाने के बहाने जबरन उसे जंगल ले गया और दस्ता में शामिल कर लिया। वह कोल्हान क्षेत्र में दस्ता प्लाटून सदस्य के रूप में सक्रिय रही। इसी दौरान दस्ता के कार्तिक से प्रेम हो गया और उससे शादी कर ली।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ईएससी-एएमसी-ओटी-21-22, दिनांक 03.01.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/राँची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 25.01.2023 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** राँची रेलवे स्टेशन में 02 अदद स्वचालित सीढ़ियों (निर्माता-ऑटोमीटर एलायंस लि.) का 03 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 38,23,382.70; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 76,500; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.01.2023 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in**/निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-979)**







### हरमू मैदान में 12 जनवरी को एक शाम युवाओं के नाम

## प्रचार वाहन को किया गया रवाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 12 जनवरी को हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए बुधवार को हरमू मैदान से एक प्रचार वाहन को विधिवत रवाना किया गया। मौके पर हनुमान सेवा संस्थान के प्रमोद सारस्वत ने बताया कि हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में हर साल की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को युवा दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसके उपलक्ष्य में और स्वामी विवेकानंद की याद में हरमू मैदान, रांची में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। विगत 12 वर्षों से पंडित विजय शंकर मेहताजी के उद्बोधन से इस कार्यक्रम का प्रारंभ किया जाता रहा है। यह देश ही नहीं, विदेशों में भी अलग-अलग चैनलों के माध्यमों से प्रसारित होता है। इस साल फिर हरमू मैदान में 12 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन होगा। राज्य के सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में इष्ट मित्रों सहित सपरिवार शामिल होकर पुण्य अर्जित करें। यह रांची का सिंबॉलिक कार्यक्रम है। हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश भास्कर और सभी सम्मानित जन मिल कर रांची के इस कार्यक्रम का आयोजन कराते हैं। बुधवार एक प्रचार वाहन रथ को डॉ सूर्यमणि सिंह, संस्था के अध्यक्ष राकेश भास्कर, संरक्षक धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रथ विभिन्न मोहल्लों में जाकर कार्यक्रम की जानकारी देगा। इस अवसर पर संस्था के विमलेश सिंह, अजय सिंह, राज किशोर सिंह, वीरेंद्र नारायण, श्याम झा, रामचंद्र जयसवाल, अरुण झा पार्षद, इंद्रजीत यादव, डॉ विवेक शर्मा, विकास सिन्हा, ओम प्रकाश, रमेश सिंह, गिरीश कुमार सिंह, शंभू शरण, राज कुमार अग्रवाल, बसंत शर्मा, मनोज चौधरी, डूंगरमल अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### सम्मेद शिखर जी को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने पर देशभर में विरोध, झारखंड में हो रही राजनीति

# फरवरी 2019 में जारी गजट में पारसनाथ सम्मेद शिखर को भाजपा सरकार ने ही पर्यटन स्थल घोषित किया था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पारसनाथ सम्मेदजी शिखर को लेकर लगभग महीने भर से देशभर में आंदोलन और प्रदर्शन हो रहे हैं। सम्मेदजी शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने को लेकर जहां देशभर में विरोध हो रहे हैं, वहीं झारखंड में राजनीति हो रही है। मौजूदा सरकार भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार को इसके लिए दोषी मान रही है। राज्य सरकार इस विवाद पर क्या निर्णय लेगी, तो कुछ दिनों में सामने आयेगा, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह आश्वासन दिया है कि जैन समाज की आस्था को वह ठेस नहीं पहुंचने देंगे।

झारखंड के गिरिडीह स्थित सम्मेदजी शिखर पर विवाद न बढ़े, इसके एहतियातन पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने गिरिडीह उपायुक्त को पत्र लिख कर सम्मेद शिखर की पवित्रता बनाये रखने का निर्देश दिया है। बता दें कि 2 अगस्त 2019 को झारखंड की

> **झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा को घेरा था**
>
> **अमर बाउरी अब कह रहे हैं भूलवश इस पर ध्यान नहीं दिया गया होगा, हेमंत सरकार सुधार ले**

तत्कालीन भाजपा सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा झारखंड में गिरिडीह जिले के मधुबन में स्थित सर्वोच्च जैन शास्वत तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी पारसनाथ पर्वतराज को वन्य जीव अभ्यारण्य का एक भाग घोषित कर इको सेंसिटिव जोन के अंतर्गत पर्यावरण पर्यटन व अन्य गैर धार्मिक गतिविधियों की अनुमति देने वाली अधिसूचना क्र. 2795 (ई) बिना जैन समाज से आपत्ति या सुझाव लिये जारी की थी। 17 मार्च 2022 को जैन समाज ने केंद्रीय वन मंत्रालय और झारखंड सरकार को इस अधिसूचना को रद्द करने की मांग की। सरकार द्वारा




कोई कार्रवाई नहीं करने पर विश्व जैन संगठन ने 26 मार्च, 6 जून और 2 अगस्त 2022 को देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया।

24 मार्च 2022 को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने भी झारखंड सरकार को इस मामले में कार्रवाई के लिए पत्र लिखा लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस पूरे प्रकरण पर झारखंड में भी सियासत उफान पर है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सम्मेद शिखर विवाद पर भाजपा को दोषी बताया। कहा कि केंद्र सरकार इस गजट को रद्द कर दे। वहीं तत्कालीन पर्यटन मंत्री अमर बाउरी से जब आजाद सिपाही ने तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा जारी गजट के बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि 26 फरवरी 2019 के गजट में उस समय भूलवश उक्त पत्र का संज्ञान नहीं लिया गया होगा। ऐसे में अगर भूल हुई है, तो हेमंत सरकार उसमें सुधार करे। इस विवाद पर निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर कहा कि निर्णय कब हुआ, किसने किया इसे ओझल कर सम्मेद शिखरजी जी को पर्यटन स्थल घोषित करने वाली अधिसूचना वापस करें। पार्श्वनाथ क्षेत्र को तीर्थस्थल घोषित करें। आगे उन्होंने लिखा है कि बीती ताहि बिसारिये और जब हुई भूल तब हुई भूल के परिप्रेक्ष्य में पूर्व निर्णय सुधारें, नये सिरे से नीतिगत निर्णय लें।

### जेपीएससी: 7वीं से 10वीं

## सिविल सेवा परीक्षा का कटऑफ मार्क्स जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने सातवीं से दसवीं सिविल सेवा परीक्षा का कट ऑफ मार्क्स जारी कर दिया है। झारखंड हाइकोर्ट के दिए निर्देश के बाद आयोग ने कटऑफ मार्क्स जारी किया है।

बता दें, 15 दिन पहले हाइकोर्ट ने जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के कट ऑफ मार्क्स जारी करने

> **हाइकोर्ट के निर्देश पर आयोग ने जारी किया है कट ऑफ मार्क्स**

को लेकर आदेश दिया था। कोर्ट ने जेपीएससी को कहा था कि तीन हफ्ते के भीतर वेबसाइट पर कट ऑफ मार्क्स जारी करें। जारी कट ऑफ मार्क्स को अभ्यर्थी आयोग की https://www.jpsc.gov.in/ पर देख सकते हैं।

## सीएमपीडीआइ को अन्वेषण कार्य में पेटेंट की प्राप्ति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड, एक मिनी रत्न (श्रेणी-1) कंपनी और कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने धूल के उत्पादन और उड़ने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए एक प्रणाली विकसित करने के अपने अभिनव कार्य के लिए पेटेंट हासिल किया है। यह पेटेंट 30 दिसंबर, 2022 को द पेटेंट ऑफिस, इंटेलेक्यूल्स पॉपर्टी इंडिया, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार और निदेशक तकनीकी, इंजीनियरिंग सेवाएं शंकर नागाचारी ने संस्थान की पर्यावरण टीम की सराहना की। कुमार ने कहा कि पेटेंट प्राप्त करने से हमारे संगठन की तकनीकी कौशल और नवाचार की दिशा में उसके प्रयासों को दर्शाता है। यह पेटेंट सीएमपीडीआइ को अधिकार प्रदान करता है कि वह दूसरों को हमारी अनुमति के बिना हमारे आविष्कार की नकल, निर्माण, बिक्री या आयात करने से निषेध करता है, जिससे सीएमपीडीआइ को व्यावसायिक लाभ प्राप्त होगा।

## पासवा ने स्कूलों के बंद करने के निर्णय का स्वागत किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के द्वारा कक्षा एक से कक्षा 5 तक के सभी विद्यालयों को बंद करने के निर्णय का स्वागत किया है। आलोक दुबे ने कहा बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से झारखंड सरकार द्वारा लिया गया निर्णय स्वागतयोग्य है, पासवा सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है। उन्होंने राज्य में संचालित 47000 से अधिक निजी विद्यालयों के संचालकों व प्रिंसिपल से आग्रह किया है कि ऑनलाइन कक्षाएं ले सकते हैं ताकि घरों में भी बच्चे पठन-पाठन जारी रख सकें। उन्होंने कहा 8 जनवरी के बाद ठंड एवं शीतलहर की स्थितियों को देखते हुए पासवा फिर सरकार से चर्चा करेगी।

### सांसद ने पारसनाथ पर्वत को धार्मिक स्थल घोषित करने की मांग की

## सांसद ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने केंद्र सरकार से पारसनाथ पर्वत (सम्मेद शिखरजी) को धार्मिक स्थल घोषित करने की मांग की है। उन्होंने इसको लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है। सांसद ने पत्र में मधुबन क्षेत्र को अन्य धार्मिक नगरों जैसे काशी-विश्वनाथ, अयोध्या, मथुरा और वैष्णो देवी आदि की तरह पांच किलोमीटर के घेरे को शराब, मांस और नशा से मुक्त क्षेत्र घोषित करने के साथ-साथ संपूर्ण तीर्थराज पर्वत को ही पवित्र एवं जैन आस्था का क्षेत्र घोषित करने



एवं इको टूरिज्म जोन के स्थान पर पवित्रतम शिखर जी को धार्मिक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जैन धार्मिक परंपरा और रीति रिवाज के अनुसार ही पर्वतराज पर दर्शन, पूजन एवं भ्रमण की व्यवस्था हो। सभी तरह की प्रबंधन समितियों में जैन समुदाय का प्रतिनिधित्व हो। उन्होंने देश-विदेश के जैन समाज की भावनाओं और संवेदनाओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्र की 02 अगस्त, 2019 की उस अधिसूचना का जिक्र किया है, जिसमें मधुबन में पारसनाथ पहाड़ को वन्य जीव अभ्यारण्य का एक भाग घोषित कर पारसनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एवं उसकी तलहटी को इको सेंसेटिव जोन घोषित कर दिया गया। उनके अनुसार, इस निर्देश में जैन समुदाय से कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। न ही राष्ट्रीय और स्थानीय अखबारों में इसका गजट प्रकाशन किया गया। उन्होंने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पहाड़ जैन धर्म के वर्तमान 20 तीर्थंकर भगवानों की मोक्ष स्थली है। इस पहाड़ पर जैन समाज के अनुयायी पवित्रता का पालन करते हुए नंगे पांव, शुद्ध वस्त्र पहन कर, वर्ष में अनेक बार 27 किलोमीटर पैदल चल कर पूरे पारसनाथ पहाड़ की वंदना करते हैं। साथ ही पूरे पहाड़ की तलहटी में 58 किलोमीटर परिक्रमा भी करते हैं। इस लिहाज से पारसनाथ की पवित्रता को बनाये रखने की जरूरत है। सांसद ने विश्वास जताया है कि केंद्र सरकार उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

## जेएमएम ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सर्दी का सितम जारी है। इस कड़ाके की ठंड में बच्चे और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी होती। इधर, ठंड को देखत हुए 4 जनवरी बुधवार को जेएमएम ने बड़गाई पाहन टोली वार्ड 4 और 5 में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान अंतु तिर्की ने कहा जरूरतमंदों को मदद करने के बाद उनसे जो आशीर्वाद प्राप्त होता है, उससे मन को बड़ा सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतु तिर्की, नवनीत कुमार, बन्नू पाहन, मनोज पाहन, रवि पाहन, मखन पाहन, रमेश तिर्की, अशोक लोहरा, राजा सिंह, सागर, विशाल, सिद्धांत, नीरज, अजय, अनिल,गौतम सहित अन्य मौजूद थे।

# इंश्योरेंस की रकम दिलाने के नाम पर 71 साल की बुजुर्ग महिला से 34.53 लाख रुपये की ठगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में साइबर अपराधी लगातार ठगी के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। इस बार इंश्योरेंस की राशि दिलाने के नाम पर एक 71 साल की बुजुर्ग महिला से 34.53 लाख रुपये की ठगी हुई है। इस संबंध में डुमरदगा बूटी निवासी आयेशा कुमार ने ठगी की प्राथमिकी साइबर थाना रांची में दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार उनकी एक लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी एचडीएफसी की थी। जिसकी मैच्योरिटी 18 फरवरी 2022 को होनी थी। लेकिन पॉलिसी की पूरी रकम आयेशा ने

> **पहले रजिस्ट्रेशन के नाम पर, फिर एनओसी, प्रोसेसिंग चार्ज, जीएसटी व स्टांप के नाम पर ठगे पैसे, साइबर थाना में बूटी निवासी आयेशा ने दर्ज करायी है प्राथमिकी**

ससमय जमा नहीं किया, इसलिए पॉलिसी मैच्योर नहीं हो सका। आयेशा इस पॉलिसी को भूल चुकी थी। अचानक एक दिन उनके पास एक फोन कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह जीबीआइसी (बीमा परिषद का सरकारी निकाय) से बोल रहा है। उसने अपना नाम मानव त्रिवेदी बताया। फिर आयेशा को उसने कहा कि आप अपनी पॉलिसी की प्रीमियम राशि क्यों नहीं पूरा देकर मैच्योरिटी की पूरी राशि ले लेतीं। आयेशा ने कहा कि वह प्रीमियम की राशि नहीं दे सकतीं, क्योंकि अब वह असमर्थ है। उसने यह भी कहा कि आपके पैसे खाते में भेज दिये जायेंगे। मानव त्रिवेदी ने उन्हें यह कह झांसे में ले लिया कि सरकार आपके पैसा क्यों खायेगी। क्योंकि जीबीआइसी में बीमा विवादों का निपटारा होता है और यह सरकारी इकाई है। कॉल करने वाले ने एक कंपलेन लॉज कर पूरा डिटेल्स आयेशा को भेजा। इसके बाद

> **ब्याज पर कर्ज लेकर आयेशा ने ठगों को दिये पैसे**
>
> आयेशा ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वे ठगों के झांसे में ऐसे आ गयीं की उन्होंने पैसे देने के लिए ब्याज पर कर्ज लिये। जिनके विरुद्ध उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करायी है उनमें मानव त्रिवेदी, गुलाब सिंह, अय्यर, एसएन सिंह नाम के व्यक्ति शामिल हैं। इन लोगों के कई मोबाइल नंबरों को भी आयेशा कुमार ने दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है। साइबर थाना रांची की पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

कंपलेन के नाम पर उसने रजिस्ट्रेशन फी 23,700 रुपये की मांग की। जब आयेशा ने पैसे भेज दिये तो, उनसे अलग अलग काम के नाम पर पैसे लेने का सिलसिला शुरू हो गया। उनसे किसी ने इस पॉलिसी के पैसे दिलाने के लिए कभी एनओसी के नाम पर तो कभी प्रोसेसिंग चार्ज, जीएसटी और स्टांप के नाम पर पैसे लिये गये। आयेशा ने मानव त्रिवेदी और उसके बताये गये लोगो को कैश 16 लाख 07 हजार 90 रुपये और चेक के माध्यम से कुल 18 लाख 46 हजार 695 रुपये कुल 34 लाख 53 हजार 785 रुपये दे दिये।

## टीएसपीसी कमांडर अभय को हाइकोर्ट से जमानत

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में बुधवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर अभय जी उर्फ अभय यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने उसे 25-25 हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। बता दें कि झारखंड के पलामू जिले के प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर नक्सली अभय ने इसी वर्ष पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। उस पर पलामू समेत झारखंड के अन्य ज़िलों में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

### श्री जीण माता जी का वार्षिकोत्सव 7 से 8 जनवरी तक मनाया जायेगा

# 751 महिलाएं करेंगी मंगलपाठ, चढ़ायी जायेगी 181 फीट की चुनरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** दुर्गा स्वरूपिणी आदि शक्ति श्री जीण माता जी का 13वां वार्षिकोत्सव मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में 7 और 8 जनवरी 2023 को मनाया जायेगा। उक्त बातें बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी 2022 को विशाल शोभायात्रा 351 निशानों के साथ लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर बंशीधर अडोकिया लेन, बड़ा लाल स्ट्रीट, जैन मंदिर, शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, बाबूलाल प्रेम कुमार, चुरूवाला गली, कार्ट सराय रोड, गाड़ी खाना चौक, हरमू रोड होते हुए मारवाड़ी भवन पहुंचेगी। 8 जनवरी 2023 को मुख्य यजमान विजय पालीडीवाल सप्तनिक प्रात गणेश पूजन, माता का अभिषेक के साथ ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ करेंगे। दोपहर को 751 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक मंगल पाठ होगा। मंगल पाठ का वाचन आनंद पाराशर, जीण धाम पुजारी एवं अनुश्री शर्मा करेंगी। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माता चौसठ योगिनी की जीवत झांकी होगी। कार्यक्रम के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनरी महोत्सव, गजरा महोत्सव, छप्पन भोग एवं निशान महोत्सव होगा। कुशल कारीगरों द्वारा 181 फीट की चुनरी का निर्माण किया जा रहा है जो माता को चढ़ायी जायेगी। रात्रि में महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर बजरंग लाल सोमानी, सुभाष अग्रवाल, प्रदीप सिंघानिया, शिव शर्मा, राजू मित्तल, रमेश जी सोमानी, प्रदीप कुमार पटवारी समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन आरयू में दो दिवसीय कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 6 और 7 जनवरी को स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, आरयू में मोबाइल डाक्यूमेंट्री मेकिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक न्यूज पैकेजिंग विषय पर दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इसमें मुंबई के के इएस श्राफ कालेज के चर्चित डाक्यूमेंट्री फिल्म मेकर और प्राध्यापक आशीष रिचार्या एक्पर्ट हैं। स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा ने कहा कि मोरहाबादी परिसर स्थित स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के सभागार में आयोजित यह दो दिवसीय वर्कशॉप पत्रकारिता, न्यू मीडिया, फिल्म और डाक्यूमेंट्री निर्माण में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए बहुत ही लाभप्रद है। दोनों दिन वर्कशॉप 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति आरयू होंगे । एक्सपर्ट आशीष रिचार्या इलेक्ट्रॉनिक न्यूज पैकेजिंग और मोबाइल डाक्यूमेंट्री फिल्म मेकिंग की बारीकियों के बारे में बतायेंगे।

## उपायुक्त ने किया बेड़ो प्रखंड के विकासशील योजनाओं का औचक निरीक्षण

# सहकारी समिति के सदस्यों से अच्छे ढंग से मछली पालन करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बुधवार को बेड़ो प्रखंड का औचक दौरा व निरीक्षण किया। सबसे पहले उपायुक्त ने जिला परिषद मद से बन रहे तीन तल्ले वाले बेड़ो बाजार में मार्केट कंपलेक्स का निरीक्षण किया। जिसकी लागत राशि 1.33 करोड़ है। इसके बाद उपायुक्त करांजी डैम पहुंचे। जहां उन्होंने मत्स्य जीवी द्वारा मछली पालन के संबंध में जानकारी लिया। साथ ही सहकारी समिति के अध्यक्ष डेविड तिर्की से वहां चलाए जा रहे मछली पालन की जानकारी ली। डेबिड तिर्की द्वारा बताया गया कि यहां पर 26 सदस्यों का सहयोग समिति है। जिसमें 26 बैटरी है और 50 केज हैं। यहां पर पंगास एवं मोनोस्ट्रेलिया वैरायटी के मछली पालन की जा रही है। यह सहकारी समिति 2016-17 से स्थापित है। उपायुक्त ने सहकारी समिति के सदस्यों से अच्छे ढंग से मछली पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि बार-बार सब्सिडी नहीं मिलता है। एक बार सब्सिडी मिलता है। उसी से काम करके एवं बचत राशि करके इस व्यवसाय को आप वृद्धि करेंगे। सहयोग समिति के द्वारा आग्रह किया गया कि बरसात में फीड रखने के लिए फीड शेड का निर्माण करा दिया जाये। इसके बाद उपायुक्त ने बेड़ो प्रखंड का बहुचर्चित मनरेगा पार्क ग्राम ईटा का अवलोकन किया। विदित हो कि ग्राम ईंटा में मनरेगा पार्क बनाया गया है। जहां पर 29 एकड़ में आम का बागवानी लगायी गयी है। इस मनरेगा पार्क में टीसीबी, फील्ड कमबोण्ड, डोभा, सिचाई कूप नाडेप आदि का क्रमवार निर्माण किया गया। साथ ही यहां पर 34 लाभुकों के 29 एकड़ में आम का बागवानी फैला हुआ है। जहां वर्तमान में कृषक आम के बागवानी के साथ-साथ मिक्स क्रापिंग के रूप में गेहूं, मटर एवं सरसों की खेती कर रहे हैं। उपायुक्त ने इस तरह के मिक्स कृषि को देखकर ग्रामीणों को बेहतरीन रूप से इसे लोकप्रिय करने का निर्देश दिया।

### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया

**उपायुक्त ने ईंटा ग्राम में नवनिर्मित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। यह 6.63 लाख की लागत से बना है। जिसमें मनरेगा द्वारा 4.63 लाख और समाज कल्याण विभाग द्वारा दो लाख लागत की राशि दी गई है। साथ ही इसमें पानी एवं पेंटिंग का काम 15वें वित्त से किया गया है। इस आंगन बाड़ी केंद्र में वर्तमान में 25 बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उपायुक्त ने उनके खानपान की जांच की। साथ ही इसमें कम से कम 40 बच्चों का नामांकन कराने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त ने लमकाना गांव के समान बन रहे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। यह विद्यालय 17.96 करोड़ की लागत से 450 बच्चों के लिए विद्यालय बनाया जा रहा है।**

## सुरेंद्रनाथ सक्सेना की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री साहित्य कुंज रांची के तत्वावधान में कविवर सुरेंद्र नाथ सक्सेना की स्मृति में काव्य संध्या आयोजित की गयी। कविवर सुरेंद्र के नौजर कटरा, दीवान मुहल्ला, पटना सिटी स्थित जन्म स्थान पर आयोजित इस काव्य संध्या की अध्यक्षता देश के जाने-माने गजलकार प्रेम किरण ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य गीत के रचयिता कविवर सत्यनारायण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन कमलनयन श्रीवास्तव ने किया और मंच संचालन कवि पीयूष कांति ने किया। साहित्य कुंज, रांची की संस्थापिका मनीषा सहाय सुमन ने स्वागत भाषण से सभी सम्मानित कवि-कवयित्रियों का स्वागत किया।

## सीसीएल के पूर्व महाप्रबंधक ने अपने माता-पिता की मूर्ति स्थापित की



**रांची (आजाद सिपाही)।** स्व. प्रो (डॉ) नागेश्वर पांडेय, सेवानिवृत विश्वविद्यालय प्राचार्य समस्तीपुर कालेज, समस्तीपुर की पुण्यतिथि पर उनकी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व इंदिरा देवी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका, मअर महिला उच्च विद्यालय, दरभंगा की प्रतिमा के अनावरण उनके जन्म स्थल -ग्राम रेबाड़ी , जिला समस्तीपुर, बिहार में किया गया। उनकी पुण्य तिथि 23 दिसबर, 2023 को थी। सीसीएल के पूर्व महाप्रबंधक (प्रशासन) विमलेंदु कुमार ने माता-पिता के बारे में बताते हुए कहा कि स्व. (प्रो) पांडेय द्वारा लिखित किताब दृढ़ संकल्प - एक आत्मकथा का विमोचन भी किया गया। स्व. (प्रो) पांडेय एक स्वनिर्मित, दूरदर्शी, उदार, सरल, स्वतंत्रता सेनानी, कर्मयोगी, शिक्षाविद एवं पर्यावरणविद व्यक्ति थे। विमलेंदु कुमार ने बाद में एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्य किया। इस अवसर पर उनके पूरे परिवार के अलावा प्रो डॉ रामनारायण राय, प्रो डॉ अरविंद चौधरी, शिव नारायण सिंह, डॉ नरेश कुमार विकल, डॉ एस चौधरी, चून्नु मिश्रा, उपेंद्र राय एवं समस्तीपुर जिला के हजारों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 24 वर्ष पहले फर्जी सर्टिफिकेट देकर हुआ था बहाल, जांच के बाद खुलासा, मामला दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** 24 वर्ष पहले फर्जी सर्टिफिकेट देकर आरपीएफ में बहाल होने वाले एक एएसआइ को विभाग की ओर से बर्खास्त कर दिया गया। बर्खास्त किये गये एएसआइ के खिलाफ आरपीएफ बानो थाना के इंस्पेक्टर विजय पांडेय ने मंगलवार को चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। आरोपी एएसआइ का नाम इमरान खान है और वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। दर्ज प्राथमिकी में इंस्पेक्टर विजय पांडे ने बताया है कि वर्ष 1998-1999 में चुटिया थाना क्षेत्र की स्थिति स्टेशन के समीप ग्राउंड में आरपीएफ जवानों की रैली भर्ती हुई थी। रैली भर्ती में आरोपी जवान इमरान खान फर्जी सर्टिफिकेट देकर नौकरी प्राप्त किया था। इमरान खान के ज्वाइन करने के बाद विभाग को उसके फजीर्वाड़े की जानकारी मिली थी जिसके बाद जांच शुरू की गई थी। जांच में यह बात सत्य पाया गया कि इमरान खान ने नौकरी लेने के लिए फर्जी सर्टिफिकेट जमा किया था। हालांकि इस दौरान इमरान खान का प्रमोशन एएसआइ में हो गया। फजीर्वाड़े की जांच पूरी होने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया है। चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पर यह सवाल भी उठने लगा है कि 24 वर्षों तक कौन सी जांच चल रही थी। आखिर इतना लंबा समय जांच में लगने के बाद अब क्या होगा?

## डॉ जेबी पांडेय का जन्म दिन मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डा जेबी पांडेय विजिटिंग प्रोफेसर, हिंदी विभाग, उड़ीसा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट का 68 वां जन्म दिन सादे से मनाचया गया और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डा चक्र धर त्रिपाठी ने डा पांडेय के सक्रिय लंबी आयु की कामना की और कहा कि विजिटिंग प्रोफेसर के रुप में उनके योगदान से विश्वविद्यालय सबल और गौरवांवित हुआ है। उन्होंने पुष्प गुच्छ और गीता की प्रति भेटकर डा पांडेय का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापक डा. संजीत कुमार दास, डा. मयूरी मिश्रा, डा सौम्य रंजन दास, डा रानी सिंह, डा ढूलमणि तालूकदार, प्रदीप सांमत राय,डा बीएन प्रधान (पुस्तकालयाध्यक्ष), डा वीरेंद्र कुमार सांरगी, डा विनय त्रिपाठी, डा विनीता त्रिपाठी आदि मौजूद रहे और अपनी शुभकामनाएं दी।डा पाण्डेय ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत की भारती हिंदी का सम्मान है। मै हिंदी का एक सेवक हूं और जीवन पर्यंत हिंदी की सेवा करता रहूंगा।

## विश्व कप हॉकी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आगामी हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारियां जोरों पर हैं। विश्व कप हॉकी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। अगर आप 7377770070 नंबर पर मैसेज करने पर आपको सारी जानकारी पता चल जायेगी। लोग इस व्हाट्सअप नंबर पर सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस के जरिए टिकट, ट्रैफिक, पार्किंग, स्कोर, स्टेडियम लेआउट जान सकते हैं। राज्य में हॉकी विश्व कप जनवरी 13 से 29 तारीख तक चलेगा।

## रांची में खुला जापान का मिनीसो स्टोर



**रांची (आजाद सिपाही)।** जापान की प्रसिद्ध रिटेल कंपनी मिनीसो के नये स्टोर का शुभारंभ बुधवार को प्लाजा सिनेमा के सामने भगत हाइट्स में हुआ। इस स्टोर का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने किया। मौके पर विस अध्यक्ष ने कहा कि इस स्टोर से ग्राहकों को उनकी जरूरत की उत्पाद उपलब्ध कराये गये हैं। अब रांची वासियों को इस स्टोर से उनकी जरूरत के उत्पाद मिलेंगे। स्टोर संचालक स्वप्निल सौरभ एवं गीत गौरव ने बताया कि मिनीसो स्टोर में खासतौर से युवा वर्ग को आकर्षित करने वाले गिफ्ट के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों की विभिन्न सामग्री उपलब्ध है। जैसे रसोई, स्वास्थ्य और सौंदर्य, खिलौने, खाद्य और पेय, स्टेशनरी, घरेलू सामान, उपहार और सजावट, रेडी टू वियर आदि की पूरी रेंज उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि मिनीसो ब्रांड देश कई बड़े शहरों में काफी प्रचलित है और इसकी बढ़ती मांग और उच्चतम क्वालिटी के प्रोडक्ट को देखते हुए रांची में भी दित्य इंटरप्राइजेज द्वारा लांच किया गया है। उन्होंने बताया कि रांची भी अब बड़े शहरों में शामिल है एवं युवा वर्ग और स्टूडेंट बड़ी संख्या में यहां प्रवास करते है। स्टोर उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के अल्ट्रा मॉडर्न प्रोडक्ट्स उपलब्ध किफायती दरों में है। यहां रोजमर्रा की जरूरतों के साथ-साथ कॉर्पोरेट गिफ्टिंग की भी रेंज उपलब्ध है। मौके पर वृंदावन राय, पूनम राय, सुरेंद्र कुमार राय, शशि भूषण राय, ईश्वर आनंद, प्रशांत गौरव, सीमांत राय, रेणू राय, मंजू राय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज की हनुमंत कथा रहस्यम पाठ में डुबकी लगाये श्रद्धालु



**रांची (आजाद सिपाही)।** सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज द्वारा नंदन पैलेस हटिया रांची में आयोजित हनुमंत कथा रहस्यम् पाठ का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन बुधवार को सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज की चौपाई की गूंज और श्री राधा कृष्ण की वंदना श्रद्धालुओं के मन को तृप्त और आनंदमय कर रही थी। सबके भीतर श्रीराम है। इस वाणी की गूंज से नंदन पैलेस आनंदमय हो गया। सदगुरु महाराज ने कहा हनुमान जी का भी जुड़ाव झारखंड की धरती से है। यह भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। बीज बोने के पहले भूमि का उत्तम होना जरूरी है। विज्ञान प्रकाष्ठा पर है। आयु के इतने दिन नहीं जितना वास्तु का अविष्कार हो रहा। मनुष्य का जीवन दुर्लभ है। शरीर कब छोड़ जाएगा पता नहीं चलता जीवन आनंदित भाव से जीना चाहिए। बड़े-बड़े लोग हनुमान चालीसा से मैनेजमेंट सीखते हैं गुरुदेव ने कहा तन का ब्यूटी पार्लर बहुत है। सुंदरकांड मन का ब्यूटी पार्लर है और यह मेरे द्वारा लिखी गई एक किताब है। मन के ऊपर काम करने की जरूरत है। मन स्वस्थ है तो जीवन मस्त है। हमें हमारे क्षेत्रीय भाषा से प्रेम करना चाहिए तभी विकास हो पाएगा। गुरुदेव ने यह भी कहा कि गुरुकुल संस्कृति अपनाएं सनातन बोर्ड बने नहीं तो हमेशा अंतिम में रहेंगे। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने द्वितीय दिन की कथा शुरू होने के पूर्व आरती की और सद्गुरु की आशीर्वाद लिया। पाठ में यदुनाथ पांडेय, अनिल ठाकुर और सीपी सिंह शामिल थे।

### 130वें जन्मदिन पर विशेष

## अपरिमेय मूल्य के एक दुर्लभ रत्न: श्रीश्री परमहंस योगानंद



किसी महानुभाव के ये श्रद्धापूर्ण शब्द-अपरिमेय मूल्य के एक दुर्लभ रत्न, जिनके समान संसार ने अभी तक कोई नहीं देखा, श्री परमहंस योगानंद भारत के उन प्राचीन ऋषियों एवं संतों के आदर्श प्रतिनिधि रहे हैं, जो भारत के वैभव हैं। हमें इस अपरिमेय रत्न के बारे में और अधिक जानने के लिए विवश करते हैं।

बालक मुकुंद के रूप में पांच जनवरी, 1893 को ऐतिहासिक शहर गोरखपुर में जन्मे इस संत में शैशव अवस्था से ही ईश्वर के प्रति तड़प स्पष्ट परिलक्षित होती थी। उनके छोटे भाई सनंदलाल घोष अपनी पुस्तक 'मेजदा' में बताते हैं, 'शैशव अवस्था से ही मेजदा (मुकुंद) शांत और एकांत स्थानों की और आकृष्ट होते थे....और अधखुली आंखों से ध्यान की योग मुद्रा धारण कर लेते थे। कई बार उनको मंद ध्वनि में बुदबुदाते हुए सुना जाता था, जैसे वे प्रार्थना या किसी से वार्तालाप कर रहे हों।'

किसी ने सही कहा है- होनहार बिरवान के होत चिकने पात- ईश्वर के साथ सान्निध्य स्थापित करने वाला ये बालक ईश्वर को पाने की अपनी तृष्णा को शांत करने हेतु एक गुरु की तलाश में, अनेक ईश्वर प्राप्त संतों से मिलने के लिए उत्सुक रहता था। अंत में उनका मिलन अपने नियत गुरु, एक महान संत, स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी से हुआ और लगभग 10 वर्ष उनके कठोर प्रशिक्षण में रहकर योगानंद में परिवर्तित हो गया।

संगठनात्मक कार्य के विरुद्ध होते हुए भी उन्होंने अपने गुरु की प्रेरणा से उनकी आज्ञा का पालन करने हेतु योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/ सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (अमेरिका में) की स्थापना, इस प्रार्थना के साथ की- हे प्रभु, मुझे आशीर्वाद दीजिए कि आपका प्रेम मेरी भक्ति की वेदी पर सदा आलोकित रहे और मैं यही प्रेम सभी हृदयों में जागृत कर सकूं।

ईश्वरीय प्रेम की इसी लौ को प्रज्जवलित करने हेतु सन 1920 में अमेरिका में आयोजित धार्मिक उदारतावादियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में निमंत्रण मिलने पर वे अमेरिका गये तथा अपने जीवन के तीस वर्ष से भी अधिक समय वहां बिता कर अज्ञानता के अंधकार के मध्य सत्यान्वेषियों में ईश्वरानुभूति की एक सजग आशा जगायी। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने भिन्न-भिन्न स्थानों पर, अथक अनेक व्याख्यान दिये, लेखन कार्य किया, ध्यान की उच्चतम एवं पावन वैज्ञानिक प्रविधि क्रियायोग का प्रसार किया।

अपनी आत्मकथा 'योगी कथामृत' जन-जन की अति प्रिय पुस्तक, जिसे गौरव ग्रंथ के रूप में पूजा जाता है, में क्रियायोग के विषय में वे कहते हैं, यह एक विशिष्ट कर्म या विधि (क्रिया) द्वारा अनंत परम तत्त्व के साथ मिलन (योग) है। इस विधि का निष्ठापूर्वक अभ्यास करने वाला योगी धीरे-धीरे कर्म बंधन से या कार्य कारण संतुलन की नियमबद्ध शृंखला से मुक्त हो जाता है। ईश्वर प्रदत्त स्वतंत्र इच्छाशक्ति का प्रयोग करके पाठक, इस वैज्ञानिक प्रविधि, क्रियायोग को सीखने, तथा इसके लिए अनिवार्यताओं को जानने हेतु योगदा सत्संग सोसाइटी की वेबसाइट को देख सकते हैं।

वे कहते थे-सभी आत्माएं समान हैं। मुझ में और आप में केवल एक अंतर है। मैंने प्रयास किया। कितना आश्वासन है इन शब्दों में! अगर हम भी प्रयास करें तो ईश्वर को निश्चय ही पा लेंगे।

तो आइए, पूर्व और पश्चिम के इस महान योगी, जगद्गुरु के आविर्भाव दिवस के शुभ अवसर पर व्याप्त मधुर स्पंदनों के मध्य, दिव्य आनंद के अथाह सागर में डुबकी लगाएं तथा अपने सर्वोत्तम प्रयासों के द्वारा अपने अन्दर के संत को जगा लें और उनके समान बन जाएं।

## अखबार विक्रेता को मातृ शोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** शिवसेना समाचार पत्र विक्रेता संघ पिस्का मोड़ के सचिव लालजी की माता, बिंदा देवी (54 वर्ष) का मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों से भरा पूरा परिवार छोड़कर गयी हैं। संघ के सदस्यों ने कहा कि भगवान से हमारी यह प्रार्थना है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति दे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार की सुबह 11 बजे इटकी रोड बाजरा सर्वेश्वरी नगर झारखंड मोहल्ला से निकलेगी और हरमू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## आत्म समर्पण नीति उग्रवाद को बढ़ावा देने वाली : मुस्तफा अंसारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** लगातार बारह वर्षों से उग्रवादियों की यातना झोल रहे सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने कहा है कि सरकार की आत्म समर्पण नीति उग्रवाद को प्रोत्साहित करने वाली नीति है। वैसे उग्रवादिजिनके उपर हत्या, रंगदारी, सरकारी संपति का नुकसान, व्यक्तिगत क्षति आदि दर्जनों जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हों उन्हें आत्म समर्पण निति के तहत सम्मानित करना और नगद राशि के साथ घर और मकान देना संविधान का अपमान है। ऐसे व्यक्ति या परिवार जिन्हें उग्रवादियों ने मारा है या उनकी संपति को क्षति पहुंचाया है, कभी भी इस निति का समर्थन नहीं कर सकता है। बार बार यह समाचार भी आ रहा है कि जघन्य अपराध करने वाले उग्रवादि एक साथ न्यायालय से बरी हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि उग्रवादियों के भय के कारण किसी कोई भी अदालत में गवाही नहीं देता ना हीं पुलिस गवाह को सुरक्षा मुहैया करापाति है। झारखंड में शिक्षित और बेरोजगार युवाओं की एक लंबी फौज है, जो उग्रवादियों के समर्पण निति को बहुत ही नजदीक से देख रहे हैं। उनके मन में भी यह भावना उत्पन्न हो रही है कि जघन्य अपराध करो, फिर सरकार इनाम की घोषणा करेगी बाद में आत्म समर्पण करा सारी सुविधाएं भी देगी। इसपर सरकार को मंथन करने की आवश्यक्ता है।

## फूलचंद तिर्की पर जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद केंद्रीय कार्यालय 13आर आइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की पर जानलेवा हमला किया गया। जिसका परिषद ने कड़ी निंदा की है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा महासचिव बिमल कच्छप एवं बाना मुंडा बना ने कहा आज आदिवासियों पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। जो आदिवासी नेता अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ता है। उसको षड्यंत्र कर हत्या किया जा रहा है। कन्या उच्च विद्यालय बोड़ेया स्कूल की जमीन पर दलालों की नजर है। विद्यालय को तोड़कर व्यवसाय करना चाहते हैं। जिसका उन्होंने आवाज उठाया तो उन्हें जान मारने का प्रयास किया गया। स्कूल बचाने के लिए आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेगी।

## सफाइकर्मियों के बाद अब रिम्स के सुरक्षाकर्मियों की हड़ताल

# एजेंसी पर हर माह आधा वेतन गटक जाने का आरोप

**सभी सुरक्षाकर्मी अधीक्षक कार्यालय के बाहर सुबह से ही जमा हो गये और नारेबाजी शुरू कर दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के निजी सुरक्षा कर्मियों को हटा कर होमगार्ड के जवानों को तैनात करने की खबर के बाद सभी निजी सुरक्षाकर्मी बुधवार को काम छोड़ हड़ताल पर चले गये। सभी सुरक्षाकर्मी अधीक्षक कार्यालय के बाहर सुबह से ही जमा हो गये और नारेबाजी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि उन्हें अगर नौकरी से हटा दिया गया तो घर कैसे चलेगा। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन का कहना है कि सभी सुरक्षाकर्मी आउट सोर्स किये हुए हैं, इन्हें रखने वाली एजेंसी को हटाया जा रहा है। इसके लिए इनकी नौकरी के लिए एजेंसी ही जिम्मेदार है। सुरक्षाकर्मियों को एजेंसी से वार्ता करनी चाहिए कि आगे उनके लिए वे क्या विकल्प रखते हैं।

### सुरक्षाकर्मियों का आरोप, वार्ता के लिए किसी ने नहीं बुलाया

**रिम्स के 380 सुरक्षाकर्मी अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना देते रहे, लेकिन कोई भी अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आया, जबकि अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बीरूआ ने बताया कि तीन घंटे से अधिक समय तक कर्मचारियों का इंतजार करते रहे और उन्हें वार्ता के लिए बुलाया भी गया, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। प्रबंधन ने बताया कि सभी सुरक्षा कर्मियों के अगस्त तक का वेतन एजेंसी को दे दिया गया है, जबकि नवंबर तक का वेतन ट्रेजरी में देने के लिए भेजा हुआ है और दिसंबर का वेतन जल्दी एजेंसी को दे दिया जायेगा।**

### एजेंसी ने सुरक्षाकर्मियों को दिया आधा वेतन, अब जांच की तैयारी

**सुरक्षाकर्मियों ने एजेंसी पर भी आरोप लगाया कि उन्हें चार माह का वेतन दिया भी नहीं गया है और अभी तक 20 वर्षों से हर माह जो भी वेतन मिल रहा था, उसमें से आधे वेतन एजेंसी रख ले रही थी। कर्मचारियों का हस्ताक्षर पूरे वेतन पर कराया जाता था, जबकि हाथ में आधे से भी कम वेतन दिया जाता था और मुंह खोलने पर नौकरी से हटाये जाने की धमकी दी जाती रही है। कर्मियों को 9.5 हजार रुपये मिलता था, जबकि एजेंसी एक कर्मचारी के एवज में 15 से 18000 रुपये उठाती है। इस आरोप के बाद प्रबंधन भी काफी गंभीर हो गया है और इसकी जांच करने की तैयारी की जा रही है।**

### सरकारी आदेश के बाद हटाये जा रहे सुरक्षाकर्मी

**मालूम हो कि सरकार के आदेश आने के बाद निजी सुरक्षाकर्मियों को हटाया जा रहा है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सभी सरकारी संस्थानों या कार्यालय में होमगार्ड के जवानों को ही तैनात किया जाये, जिससे सरकार का बजट भी कम होगा और सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता होगी। इस आदेश के बाद रिम्स प्रबंधन ने एजेंसी को हटाने का निर्णय लिया है। साथ ही एजेंसी पर भी कई आरोप प्रबंधन द्वारा पहले ही लगाये जा चुके हैं, जिसमें एजेंसी का टेंडर ना होना और गलत तरीके से संचालित होने का आरोप शामिल है।**

उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस सं. 75/2022—2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली—110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई—निविदा आमंत्रित की जाती है:—

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15230023 | आईएसआई मार्केड एनर्जी एफिसिएंट सबमर्सिबल पंप | 41 सेट | 27.01.2023 |
| 02 | 18175503B | यू टी एस थर्मल प्रिंटर्स | 820 नग | 27.01.2023 |
| 03 | 77225050 | इम्प्रोवेड एस इ जे, 52 किलो ग्राम | 50 सेट | 01.02.2023 |
| 04 | 09232307 | पिन | 56945 नग | 02.02.2023 |
| 05 | 07223844 | डिस्क्रिप्शन:— स्टैंडर्डजेड ब्रेक डिस्क फॉर एल एच बी कोचेस | 220 नग | 06.02.2023 |
| 06 | 07220425A | स्विगिंग नट फॉर एल एच बी कोचेस | 12321 नग | 13.02.2023 |
| 07 | 09232506 | इनर स्प्रिंग | 4369 नग | 14.02.2023 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

निविदा सूचना : 75/2022-2023 दिनांक : 04.01.2023 36/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चीन की चाल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सीमावर्ती अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से बनाए गए एक पुल का उद्घाटन किया और 27 अन्य प्रॉजेक्ट्स का वर्चुअल उद्घाटन किया। 9 दिसंबर को तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारतीय और चीनी सैनिकों में हुई झड़प के बाद यह उनकी पहली अरुणाचल यात्रा थी। सीमा पर दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों से चल रहे टकराव के मद्देनजर भारत ने इन इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट तेज किया है। राजनाथ सिंह ने जिन प्रॉजेक्ट्स का उद्घाटन किया, ये उसी सिलसिले का हिस्सा हैं। चीन ने एलएसी के करीब काफी मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट किया है। इधर, कुछ वर्षों से भारत में भी इस मामले में तेजी आयी है, जो चीन के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को देखते हुए जरूरी भी है। दोनों देशों के बीच करीब 2100 मील लंबी विवादित सीमा निर्धारित नहीं हुई। 1950 में जब चीन ने तिब्बत पर हमला किया, उसके कुछ समय बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय सीमाओं के आधिकारिक नक्शे के नवीनीकरण का आदेश दिया। इस नक्शे में अक्साई-चिन इलाके को भारत में पाकर चीन ने उस पर अपने कब्जे को रेखांकित करने के लिए 1957 तक उसे हाईवे से जोड़ लिया। 1962 में दोनों देशों के बीच हुआ युद्ध भी सीमा विवाद को हल नहीं कर सका। इसके बाद लंबे समय तक कोई बड़ा टकराव भले न हुआ हो, लेकिन दोनों देशों के बीच रिश्ते ठंडे ही रहे। इसमें बदलाव अस्सी के दशक में तब आना शुरू हुआ, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी चीन यात्रा पर गए और तब के राष्ट्रपति तंग श्याओ फिंग से मिले। दोनों ने सीमा पर शांति कायम रखने के लिए बातचीत कर विश्वास बहाली वाले कदम सुझाने के लिए संयुक्त कार्य दल गठित किया। फिर 1993 में दोनों पक्षों में सीमा पर उत्पन्न होने वाले मतभेदों को सुलझाने के उद्देश्य से समझौता हुआ। इसके बाद चार और समझौते हुए। इनकी अहमियत इस बात में है कि सीमा को लेकर मतभेद रहते हुए भी बाद के करीब ढाई दशकों में कभी खून बहने की नौबत नहीं आयी। माहौल बदलना शुरू हुआ 2017 में जब डोकलाम में दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हुईं। यह गतिरोध 73 दिन चला। इसके तीन साल बाद लद्दाख स्थित गलवान घाटी में खूनी झड़प हो गई। वह मसला पूरी तरह सुलझा भी नहीं था कि तवांग सेक्टर के यांग्त्से पर कब्जा करने की चीनी कोशिश से माहौल फिर गरमा गया। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। इसमें कुछ कामयाबी मिली है, लेकिन अभी भी दोनों ओर से भारी संख्या में फौज वहां तैनात है। ऐसे में भारत को चौकन्ना भी रहना होगा क्योंकि चीन लगातार सीमा पर बखेड़ा खड़ा कर भारत पर दबाव बनाए रखना चाहता है।

**1962 में दोनों देशों के बीच हुआ युद्ध भी सीमा विवाद को हल नहीं कर सका। इसके बाद लंबे समय तक कोई बड़ा टकराव भले न हुआ हो, लेकिन दोनों देशों के बीच रिश्ते ठंडे ही रहे। इसमें बदलाव अस्सी के दशक में तब आना शुरू हुआ, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी चीन यात्रा पर गए और तब के राष्ट्रपति तंग श्याओ फिंग से मिले।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**मंत्रियों की ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिये निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। भारत को भ्रष्टाचार के मामले में 180 देशों के लिए जारी करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2021 में 85वें पायदान पर जगह मिली है। इससे पहले 2020 के लिए जारी इंडेक्स में भारत को 86वें स्थान पर रखा गया था। भ्रष्टाचार हेतु पूरे देश में ईमानदारी के अनुरूप फेरबदल समय की मांग है।**

## सभी राजनैतिक दलों को बंधु भाव से भ्रष्टाचार के विरुद्ध खड़ा होना ही होगा



सुखदेव वशिष्ठ




मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एजेन्सी की कार्रवाई की साहसिक परम्परा के सूत्रपात होते ही इस तरह की कार्रवाईयां से राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने की जमीन नजर आने लगी है। अपने नेताओं के काले कारनामों पर परदा डालने के लिये राजनीतिक दलों के तथाकथित कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतर आते हैं, जो आम जनता के लिये परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ हो रही थी, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उसे केंद्र के इशारे पर कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन किया था। उसके चलते कई दिन तक दिल्ली पुलिस और उन रास्तों से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पश्चिम बंगाल में चिटफंड के आरोपी सांसद-मंत्रियों की सीबीआई धरपकड़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाय-तौबा मचाया, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हिंसा एवं प्रदर्शन किये।

**वर्तमान में हो रही धन वर्षा देश के विकास के लिये है, किसी के भी व्यक्तिगत विकास के लिये नहीं।**

वर्तमान में हो रही धन वर्षा देश के विकास के लिये है, किसी के भी व्यक्तिगत विकास के लिये नहीं। मंत्रियों की ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिये निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। भारत को भ्रष्टाचार के मामले में 180 देशों के लिए जारी करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2021 में 85वें पायदान पर जगह मिली है। इससे पहले 2020 के लिए जारी इंडेक्स में भारत को 86वें स्थान पर रखा गया था। भ्रष्टाचार हेतु पूरे देश में ईमानदारी के अनुरूप फेरबदल समय की मांग है।

**सारा उत्तरदायित्व राजनीति, शासन, प्रशासन पर डालकर हम सब दोष मुक्त भी नहीं हो सकते। अपने घरों से लेकर सामाजिक वातावरण तक, हम क्या स्वच्छता, व्यवस्थिता, अनुशासन, व्यवहार की भद्रता व शुचिता, संवेदनशील आदि सुदृढ़ राष्ट्र जीवन की अनिवार्य व्यवहारिक बातों का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सब परिवर्तनों का प्रारंभ जीवन के प्रति हमारे दृष्टिकोण व आचरण के प्रारंभ से होता है।**

नये विकल्प के रूप में उभरे आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार भी भ्रष्टाचार के विरोध में कार्रवाई में लगी हुई है। पंजाब में सरकार द्वारा स्थापित भ्रष्टाचार रोधी हेल्पलाइन पर रोजाना 2,500 से ज्यादा शिकायतें मिल रही हैं। अब तक पंजाब पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर, आठ सहायक सब-इंस्पेक्टरों, तीन हवलदारों, एक सिपाही, होमगार्ड के एक जवान, दो पटवारियों, एक क्लर्क, एक नंबरदार, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के एक डाटा एंट्री आपरेटर, सरकारी आईटीआई मोहाली के एक प्रिंसिपल, एक मेडिकल अफसर, एक डिवीजनल वन अफसर और ज्यूडिशियल विभाग के सम्मन भेजने वाले स्टाफ के एक मेंबर को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माइनिंग केस में 17 व्यक्तियों, पटवारियों के चार सहायकों और एक वन ठेकेदार को भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने के दोष के तहत पकड़ा गया है। पुलिस ने 21 जून, 2022 तक भ्रष्टाचार के दोषों के तहत कुल 45 व्यक्तियों को काबू किया है।

अपने सेहत मंत्री केस से लेकर, जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री ने खुद के प्रत्यक्षदर्शी होने का दावा किया था, मंत्री और उनके पीए दोनों को जमानत मिल चुकी है।

इसी तरह ग्रामीण विकास मंत्री कुलदीप धालीवाल ने दावा किया कि पूर्व मंत्री तृप्त राजिंदर बाजवा ने गांव भगतूपुरा की पंचायती जमीन का घोटाला करते हुए खजाने को 28 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। इसी तरह खुराक व सप्लाई मंत्री भारत भूषण आशू के खिलाफ शिकायतों को लेकर विजिलेंस ने मंत्री को गिरफ्तार किया है। पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर ने दावा किया था कि 825 पीआरटीसी बसों के लिए पिछली सरकार में जयपुर से बनवाई गई बॉडीज घटिया क्वालिटी की थी और मामले की जांच की जा रही है। स्पष्ट तौर पर इसमें पूर्व ट्रांसपोर्ट मंत्री राजा वड़िंग की भूमिका हो सकती है। आम आदमी पार्टी खुद दो राज्यों में सत्ता में है और तीसरे राज्य गुजरात में पांच विधायक जीता चुकी है। हाल ही में उस पर भी विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाए हैं।

राज्यों में ऐसे क्षत्रप समय समय पर होते रहे हैं जिनमें केंद्रीय राजनीति के लिये संभावनाएं कल्पित की गयी थी, लेकिन इनकी उपस्थिति भ्रष्टाचार के कारण स्थानीय स्तर पर ही सिमट गयी। इसलिये केजरीवाल को पंजाब की प्रयोगशाला में ईमानदार छवि स्थापित करनी ही होगी।

सारा उत्तरदायित्व राजनीति, शासन, प्रशासन पर डालकर हम सब दोष मुक्त भी नहीं हो सकते। अपने घरों से लेकर सामाजिक वातावरण तक, हम क्या स्वच्छता, व्यवस्थिता, अनुशासन, व्यवहार की भद्रता व शुचिता, संवेदनशील आदि सुदृढ़ राष्ट्र जीवन की अनिवार्य व्यवहारिक बातों का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सब परिवर्तनों का प्रारंभ जीवन के प्रति हमारे दृष्टिकोण व आचरण के प्रारंभ से होता है। अमूल के संस्थापक स्व. डा वर्गीज कुरियन ने अपने आत्मचरित्र "I too had a dream" में लिखा है कि केवल शासकीय व्यवस्थाओं पर निर्भर रह कर सामान्य समाज की उपेक्षा का यह क्रम ऐसा ही चलता रहा तो इस देश में कोई बड़ा काम होना संभव नहीं है। हमको समाज को शिक्षित करना होगा, उसको ऊपर उठाना पड़ेगा। उसके बल पर सारे प्रयास यशस्वी होंगे।

महात्मा गांधी ने 1922 के यंग इंडिया में सात सामाजिक पापों का उल्लेख किया था! वह हैं- तत्वहीन राजनीति, श्रम बिना सम्पति, विवेकहीन उपभोग, शील बिना ज्ञान, नीति हीन व्यवहार, मानवता बिना विज्ञान, समर्पण रहित पूजा। देश के सामाजिक, राजनीतिक परिदृश्य का ही यह वर्णन लगता है। संसद में परस्पर विरोधी कैंप में एक-दूसरे के विरोधी बनकर बैठना हमारे तंत्र की मजबूरी हो सकती है, लेकिन आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य के लिये इस सब के बावजूद हम सब एक हैं, ऐसा बंधुभाव उत्पन्न कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध खड़ा होना ही होगा।



**विशाखा राणा**
सिंह मोड़, रांची

### 'मैं'

असों से मैंने देखा था एक सपना,
कि खुद को ऐसा बनाऊं, डरूं
नहीं, कुछ भी हो करना।
अपनी खुशनसीबी जानती नहीं
थी, कि कितनी हसीन हैं ये
निर्दया,
क्योंकि तुमने तो कसर ही नहीं
छोड़ी, बनाने में मुझे 'निर्भया'

चाहती थी कि करूं दुनिया के हर
कोने की सैर जब तक हो ना
जाऊं मैं अर्धा,
मगर शुक्रिया कैसे करूं उस
आफताब का जिसने बना दिया
मुझे श्रद्धा।
नहीं-नहीं, मसीहा है वो तुम
सबका,
गल्ती मेरी ही थी, पता है सबको
कब का !

सोचा था, पूरी दुनिया से लड़कर,
बन जाऊंगी लक्ष्मी बाई, अब मेरे
शव को, कुरेद रही है कोई
सी.बी.आई।

'गल्ती हो गई, बच्चा ही तो हैं'
कहती है उसकी आई,
मेरी मुस्काती तस्वीर पर, मां ने
फूलों की माला चढ़ाई।

मेरी इतनी हिम्मत? कि तुम्हें
खुद से दूर रहने को कहा?
क्योंकि तुम रखते हो मुझमें
रूचि?
मैं ही सरफिरी थी, जो तुम्हारी
बराबरी करने की सोंची!
क्योंकि मैं इतनी महान कहां? जो
तेजाब फेंककर चैन से सोती।

गलत मत समझना, तुम 'सब'
नहीं, बस तुममें से कुछ तीन सौ
हजार
वर्ना, बाकी सब तो करते हैं मुझ
पर जां निस्सार!
याद नहीं? कि मेरी मदद करने
आए थे तुम, स्कूटर खराब थी
मेरी उस रात,
इतनी खूबसूरत लगी, कि जला
कर फेंक दिया मुझे उस पार।
मददगार कितने थे? बस, कुछ
सात।

मैं तो तब से यहीं हूं जब
दुःशासन ने किया मेरा चीर हरण,
तब से यहीं हूं जब घसीट कर
तुमने दिया मुझे मरण।
पर तुम यहां कभी नहीं होगे,
क्योंकि तुम तो हो महान
शक्तिमान
तुम ही तो हो, जो आने वाली
पीढ़ी को दोगे अपनी शक्ति का
प्रमाण।
काश मैं ना होती, तो व्यर्थ ही
चला जाता तुम्हारा ये 'सामान'।

## घाटशिला पुलिस ने 15 किलो गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** घाटशिला पुलिस ने राजस्टेट और गोपालपुर में छापामारी कर भारी मात्रा में गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजस्टेट के निर्मल सीट और गोपालपुर के मधुसुदन नामाता उर्फ झापडू शामिल हैं। दोनों आरोपियों को पुलिस ने बुधवार देर शाम पुछताछ के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो ने प्रेस वार्ता कर बताया कि छापामारी के दौरान निर्मल सीट के घर से 15 किलो गांजा, दो केजी पॉलिथीन, 14 पीस चीलम बरामद किया गया है। निर्मल सीट की निशानदेही पर गोपालपुर स्थित मधुसुदन नामाता के घर से आधा किलो गांजा, तीन पीस चीलम और आधा किलो पॉलिथीन को बरामद किया है।

# जमशेदपुर की खबरें

## जुगसलाई विधायक ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन

**कहा- झारखंड में हेमंत सरकार ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा विकास के लिए सैकड़ों योजनाएं धरातल में उतार रही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर काफी गंभीर है। बीते दिनों जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पलासबोनी पंचायत स्थित छोटाबाकी के रहने वाले ग्रामीणों ने गांव में जर्जर सड़क निर्माण के लिए विधायक से आग्रह किया। विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर जर्जर सड़क निर्माण के लिए पहल शुरू कर दी।

बुधवार को सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह विधायक मंगल कालिंदी ने विधायक मद से पीसीसी पथ निर्माण का उद्घाटन कर ग्रामीणों से किए गए वादे को पूरा किया।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड में हेमंत सरकार ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा विकास के लिए सैकड़ों योजना धरातल में उतार रही है। विधायक ने ग्रामीणों से समय पर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने बताया बीते दिनों छोटाबाकी के ग्रामीणों ने जर्जर के परेशानियों से अवगत कराया था। सड़क में जल जमाव से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बीमार मरीजों को अस्पताल लेजाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क के समस्या संज्ञान में आते ही विधायक मद से योजनाओं को धरातल पर उतारा गया, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया बुधवार को सड़क निर्माण कार्य संपर्ण होने पर ससमय उद्घाटन कर ग्रामीणों तक लाभ पहुचाया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी के कार्य से संतुष्ट होकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने उद्घाटन से पूर्व विधायक मंगल कालिंदी को माला पहना कर भव्य स्वागत किया। मौके पर युवा नेता रुस धीवर, मालिन चंद्र मुर्मू, सुनाराम लोहार, ग्राम प्रधान गनेश चंद्र हास्दा, सुरेश कार्मकार, भरत कर्मकार, धीरेन सिंह, राजेश कर्मकार, मनशा राम कर्मकार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बोड़ाम में सांसद विद्युत वरण महतो ने 1300 जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने बुधवार को बोड़ाम प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत लायलम पंचायत के बनगोड़ा, कड़पाकल, डूंगरी, नुतनडीह, रापाचा, कुमारी, भुईयांसिनान, पगदा व खिजुरडीह के करीब 700 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. जबकि पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत के चौंरा, घाघरा, सुंदरपुर, धाधकीडीह एवं लच्छीपुर पंचायत के मुकरुडीह व लच्छीपुर गांव में 600 जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, समाजसेवी शरत सिंह सरदार, मुखिया कृष्णपदो सिंह, लायलम पंचायत के मुखिया सुशील सिंह, समीर कैबर्त, मंगल सिंह, निर्मल महतो, भीम चंद्र महतो, तरुण महतो व दीपक महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड की महिलाओं को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का झामुमो करेगा प्रयास : महाबीर मुर्मू

**महिला फुटबाल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण कर खेल के प्रति किया गया जागरूक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महाबीर मुर्मू के नेतृत्व में महिलाओं को खेलकूद के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत घाघीडीह में निविया शाइनिंग स्टार महिला फूडबॉल टीम को जर्सी सेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महाबीर मुर्मू ने महिला खिलाड़ियों को जागरूक करते हुए कहा झारखंड की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हवाई जहाज से लेकर फाइटर प्लेन भी महिलाएं उड़ा रही हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण क्षेत्र के महिला खिलाड़ी खेलकूद में कहीं ना कहीं अपने अपने प्रदर्शन से इतिहास लिखने का काम कर रही है। ताकि झारखंड के साथ देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने बताया महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रयास जारी है। इसी उद्देश्य के साथ महिलाओं के बीच जर्सी का वितरण कर खेल के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर नारायण सोरेन, बमभोला सिंह,नरसिंह मुर्मू, गोपाल हांसदा, कैलाश माझ, गौतम हांसदा (कोच), मुस्कान मुर्मू (कप्तान), मांधोनी सोरेन, दुलारी सोरेन अंपी सरदार, बबिता बिरुली, ज्योति बास्के, रोशनी बास्के, अंजेश कुमारी, सुष्मिता सुंडी, सुभद्रा हांसदा, मुक्ता कुंकल, गीतावति हांसदा, राजेश प्रसाद पिंटू गोप, कन्हैया चौबे राज मुखी सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चार ठग गिरफ्तार

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी आनंद प्रकाश के निर्देश पर जिला पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को चांडिल अनुमंडल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फर्जी कागजात बनाकर जमीन का ठगी कर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश कर दिया। मौके पर चांडिल पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया जमशेदपुर के सोनारी निवासी संजय घोष,कपाली कामारगोड़ा के राजु कर्मकार, पश्चिम बंगाल बागमुंडी के विरेन कर्मकार, कपाली तामोलिया निवासी धासु कर्मकार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने फर्जी पेन कार्ड, आधार कार्ड, जमीन का कागजात बरामद किया है। सभी आरोपियों ने जालसाजी की बात स्वीकार कर ली है।

## मानगो में डिलीवरी ब्वॉय से लूट मामले में नाबालिग समेत छह युवक गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो थाना क्षेत्र के पारडीह स्थित गोराई पथ से डिलीवरी ब्वॉय प्रभाजीत सिंह से बदमाशों ने पिज्जा, कोल्डड्रिंक और 1000 लूटे थे। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर एक नाबालिग समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज मुंडा, प्रदीप यादव, राहुल यादव, अमन यादव और विजय तंतुबाई शामिल हैं। घटना सोमवार देर रात की है। प्रभातजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह डिलीवरी करने गया था। वहीं, उसके साथ लूटपाट की घटना हुई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हेमंत के टेंट गोदाम से पिज्जा के 10 खाली डिब्बे और एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल बरामद की है। मानगो थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि प्रभाजीत ने उन्हें बताया था कि नाबालिग आरोपी के मोबाइल से 14 पिज्जा और कोल्ड ड्रिंक्स का आर्डर दिया गया था। देर रात जब वो आर्डर लेकर वहां पहुंचा तो बदमाश वहां पहले से इकट्ठा थे। सभी ने मिलकर उससे पिज्जा छीन लिया और विरोध करने पर जेब में रखा 1000 भी लूट लिया। पुलिस ने नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा है। जबकि पांच लोगों को जेल भेज दिया गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### निरक्षरों को साक्षर करने के लिए नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रखंड साक्षरता समिति का पुनर्गठन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में निरक्षरों को साक्षर करने का एक नवीन कार्यक्रम नवभारत साक्षारता कार्यक्रम की शुरूआत की जानी है। यह कार्यक्रम सत्र 2022 से 2027 तक चलाया जाएगा। इसके लिए प्रखंड साक्षरता समिति की बैठक बुधवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त के निदेर्शानुसार बैठक में प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। बीडीओ सह साक्षरता समिति के अध्यक्ष प्रवेश कुमार साव ने कहा की 15 से 35 वर्ष के लोगों को साक्षर बनाने के अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ तथा स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम चंचल कुमार से आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा स्वास्थ्य सहिया को इस अभियान से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा सहित सभी योजनाओं के लाभुकों को अनिवार्य रूप से साक्षर बनाना है। साक्षरता विभाग के बीपीएम भोलाराम द्वारा नव भारत साक्षर कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में शिक्षा साक्षरता सामुदायिक कार्य के सदस्य शिक्षा विभाग के बीपीओ पूनम श्री, महिला पर्यवेक्षिका पुष्पा राणा, ब्रजेश कुमार मिश्र, मेराल हाई स्कूल के प्राचार्य लालता पटेल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी के प्रधानाध्यापक गंगेश पांडे, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह, रामा शंकर चौबे, महिला स्वयं सहायता समूह की बिंदा देवी, हरेकृष्ण मेहता आदि उपस्थित थे।

### राजकीय बुनियादी विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार और नावाचार के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राजकीय बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर के प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय आविष्कार एवं नावाचार के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र छात्राओं द्वारा ब्लास्टिंग यन्त्र, कार पार्किंग लिफ्ट सिस्टम, सोलर ऊर्जा उत्सर्जन, जल संरक्षण तथा पर्यावरण से संबंधित स्टॉल लगाया गया। निर्णायक मंडली द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के विज्ञान प्रदर्शनी में उमवि घाघरा को प्रथम, मवि चेरवाडीह को द्वितीय व उमवि बनसानी को तृतीय स्थान दिया गया। जबकि कक्षा 9 से 12 तक के लिए विज्ञान प्रदर्शनी में जामा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर को प्रथम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर को द्वितीय एवं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस मौके पर बीपीओ रविन्द्र मेहता ने कहा बच्चों को विज्ञान से जोड़ने व उनकी सृजनात्मकता विकास के में विज्ञान प्रदर्शनी सहायक होगी।वुज्ञान प्रदर्शनी में सभी को सीखने का अवसर प्राप्त होता है। निर्णायक मंडली में सीआरपी प्रभात मिश्रा, अशोक पाल, सुशील कुमार चौबे, शिक्षक सुजीत कुमार एवं खुशदील अंसारी शामिल थे।इस मौके पर बीपीओ रविन्द्र मेहता, शिक्षक विभूति प्रकाश, राजीव रंजन मिश्रा, वार्डेन कविता कुमारी, बबन पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लड़की भगाने के आरोप में दो बच्चे के पिता को पुलिस ने भेजा जेल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी जैनुल अंसारी का पुत्र इरफान अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि इरफान पर गांव के ही एक लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए लड़की के पिता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसके आलोक में बुधवार को इरफान को जेल भेज दिया गया है । उन्होंने बताया कि इरफान का शादी 5 वर्ष पहले मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव में हुई थी। इधर इरफान अंसारी की पत्नी सफीना बीवी ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व इरफान से शादी मेरे साथ हुई थी मेरे दो बच्चे भी हैं। मेरे पति का अफेयर कल्याणपुर गांव के ही एक लड़की के साथ चल रहा था। 22 दिसंबर को मेरे पति उस लड़की को लेकर घर से फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि मुझे सूचना मिली कि मेरे पति को पुलिस जेल भेज रही है तो गढ़वा थाना पहुंचे। गढ़वा थाना पहुंचने के बाद पता चला कि जिस लड़की को भगा कर लेकर गया था उसका पिता ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसी के आलोक में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

---

**तैयारी :** तेंदुए को पकड़ने के लिए आरसीसीएफ व गढ़वा डीएफओ अपनी टीम के साथ भंडरिया में किये हुए हैं कैंप

# तेंदुए को पकड़ने या मारने के लिए हैदराबाद से मंगाये गये हैं शूटर व सशस्त्र निखंड टीम

**विभिन्न गांवों के दो किमी की रेडियस में कैमरे से तेंदुए की गतिविधि पर रखी जा रही नजर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** पिछले एक्कीस दिनों से रंका, रमकंडा व भंडरिया वन क्षेत्र के इलाकों में तेंदुए के द्वारा दर्जनों घटनाओं को अंजाम देने के बाद तेंदुए को पकड़ने के लिए आरसीसीएफ कुमार आशुतोष व गढ़वा डीएफओ शशि कुमार अपनी टीम के साथ भंडरिया पहुंच कैम्प किए हुए हैं।

दोनों पदाधिकारियों के निगरानी में तेंदुए को पकड़ने के लिए भंडरिया वन क्षेत्र के मंजरी, रोदो, सिंजो, जोन्हीखांड, तेवाली, भडरिया, बिंदा, नगनाहा, पर्रो, मरदा व परसवार गांव में दो किलोमीटर की रेडियस में ग्रिड का निर्माण कर कैमरा लगाया गया है। जिससे तेंदुए की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। वहीं तेंदुए को पकड़ने के लिए हैदराबाद के शूटर नवाब शफत अली खान को वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा बुला लिया गया है। मौसम साफ रहने पर गुरुवार से तेंदुए को पकड़ने या मारने के कार्य में शूटर लग जायेंगे। दोनों अधिकारियों ने बुधवार को ग्रिड नंबर छह मरदा व ग्रिड नंबर तेईस बहेराखांड का निरीक्षण किया। जिसमें ग्रिड 6 में लगे ट्रैपिंग कैमरे में पालतू जानवरों की तस्वीर कैद हुई थी।



**दोनों पदाधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों को अफवाहों से बचने की दी सलाह**

दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि बहुत सारे विडियो वायरल किये जा रहे हैं, जिसमें कभी दो बाघ, तो कभी तीन बाघ का विडियो वायरल किया जा रहा है। और साथ में लिखा जा रहा है कि यह रमकंडा आसपास का है, तो यह चैनपुर आसपास का है। हम नागरिकों से अनुरोध करना चाहते हैं कि इस तरह की अफवाहों से बचें तथा वायरल विडियो पर ज्यादा ध्यान न दें। क्योंकि इससे ग्रामीणों के लिए भी व वन विभाग के लिए भी कनफ्यूजन उत्पन्न होती है।

जानकारी देते हुए आरसीसीएफ कुमार आशुतोष ने बताया कि वन क्षेत्र के इलाकों में दो किलोमीटर के रेडियस में ग्रीड बनाकर ट्रैपिंग कैमरा लगाया जा रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में कहीं भी तेंदुआ होगा तो उसका पता चल सके। इसके बाद हम लोग आगे की रणनीति तैयार कर उस पर कार्रवाई कर सकेंगे। इसके लिए हैदराबाद से सशस्त्र निखंड भी मंगा लिया गया है। वे फील्ड में देखेंगे कि वस्तुस्थिति क्या है इसके बाद वे अपना काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि शूटर का काम सिर्फ मारना ही नहीं है। जानवरों का ट्रैप कर पकड़ने का भी काम है। हम लोगों का प्रयास रहेगा कि तेंदुए को पिंजरे में कैद कर जू तक छोड़ा जाए। क्योंकि वह आदमखोर हो चुका है। पहले हम लोगों के पास एकमात्र केज था, पर वर्तमान में हमलोगों के पास चार केज हो गए हैं।

### एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने विभिन्न चौक-चौराहों के निकट किया अलाव का प्रबंध

**थाना प्रभारी ने लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर धुरकी थाना पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन प्रमुख चौक-चौराहे पर बुधवार को अलाव का प्रबंध किया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि जिले के एसपी के निर्देश पर उन्होंने धुरकी वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बस स्टैंड, कर्पुरी चौक और गुलशन चौक स्थित प्रमुख स्थलों पर विगत दो दिनों से क्षेत्र में चल रहे शीतलहर और हाड़ कंपा देने वाली ठंड को महसूस कर आमजनों के लिए यह अलाव का प्रबंध किया गया है।



उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के एलर्ट को देखकर क्षेत्र में चल रहे शीतलहर और कोहरा के साथ ठंड से लोगों को राहत देने के लिए जगह-जगह प्रमुख स्थल जहां से आमजनों का आमदरफ्त अधिकांश हो रहा है तो वैसे स्थलों को चिन्हित कर स्वयं उक्त स्थलों पर लकड़ी का प्रबंध कर अलाव की व्यवस्था की गई ह। वहीं थाना प्रभारी ने आमजनों से आग्रहपूर्वक अपील करते हुए कहा है कि अभी ठंड का प्रभाव कुछ दिनों तक बढ़ने वाला है, वहीं ठंड से लोगों को बचने की सलाह दी जा रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री मंगल यादव, मुखिया महबूब अंसारी, अली रौशन, सहादत अंसारी, श्याम किशोर विश्वकर्मा, युवा समाजिक कार्यकर्ता महताब आलम, बरकत अली, तेजु कोरवा, रफीक अंसारी, जमाल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने साक्षरता कार्यक्रम के सभी प्रेरकों के साथ की बैठक

**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** बीडीओ गणेश महतो ने मंगलवार को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सभी प्रेरक सह एमटी के साथ बैठक की। बीडीओ गणेश महतो ने सभी प्रेरक सह एमटी से परिचय प्राप्त किया। साथ ही नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया। सभी प्रेरक सह एमटी को 5 जनवरी तक सर्वे कर असाक्षरों की सूची के साथ पंचायत साक्षरता समिति का पुनर्गठन कराते हुए रिपोर्ट प्रखंड साक्षरता कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। लोक शिक्षा केंद्र के प्रधानाध्यापक सह संयोजक को भी निर्देश दिया है ताकि प्रखंड में असाक्षरों को चिन्हित कर साक्षर बनाया जा सके। बैठक में प्रखंड साक्षरता कर्मी सह केआरपी रंजू गुप्ता, प्रेरक सह एमटी स्वीटी देवी, अखिलेश साह, नजरे आलम, सुशील कुमार यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बेरोजगार युवक को स्वावलंबी बना रही है संस्था : इंदुभूषण

**दस दिवसीय सुकर पालन प्रशिक्षण शुरू**

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण स्व स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से दस दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल, संकाय मिथलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके



पर अग्रणी बैंक प्रबंधक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार यह संस्थान जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निशुल्क एवं प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि कार्यों एवं पशुपालन को परंपरागत तरीके से ही करते आ रहे है जिसके कारण उन्हें मेहनत करने के बावजूद उन्हें मुनाफा नहीं मिल पाता है। इसलिए प्रशिक्षण में वैज्ञानिक तरीके को सीखें और पशुपालन को वृहद पैमाने पर करें और आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। मौके पर रुस्तम अली, सुरेंद्र रवि उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ददई दुबे ने बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**कहा- आयोजनकर्ता मारुति नंदन सोनी खेल जगत में युवाओं की हौसला ऑफजाई करने के लिए चमकता हुआ इस क्षेत्र का सितारा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के मेन बाजार भारतीय स्टेट बैंक के पीछे गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला के तत्वावधान में खेला जाने वाला बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री सह विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे एवं राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। तत्पश्चात सभी टीम के खिलाड़ियों से ग्राउंड में जाकर परिचय प्राप्त किया।

नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता युवा समाजसेवी, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी के द्वारा पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे एवं राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी बाबा केशव नारायण दास सम्मानित लोगों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को माल्यार्पण एवं बुके देकर सम्मानित किया।

नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंच का संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह शिक्षक जितेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी के लिए एक से बढ़कर एक शायरी प्रस्तुत किया। वहीं पूर्व विधायक ददई दुबे ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मारुति नंदन सोनी खेल जगत में युवाओं की हौसला ऑफजाई करने के लिए चमकता हुआ इस क्षेत्र का सितारा है। एक बार अवश्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए इसे मौका दें। वहीं सोनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हम सभी के लिए जीवन का एक हिस्सा है जो शरीर को मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक विकास करता है। वहीं सोनी ने खिलाड़ियों से अपील की कि खेल शांतिप्रिय एवं सुसज्जित ढंग से खेलें। वहीं टूर्नामेंट का आंखों देखाहाल कमेंट्री सोनू सर ने किया।

मौके पर उदय जॉनसन, ककू जयसवाल, सुचित कमलापुरी, नीरज कमलापुरी, नौशाद खान एवं सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपसिथत थे।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने हरिहरपुर संकुल के दर्जनों विद्यालयों का किया औचक निरिक्षण



**हरिहरपुर ( आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता के द्वारा बुधवार को संकुल हरिहरपुर के दर्जनों विद्यालयों का औचक निरिक्षण किया गया। औचक निरिक्षण के क्रम में विद्यालय का समुचित विकास के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में विद्यालय का साफ सफाई, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, रसोईया के द्वारा अपरॉन का प्रयोग करना, रसोईया के द्वारा दैनिक उपस्थिति बनाना, शिक्षकों उपस्थिति, बच्चों को शत प्रतिशत स्कूली ड्रेस, सहित बिंदुओं पर जांच की गयी। जांच के क्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों को बताया गया कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का हर समय प्रयास करना होगा। सरकारी स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा जारी गाईड लाईन का विद्यालय में अक्षरशः पालन करना सभी कर्मियों का दायित्व बनता है। इसमें किसी भी तरह से कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस क्रम में मध्य विद्यालय हरिहरपुर, कन्या प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बत्तोखुर्द, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगांवा पूर्व, आश्रम आवासिय बालिका उच्य विद्यालय मझिगांवा, मध्य विद्यालय रपुरा का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के क्रम में संकुल साधनसेवी मनोहर कुमार चौबे भी मौजूद थे।

---

**खेलकूद :** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का 13वां दिन

# आरके पब्लिक स्कूल ने संत पॉल को हराया

**आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के खिलाड़ी सच्चिदानंद को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 13वें दिन सीनियर वर्ग के पहले मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला को 85 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता से पूर्व सदर एसडीओ सह गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज महेश्वरम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और खेल का सीनियर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।




संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला की टीम ने टॉस जीतकर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आरके पब्लिक स्कूल के सलामी बल्लेबाज सच्चिदानंद और अजीत ने टीम को ठोस शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट की साझेदारी में 88 रन बनाये। आरके पब्लिक स्कूल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाये। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला की ओर से फैजान ने दो विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के सलामी बल्लेबाज शाहिद और साहिल ने टीम को ठोस शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाई परंतु आरके पब्लिक स्कूल के सच्चिदानंद की घातक गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 86 रनों पर ही सिमट गई।

**गढ़वा खेल में आगे बढ़ रहा है : एसडीओ**

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सदर एसडीओ सह गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज महेश्वरम ने कहा कि गढ़वा जिला खेल में आगे बढ़ रहा है। जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से स्कूल स्तर पर 21 वर्षों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। आप सभी छात्र हैं अभी से ही सभी लोग अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसमें कड़ी मेहनत करना शुरू कर दें, खेल को भी कैरियर के रूप में अपना सकते हैं आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले लोगों को सीधी नियुक्ति मिल रही है।

आरके पब्लिक स्कूल की ओर से सच्चितानंद ने सात रन देकर पांच खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के खिलाड़ी सच्चिदानंद को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रतियोगिता के पदाधिकारी नवनीत शुक्ला ने प्रदान किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा, दीपक, पर्यवेक्षक नवनीत शुक्ला, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, आशीष उपाध्याय, बिट्टू उपाध्याय, प्रवीण मिश्रा, सुमित मिश्रा, अमित उपाध्याय, नवनीत उपाध्याय, सूर्या सहित कई लोग शामिल थे। अंपायर की भूमिका सिकंदर प्रजापति और मनीष पाठक ने निभाई जबकि स्कोरर की भूमिका विशाल और कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान ने निभाया।

# कांडी प्रखंड की दो पंचायतों का सामाजिक अंकेक्षण का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई की गयी

**जनसुनवाई में बिल भाउचर, तकनीकी स्वीकृति एवं अन्य दस्तावेज नहीं पाये जाने पर 100 रुपये प्रति दस्तावेज पर लगाया गया जुर्माना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को कांडी प्रखंड के दो पंचायतों (गाड़ा खुर्द व खुटहेरिया) का सामाजिक अंकेक्षण का प्रखंडस्तरीय जन सुनवाई की गई। जिसमें ज्यूरी के रूप में प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी, सोशल ऑडिट डीआरपी सुनिल तिवारी, जेएसपीएस सत्या देवी के द्वारा किया गया। जिसमें बीआरपी-एफसी अमित कुमार यादव के द्वारा सभी मुद्दों को ज्यूरी मेंबर के समक्ष रखा गया।



जन सुनवाई में बिल भाउचर ना होना, तकनीकी स्वीकृति, तीन चार फोटो, एफटीओ, एमआर, एमबी और योजना धरातल पर ना होना जैसी कई मुद्दे सामने आये। जिसमें सभी दस्तावेज पर 100 रुपये प्रति दस्तावेज पर जुर्माना लगाया गया और विचला राशि का 20 प्रतिशत वसूली क्रियान्वयन एजेंसी से किये जाने का निर्देश दिया गया। जनसुनवाई में अधिक निकासी किये जाने का मामला आया। जिसे ज्यूरी द्वारा जिला सुनवाई के लिए अग्रसारित किया गया। इस मामले में 367 योजना ऐसे हैं जिनमें प्रति योजना में अलग-अलग राशि की निकासी की गयी है, जो 367 योजना मिलाकर 114930 रुपये था। जिसे ज्यूरी ने जिला सुनवाई के लिए अग्रसारित कर दिया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, मनरेगा बीपीओ कमलेश कुमार सहित कई पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## स्व. स्वर्ण लता सिन्हा की स्मृति में बुंडू में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** ब्लाइंड मिशन प्रोजेक्ट के तहत अमेरिका के प्रसिद्ध डॉ सुशांत सिन्हा एवं झारखंड आई बैंक अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वधान में स्व स्वर्णलता सिन्हा की पुण्य स्मृति में बुधवार को बुंडू जिला परिषद में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन मंडल के सदस्य रोहित सिन्हा ने बताया कि आधुनिक मशीनों की सहायता से 51 लोगों का निःशुल्क जांच किया गया जिसमें से 40 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन मरीजों को सर्जरी की आवश्यकता हुई उन्हें निःशुल्क बस द्वारा झारखंड आई बैंक अस्पताल ले जाया गया। मरीजों की सर्जरी डॉ सुशांत सिन्हा के नेतृत्व में कुशल डॉक्टरों के दल द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर डॉ विनीता सिन्हा, नीतू कुमारी, सिद्धार्थ घोष, अमृता घोष, जे डूंगडूंग, रोशन महतो कुमार, रोशन विशाल सिंह और नीतीश पांडे आदि उपस्थित थे।

## बुंडू में सात को लगेगा नि:शुल्क हृदय व पेट रोग जांच शिविर

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मेन रोड स्थित मिलन मंदिर क्लब में सात जनवरी को गुरुकुल चिकित्सा मंच की ओर से आयोजित ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर के सहयोग से निःशुल्क हृदय एवं पेट रोग जांच कैंप का आयोजन किया गया है। जिसका रजिस्ट्रेशन छह जनवरी तक किया जाएगा। इसकी जानकारी बुधवार को चिकित्सा मंच प्रमुख कार्तिक प्रमाणिक ने दी है।

## शिक्षाविद् गोवर्धन महतो की मनायी गयी जयंती

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अभिराम उच्च विद्यालय पोगड़ा-रंगामाटी के पूर्व शिक्षक, विद्यालय संस्थापक एवं विद्यालय जमीनदाता स्व गोवर्धन महतो की 90वीं जयंती विद्यालय परिसर में मनायी गयी। उपस्थित ग्रामीणों ,अतिथियों और स्कूल के शिक्षक द्वारा स्व गोवर्धन महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्वर्गीय गोवर्धन महतो के परिवार द्वारा विद्यालय पुस्तकालय के लिए छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए अंग्रेजी, हिंदी, व्याकरण एवं मैट्रिक परीक्षा गाइड आदि पुस्तक दान दिये। इस मौके पर राहे प्रखंड प्रमुख लीलमणि देवी, मुखिया तेज्यातमा देवी, मुखिया नवलकिशोर लोहरा, पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी, रमापति सिंह मुंडा, दुर्गा महतो, श्याम लाल महतो और लोहरा महतो आदि उपस्थित थे।

## सोनाहातू के पंडाडीह व बारेंदा गांव में जंगली हाथियों का उपद्रव, किसानों की फसलों को किया नष्ट

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र पंडाडीह और बारेंदा गांव में मंगलवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। पंडाडीह गांव के किसान शेमाली पुरान, उपेन माझी, लेदा पुरान, मनसा पुरान, दिनेश माझी, सूरसेन माझी, उपेन पुरान, देवेन्द्र माझी, दिलीप माझी, विकास माझी के अलावा बारेंदा गांव के किसान नरेश कोइरी, छूटू कोइरी, मनसा पुरान के 15 एकड़ जमीन में तैयार धान और सब्जियां आलू, मटर, टमाटर, लौकी, बैगन, बीम बन्धागोभी आदि फसलों को जंगली हाथियों ने खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया है। पीड़ित ग्रामीण किसानों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और वन विभाग को फसल नुकसान की सूचना दी। इसके बाद प्रभारी वनपाल दिलीप सिंह मुंडा, उपप्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गंझू, सुरेंद्र सिंह मुंडा, अनूप प्रमाणिक और राहुल बटब्याल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया। साथ ही मुआवजा देने का आश्वासन दिया।

## बारूडीह गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राहे (आजाद सिपाही)।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्रखंड के बारूडीह-पारमडीह गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता मनीषा, पीएलवी रामेश्वर चौधरी, आरती कुमारी, पुष्पा कुमारी, कपिलदेव प्रसाद एवं राजा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। पैनल अधिवक्ता मनीषा कुमारी ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या आदि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के उपाय के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गयी। इस दौरान राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट और कानूनी पुस्तिका का भी वितरण किया गया।

## सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जैन समुदाय ने निकाला मौन जुलूस



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जैन धर्मावलंबियों के सबसे पवित्र श्री समेद शिखरजी, परसनाथजी को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में खूंटी के जैन समुदाय ने मौन जुलूस निकाला। जुलूस कर्रा रोड स्थित नवनिर्मित श्री 1008 पार्श्वनाथ जैन मंदिर से शुरू होकर अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय तक निकाली गई। जैन समुदाय के लोगों ने रैली में शामिल होकर झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले में स्थित श्री समेद शिखर जी, पारसनाथ जी को पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध किया। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान में से 20 तीर्थंकर इसी पवन भूमि में तप करके मोक्ष प्राप्त किए थे। इसी पारसनाथ पहाड़ की यात्रा में जैन धर्मावलंबी कुल 27 किलोमीटर की पदयात्रा कर उन्हीं स्थलों में निर्मित मंदिर में पूजा करते है। मान्यता है कि जिसने इस पवन भूमि की पदयात्रा कर ली है, उनकी मोक्ष गति निश्चित है। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष शेखर चंद अजमेरा और उपाध्यक्ष श्रीमपाल जैन ने कहा कि जैन समाज पूरी तरह से शाकाहारी है। पारसनाथ क्षेत्र भी अभी तक पूरी तरह शाकाहारी क्षेत्र है। जैन धर्मावलंबियों को यह डर है कि पर्यटन क्षेत्र घोषित होने से इस क्षेत्र में मांसाहार व शराब आदि परोसी जाएगी, जिससे इस पुण्यभूमि का अस्तित्व ही खत्म हो जायेगा। इसी के प्रतिवाद में खूंटी जैन समाज के सदस्यों में शांतिपूर्ण मौन जुलूस निकाला और अनुमंडल पदाधिकारी को पारसनाथ जी को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। जुलूस में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष शेखर चंद अजमेरा, सचिव रमेश जैन, उपाध्यक्ष श्रीपाल जैन, सह सचिव प्रकाश जैन, महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला जैन, सचिव शालू जैन, ममता जैन, सिमरन जैन, मधु जैन आदि शामिल थे।

### घटना एक जनवरी की, तीन दिन बाद थाने में दर्ज हुआ मामला

# खूंटी में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूटी।** सदर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना एक जनवरी की रात की है, पर महिला थाना में मामला बुधवार को दर्ज करया गया। जानकारी के अनुसार बच्ची वारदात की रात नौ बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। तभी उसका पड़ोसी युवक मुंह दबाकर उसे पुआल के ढेर में ले गया और जबरन मुंह काला किया। बच्ची ने जब चिल्लाने का प्रयास किया, तो आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। बताया गया कि बच्ची के काफी देर तक वापस नहीं आने पर घरवालों ने उनकी खोजबीन शुरू की। बच्ची की मां और भाई खोजते हुए आता देख आरोपित युवक वहां से फरार हो गया, जिसे शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## कर्रा में कुएं में गिरकर युवक की मौत

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सदर पंचायत के गड़के गांव स्थित एक कुएं में बुधवार देर शाम राम तिर्की (35) नामक युवक का शव बरामद हुआ। खबर पाकर मौके पर पहुंची कर्रा पुलिस ने शव को थाने ले गई, जिसे गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेजा जाएगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गड़के गांव निवासी राम तिर्की एक जनवरी से लापता था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया, लेकिन कोई पता नहीं चल। बुधवार को गड़के गांव में बिना मुंडेरा वाले कुएं में राम तिर्की शव देखा गया। तुरंत ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी कर्रा पुलिस को दिया गई। जानकारी मिलते ही कर्रा पुलिस गड़के गांव पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से राम तिर्की के शव को कुएं से बहार निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि राम तिर्की मानसिक रूप से बिमार था। वह गांव में इधर-उधर भटकता रहता था। कुएं का मुंडेरा नहीं रहने के कारण अनजाने में उसमें गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई होगी। मृतक अपने पिछे दो बेटी, एक बेटा व पत्नी सहित पूरा परिवार छोड़ गया है।

# पुलिस की तत्परता से अपहरण के कुछ घंटे बाद ही बरामद हुआ युवक

### मांगी गयी थी पांच लाख रुपये की फिरौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** थाना क्षेत्र के कोड़दा गांव निवासी परीक्षित महतो का सोमवार की रात फिरौती के लिए तीन अपराधियों ने अपहरण कर लिया। इस संदर्भ में बुंडू थाना में परीक्षित के पिता योगेश्वर महतो ने मंगलवार की शाम अपने बेटे का अपहरण होने और उनसे फिरौती मांगे जाने का एक मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा परीक्षित अपना गाड़ी किराये पर लेकर मधुकामा से खूंटी गया था। उसके साथ चालक फागु मुंडा भी था। वहां से घर लौटने के क्रम में गांव के स्कूल के पास एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर गाड़ी सहित परीक्षित और चालक काअपहरण कर लिया। इसके बाद परीक्षित की आंख पर पट्टी बांध कर एक अज्ञात व सुननान स्थाल पर ले गए। वहां चालक और गाड़ी को छोड़ दिया, लेकिन परीक्षित को अपने साथ ले गए। उधर, अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुटने के बाद चालक फागु मुंडा मालिक के घर न आकर अपने घर हांजेद में गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया। इधर बेटे परीक्षति की पिटाई कर अपराधियों ने उसके ही फोन से फोन कर मुंझसे (योगेश्वर) पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। फिरौती की रकम शाम छह बजे तक नहीं देने पर परीक्षित को जान से मारने की धमकी भी दी। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण ने दशमफॉल थाना के सहयोग से मामले की सूचना मिलने के तीन घंटे के अंदर यानी रात 10 बजे बुंडू, दशमफॉल और नामकोम थाना क्षेत्र के सिगिद और टुटीहारा के बीच जंगल के भीतर से परीक्षित को सकुशल बरामद किया। हालांकि पुलिस ने जांच का हवाला देकर अधिक जानकारी देने से इन्कार किया है। दूसरी ओर, इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस की चारों ओर चर्चा हो रही है।

## गांवों में बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का बेहतर माध्यम बनी लक्ष्मी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंड सखी (बीसीएस) बैंकों और ग्रामीण लोगों के बीच सेतु का काम कर रही हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में अपनी विविध सेवाओं के साथ ये सखियां पूरी पंचायत में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवा प्रदान कर रही हैं। लक्ष्मी देवी खूंटी के कर्रा प्रखंड की रहने वाली हैं। गृहलक्ष्मी एसएचजी का हिस्सा होने के नाते वह सितंबर, 2021 से एक सक्रिय सदस्य थीं। उन्हें जेएसएलपीएस की ब्लॉक टीम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बीसीएस की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारियां दी गयी।

# पांच परगना में कोहरा और ठंड ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, लोग हलकान

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** ढंड और कोहरे ने पूरे पांच परगना क्षेत्र को अपने आगोश में ले रखा है। दो दिनों से पड़ रही कड़ाने की ढंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। कोहरे का आलम यह है कि सुबह आठ बजे के बाद ही भगवान सूर्य के दर्शन हो पा रहे हैं। कनकनी व शीतलहरी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। वहीं, कोहरा और ढंड के कारण खेतों मे लगे फसल भी खराब हो रहे है। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों तक ऐसे ही मौसम रहने का अनुमान व्यक्त किया है। उधर, कड़ाने की ढंड को ध्यान में रखते हुए सरकार ने विद्यालयों में छोटे बच्चों को आठ जनवरी तक छुट्टी की घोषणा कर रखी है। उधर, मौसम में आए बदलाव का असर लोगों पर दिखने लगा है। सर्दी, खासी व बुखार आदि से ग्रसित हो रहे हैं। एक के बाद एक घरों के लोग किसी न किसी बीरामी से ग्रस्त है। वहीं, किसानों के धान खेतों में काट कर पड़े हुए है। कुछ किसान अपने खरियन तक धान लाये है, लेकिन उसे मसल नहीं पा रहे है। 14 जनवरी के बाद पांच परगना क्षेत्र का प्रसिद्ध पूस पर्व भी है जिसमें लोग नये-नये परिधान पहनकर नाचते गाते टुसू पर्व मनायेंगें। किसान धान को बाजार में बेचकर कपड़े व अन्य जरूरत के सामान खरीदेंगें। पर कोहरे के कारण वो भी संभव नहीं हो पा रहा है। इस कड़ाके की ठंड के चलते रोज कमाने-खाने वालों की मुश्किलें बढ गयी है। ठेला, खोमचे और फेरी वाले घरों से निकल नहीं पा रहे है। व्यापार भी खासा प्रभावित हो रहा है। बाजार हाटो में लोग कम ही निकल रहे हैं। पूस के बाजार का रंग फीका नजर आ रहा है। इस ठंड से रोज एक दो लोग मर रहे है। ठंड से कब निजात मिलेगी फिलहाल कहना मुश्किल है।

### तीन दिनों से छाया है घना कोहरा, ठंड का बढ़ा प्रकोप, घरों में दुबके लोग

# शीतलहरी के बीच कोहरे की चादर में ढंका खलारी-पिपरवार,पारा पहुंचा आठ डिग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र में कनकनी और शीतलहरी के साथ ठंड में अचानक वृद्धि देखी जा रही है। नव वर्ष के पहले दिन से ही ठंड ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया था। जहां क्षेत्र में सुबह कुहासा छाया रहता है वहीं दिनभर चल रही शीतलहरी भी लोगों को ठिठुरने को विवष कर रही है। खलारी क्षेत्र में चौथे दिन बुधवार को भी धूप नहीं निकलने और बादल छाए रहने के कारण लोग घर में ही दुबके रहे। जिन्हें ज्यादा जरूरी था वही लोग मजबूरी में घरों से बाहर निकले। बाजारों में भी सनाटा पसरा रहा। बुधवार को खलारी का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री व अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोग सुबह-शाम अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड के साथ-साथ दिन छोटा होने के कारण अंधेरा जल्दी हो जा रहा है। इस कारण खलारी के बाजार व व्यवसायिक प्रतिष्ठान जल्दी ही बंद हो जा रहे है। शाम होते ही लोग घरों में दुबक जा रहे है। इधर खलारी सीओ शिशुपाल आर्य के निर्देश पर खलारी प्रखंड के विभिन्न जगहों पर लोगों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था की गयी। खलारी बैंक चौक, मैकलुस्कीगंज के बिरहोर टोली में अंचल की ओर से अलाव की व्यवस्था की गयी है। इधर क्षेत्र के लोगों ने सीओ से प्रखण्ड क्षेत्र के अन्य जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था किए जाने की अपील कर रहे हैं। दूसरी ओर, सीसीएल **पिपरवार कोयलांचल** क्षेत्र और आसपास का पूरा इलाका पिछले तीन दिनों से कोहरे की चादर से ढका हुआ है। विगत दो जनवरी से ही सूर्य का दर्शन नहीं हुआ है। कोहरे के कारण एक ओर जहां दृश्यता कुछ फीट की रही वहीं तापमान में भी भारी गिरावट से आम जन जीवन पर असर दिख रहा है। शीतलहरी के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वहीं, दिहाड़ी मजदूर, सीसीएल मजदूर सहित कार्यालय में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दोपहर एक बजे तक पूरा इलाका घने कोहरे से ढका रहा।

### अलाव के सहारे लोग

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से घना कोहरा छाए रहने के कारण कनकनी और शीतलहरी से लोग परेशान हैं। इधर चौक चौराहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे। कोहरे के कारण सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को हो रही है। कोयला ढुलाई में लगे हाईवा डंपर के चालकों को वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 11 जनवरी को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनिल पासवान ने की। बैठक में प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारियों के क्रियाकलापों पर चर्चा की गई। साथ ही 11 जनवरी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार व वर्तमान में राज्यसभा सांसद दिसुम गुरु वीर शिबू सोरेन का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर आठ जनवरी को पुनः करकट्टा स्थित प्रखंड कार्यालय में बैठक होगी, जिसमें झामुमो खलारी प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया, ताकि जन्मदिन को और भव्य बनाने की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि खलारी-पिपरवार कोयलांचल के समस्त नागरिकों द्वारा छह जनवरी को झारखंड से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, अरुण यादव, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, चितरंजन सिंह, राजकुमार भोगता, जैनुल खान, सीतलाल महतो, विशाल पासवान, छोटू राम, शंभू दास, हैदर खान, शाहीद अंसारी, विक्की मुंडा, रवींद्रनाथ राम, सुशील राम, लालदेव महतो, नागेंद्र कुमार सिंह, गौतम यादव, संदीप यादव, अजय मुंडा आदि थे।

## कोयलरा आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की सीमा से सटे बड़गांव पंचायत अंतर्गत कोयलरा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को स्वेटर बांटा गया। बड़गांव पंचायत के उपमुखिया बिशु उरांव ने आंगनबाड़ी केंद्र के 30 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका आशा देवी, सहायिका सोमरी देवी, प्रीति देवी, सुशीला देवी, पूजा देवी, सुमित्रा देवी, काजल देवी, सोनिया देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी, सोमरी, गीता और पूनम आदि मौजूद थीं।

## विस्थापित प्रभावित मंच की बैठक में बंदी की चेतावनी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** विस्थापित प्रभावित एकता मंच की बुधवार को बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता देवलाल गंझू एवं संचालन आजाद अंसारी ने किया। खलारी प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने कहा विस्थापित प्रभावित मंच का धरना जारी है। केडीएच परियोजना का खनन कार्य जेहलीटांड में बसे हुए डेंजर जोन घर के नजदीक हो रहा है जो काफी खतरनाक है। अगर सीसीएल प्रबंधन जल्द से जल्द घर का मुआवजा देकर नहीं हटाया और 17 घरों का मुआवजा भुगतान नहीं किया तो खदान में कार्य को बाधित कर देंगें। इस मौके पर पूर्व मुखिया निर्मला उरांव, सीमा उरांव, नानदो देवी, इम्तियाज अंसारी, आजाद अंसारी, जोगेश्वर राम, शाहिद अंसारी, इसराइल अंसारी, नसीम अख्तर, मोनू सिंह, दिनेश प्रजापति, अशोक प्रजापति, शिबू महली, मोहम्मद आसिक रिजवी, ललन सिंह, अनवर अंसारी, साबिर अंसारी, सद्दाम अंसारी, वासीम अख्तर, अनिल प्रसाद, बबलू सिंह, विनोद सिंह, हरि प्रजापति, फसी अहमद आदि थे।

## डकरा में यूसीडब्ल्यू ने मनायी 85वीं वर्षगांठ




**खलारी (आजाद सिपाही)।** यूसीडब्ल्यू (एटक) के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में यूनियन का 85वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले यूसीडब्ल्यूयू एटक के एनके एरिया सचिव प्रेम कुमार द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस दौरान उपस्थित यूनियन के प्रेम कुमार, कृष्णा चैहान, अशोक राम, जितेंद्र सिंह, शिवप्रसाद चौहान, चंदन शर्मा, नरेश प्रसाद, संजय यादव ने बारी-बारी से संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यूसीडब्ल्यूयू का गठन 1939 में हुआ था और तब से अब तक के 84 वर्षों के लंबे अंतराल में यूनियन के नेतृत्वकारी साथियों ने मजदूरों के हक अधिकार के लिए लगातार आंदोलन किया है। उन्होंने सभी संगठन को और अधिक मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर रीना देवी, सुरेंद्र राम छोटू, पंचम लोहरा, विशेश्वर मुण्डा, प्रणव, बूटन मुण्डा, मनीष भगत, बिनोद राणा, राजकिशोर लोहरा, मनोज राम, रोशन एक्का, राजकुमारी देवी, लगनी देवी, बिलासो देवी, आशा देवी, कबूतरी देवी, धीरेन्द्र कुमार, सुधांशु, अरविन्द शर्मा, एमडी शमीम, बजरंगी सिंह, रवि महली, सूरज लोहरा सहित काफी सख्या में यूनियन कार्यकर्ता उपिस्थत थे।

## पिपरवार में मनाया गया यूनियन का स्थापना दिवस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वकर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय में मंगलवार को यूनियन का 85 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मुंद्रीका प्रसाद और संचालन कामेश्वर राम ने किया। एरिया अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने यूनियन के 84 वर्ष के संघर्षपूर्ण यात्रा पर प्रकाश डाला। कोयला उद्योग में सबसे पुरानी यूनियन होने के कारण अपने धारदार व्यापक आंदोलन एवं दमदार नेतृत्व की बदौलत महाजनी, गुलामी प्रथा, शोषण की पराकाष्ठा से मुक्ति दिलाने में यूनियन ने अहम भूमिका निभाया है। संगठित मजदूरों के साथ-साथ असंगठित मजदूरों के हक अधिकार के लिए यूनियन लड़ाई लड़ती रही है और संघर्ष जारी है। इस मौके पर मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, विमल महतो, हिमांशु चटर, जनार्दन गिरी, रामजीत राम, टिकेश्वर ठाकुर, रविन्द्र महतो, ईश्वर दयाल मेहता, कौशल प्रसाद, लालेश्वर लाल, ललकु भुइयां, जनार्दन गिरी, गुलाम हुसैन, मोहम्मद हुसैन, बसंत कुमार, राज कुमार, गणेश राम और देवेंद्र मलिक आदि मौजूद थे।

## तमाड़ में मकर संक्रांति पर 15 को टुसू सह फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के करकरी नदी तट पर रूंगकड़ी मैदान पुन्डीदीरी में एकदिवसीय टुसू (चौड़ल) सह फुटबाल प्रतियोगिता एवं मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि कालीचरण मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी सुखलाल सिंह मुंडा उपस्थित होंगे। फुटबाल खेल में प्रथम पुरस्कार 10 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपया रखा गया है। प्रवेश शुल्क दो हजचार रुपये है। चौड़ल में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 3000 और तृतीय पुरस्कार 2000 के अलावे दो बजे से पहले पहुंचने वाले सभी चौड़ल को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी बुधवार को मेला कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा ने दी है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## टाटीसिलवे औद्योगिक क्षेत्र नामकुम रांची के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनित हुए किस्टो कुजूर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड के पुरना चतरा निवासी किस्टो कुजूर को खिजरी विस अंतर्गत टाटीसिलवे औद्योगिक क्षेत्र नामकुम रांची के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया है। विधायक ने अपने आवास में मनोनयन संबंधी पत्र सौंपते हुए निर्देश दिया कि किस्टो कुजूर जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में स्थानीय सरकारी एवं गैर सरकारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जनहित में कार्यों का निष्पादन एवं समस्या का निदान करना सुनिश्चित करेंगे। इन्हें विधायक प्रतिनिधि मनोनित किये जाने पर उपप्रमुख जयपाल हजाम, पूर्व उपप्रमुख अनवर खान, एतवा उरांव, सुनील गोप, संदीप कच्छप, राजेश कुजूर, कृष्णा पहान, राजेश नायक, शंकर नायक, शशिकांत, सुजीत खलखो, कृष्णा कुजूर, समीम अंसारी, संजय कुजूर, श्याम पहान, राजेश मिश्रा, मुकेश महतो, गिरधर मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

## टुसू मेला की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जमुवारी गांव में जुमार नदी तट पर 14 जनवरी को आयोजित होने वाले टुसू मेला को लेकर मेला समिति की एक बैठक अर्जुन राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जुमार नदी पुल के समीप प्रत्येक वर्ष लगने वाले टुसू मेला को और कैसे विकसित किया जाए इसको लेकर चर्चा की गई। बताया गया इस मेला को और भव्य व आकर्षक रूप देने की कोशिश की जाएगी। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष सोहन पहान, गोविन्द मुण्डा, सुगनू कादी टोला के अध्यक्ष संतोष महली आदि उपस्थित थे।

## मलती में ग्राम सभा का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मलती में बुधवार को ग्राम सभा रखी गयी। जिसमें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित हुईं। बैठक में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। कुछ समस्याओं का विधायक ने तुरंत निदान करवाया। वहीं बाकी समस्याओं को जल्द निदान कराने की बात ग्रामीणों से कही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, विधायक प्रतिनिधि समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नये सीओ व बीडीओ का किया गया स्वागत



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नये अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार को बुधवार को गुलदस्ता देकर जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम और अंचलकर्मियों ने स्वागत किया। सदस्य आदिल अजीम ने बात रखी कि सर्टिफिकेट बनने में काफी विलंब होता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसपर नए अंचलाधिकारी ने कहा कि लोगों को अब सिर्फ तीन दिन में सर्टिफिकेट बना कर दिया जाएगा। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का प्रोन्नति की वजह से खाली हुए पद मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने पदभार ग्रहण किया।

## बेड़ो में मनी करमचंद भगत की जयंती



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के संस्थापक सह पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत की जयंती महाविद्यालय परिसर में बुधवार को मनायी गई। इस दौरान शिक्षाविदों ने स्व. भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार ने स्व. भगत की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने कहा कि बाबा करमचंद भगत का जन्म 1934 ई में हुआ था। वे पढ़ाई के साथ साथ आदिवासी छात्र संघ महासचिव बने और छात्रसंघ से जुड़कर शिक्षा का अलख जगाया। उन्होंने बीए ऑनर्स और बीएल की पढ़ाई करने के उपरांत लगातार पांच बार बेड़ो वह मांडर विधानसभा से विधायक बने। वहीं शिक्षा मंत्री बनने के बाद कई कॉलेजों का निर्माण कराया। साथ ही साथ करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो का स्थापना भी बाबा स्व. भगत ने ही की थी। समारोह में प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार, डॉ मथुरा राम उस्ताद, डॉ विंध्याचल राम, डॉ विरेन्द्र प्रसाद,प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी,संदीप उरांव,बिरसा उरांव, शिवेंद्र सौरभ,दीपक कुमार, शिवशंकर साहू,आकाश रक्षित, हर्ष टंडन,रितिक उरांव,रजनी कुमारी,सोनम कुमारी समेत दर्जनों विद्यार्थी आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में बंद पड़ा विद्यालय मुखिया की पहल पर पुनः खुला, ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में वर्षो से बंद पड़े राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय को पुनः पंचायत के मुखिया बीरेंद्र भगत के अगुवाई में खोला गया। विद्यालय के पुनः खोले जाने को लेकर ग्रामीणों ने खुशी मनाते हुए गांव के पाहन व पुजार से विद्यालय परिसर में धुप अगरबत्ती दिखाकर पारंपरिक तरीके से विद्यालय एवं बच्चों का मंगलकामना करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, मुखिया वीरेंद्र भगत के द्वारा सयुक्त रूप से फीता काटकर बच्चों को प्रवेश कराया गया और विद्यालय का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुखिया ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने विद्यालय के प्रगति और शिक्षा के विकास मिलकर बढ़ाने के लिए ग्रामीण व बच्चों के अभिभावक को दिशा निर्देश दिए। बीईईओ सुनील कुमार केशरी ने शिक्षा विकास का बढ़ावा हेतु विस्तृत जानकारी दिया। वही समाज सेवी जगरनाथ भगत ने ग्रामीणों एवं बच्चों के लिए शुभकामनाएं दी। इसके अलावा पहले दिन खुले विद्यालय में नामांकित बच्चों के लिए बने मिड डे मील का भोजन को उपस्थित अतिथियों समेत बच्चों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। विद्यालय पुनः खुलने के मौके पर वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, ग्राम प्रधान सूरज मुंडा, सकुल साधन, विकाश कुमार गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष सुशीला खलखो, उपाध्यक्ष जयमोन खलखो, राधा भगताइन, आंगनवाड़ी सेविका उमा देवी, पहान विजय भगत, पुजार वीजा भगत, कोटवार मनोहर कुजूर, संजय कोया समेत रोगो गांव के ग्रामीण शामिल हुए।

### बैठक : आजसू ने राजाडेरा और बीसा पंचायत में ग्राम एवं महिला कमेटी का किया गठन

# गांव के विकास को लेकर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है : पारसनाथ उरांव

**युवा कार्यकर्ता उमेश महतो एवं शिवचरण महतो को पंचायत के सभी गांवों में ग्राम कमेटी के गठन की जिम्मेवारी सौंपी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** आजसू पार्टी ने बुधवार को प्रखण्ड के राजाडेरा एवं बीसा पंचायत में बैठक कर ग्राम कमेटी एवं महिला कमेटी का गठन किया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव एवं विशिष्ठ अतिथि प्रखण्ड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो थे। पहली बैठक सबेरे राजाडेरा पंचायत में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम प्रभारी, महिला प्रभारी एवं बुद्धिजीवी मंच का गठन किया गया। युवा कार्यकर्ता उमेश महतो एवं शिवचरण महतो को पंचायत के सभी गांवों में ग्राम कमेटी के गठन की जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं से रूबरू होना तथा भविष्य में गांव के विकास को लेकर संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आजसू जनसरोकार से जुड़ी पार्टी है जो जनता के हर सुख-दुख में उनके मदद के लिए सबसे आगे खड़ी रहती है।

मौके पर सुनील महतो, शिवा महतो, अघनु मुण्डा, किस्टो लोहरा, बिटू महतो, पुशराम चौधरी, सरिता देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

इधर बीसा पंचायत में आजसू पार्टी की एक बैठक योगेन्द्र महतो व छत्रपति बेदिया की अध्यक्षता में हुई। पारसनाथ उरांव एव जगन्नाथ महतो की देखरेख में हुए चुनाव में गोड़ांग से बालेश्वर उरांव, बीसा से दिलीप पहान, बेंती से जैलेन्द्र मुण्डा एवं पाकर टोली से संजय मुण्डा ग्राम प्रभारी चुने गये जबकि बुद्धिजीवी मंच से मुनेश्वर महतो व शंभु बड़ाईक बनाए गये। वहीं बीसा से करमी देवी, बेंती से कोशिला देवी, छोटकी गोड़ांग से सुनीता देवी, मुंडाटोली से संगीता देवी तथा बहेराटोली से सुलो देवी महिला प्रभारी चुने गये।

मौके पर किरण देवी, रजनी देवी, टुनी देवी, बंधन पहान, गणेश भोगता, रोहित बेदिया, बिनोद बेदिया, अशोक बेदिया आदि मौजूद थे।

## जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट ने 210 जनजाति समाज के जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**धर्मांतरण रोकने के साथ साथ हमें सेवा कार्य पर भी ध्यान देना है : मेघा उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट रांची द्वारा बुधवार को नगड़ी प्रखंड के चिपरा, बोबरो, भागलपुर, पचंडिहा, जाजपुर, दलादली, कोलाम्बी सहित कई गांव में 210 जनजाति समाज के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा कि धर्मांतरण रोकने के साथ साथ हमें सेवा कार्य पर भी ध्यान देना है। ताकि ईसाई मिशनरी सेवा के नाम पर हमारे भोले-भाले आदिवासियों का धर्मांतरण ना करा सकें।

जनजाति सुरक्षा मंच बिहार झारखंड क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि अब हमें अपनी आदि धर्म संस्कृति से जुड़े रहना है जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट सेवा कार्यों को लेकर निस्वार्थ भाव से आदिवासी समाज के बीच इसी तरह सेवा कार्यों को लेकर आगे करते रहना है। मौके पर राष्ट्रीय आदिवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी टोप्पो, किरण बान्डो, हिन्दुवा उरांव, शिबदेव उरांव, चिपरा उपमुखिया नितू तिर्की, सांसद प्रतिनिधि मुकेश महतो, नीता तिर्की, विकास तिर्की, बिरसा उरांव, सुदंरा तिर्की सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति मेला की तैयारियों को लेकर घघारी बाबा धाम प्रबंध समिति ने की बैठक

**मेले में होने वाले 72 घंटे का अखंड कीर्तन के लिए सभी कीर्तन मंडलियों को निमंत्रण भेजने का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में लगने वाले तीन दिवसीय मेला को लेकर एक बैठक रखी गई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। मेला 13, 14 और 15 जनवरी मकर संक्राति में लगने वाले मेला की विधि व्यवस्था व आवागमन मुख्य रूप से रास्ते को वन वे करने पर विचार किया गया। बैठक में पूर्व विधायक देवकुमार धान भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मेला में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी तरफ के रास्ते में जो उबड़-खाबड़ है उसको दुरुस्त किया जाए। मेले में होने वाले 72 घंटे का अखण्ड कीर्तन के लिए सभी कीर्तन मंडलियों को निमंत्रण भेजने का भी निर्णय लिया गया और मेला शांतिपूर्ण लगाने के लिए विभिन्न गांवों के आए हुए सदस्यों ने अपना विचार रखा। अगामी 12 जनवरी को बैठक रखी गयी है। सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन है कि समय पर आने का कष्ट करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक देवकुमार धान, रुपनाथ सिंह, सेवक सिंह, सुवेश्वर सिंह, राजधन सिंह, नरायण सिंह, दुर्गा उरांव, व्रतमान सिंह, अरविन्द्र तिवारी, दशरथ उरांव, फागु भगत, मनबोध सिंह, विनय पांडे, भुवन महतो, सिताराम पाठक, रामाशंकर पाठक, तुलसी दास गोस्वामी, किस्टो दास गोस्वामी, सागर दास गोस्वामी, सुनिल उरांव, शिवनाथ प्रसाद साहू, विजय साहू, महाबीर महतो, संतोष उरांव, पवन साहू, हरिमोहन गोप, चरवा उरांव, राजेश कुमार गोप, बिनोद भगत, मोहन लोहरा, बिजय महतो, फागु उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मांग : कांके अंचल के नगड़ी मौजा के दर्जनों जमीन मालिकों ने मुख्यमंत्री और सीओ को दिया ज्ञापन, कहा

# सरकारी भूमि का सीमांकन कर हमारी पुश्तैनी व रैयती भूमि अलग की जाये

**जमीन मालिकों ने कहा है कि बार-बार हमारी रैयती जमीन को विवादित बनाने की कोशिश की जा रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांके।** कांके अंचल अंतर्गत नगड़ी मौजा की लॉ यूनिवर्सिटी और जुमार नदी समीप की जमीन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को दर्जनों जमीन मालिकों ने मुख्यमंत्री सचिवालय और अंचलाधिकारी कार्यालय जाकर 14 पेज का संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। आवेदन में जमीन मालिकों ने कहा है कि राज्य सरकार और इनके अधिकारी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, सीओ कांके यहां पर स्थित जुमार नदी की जमीन, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की अधिग्रहित की गई जमीन और सरकारी गैरमजरूआ जमीन को शीघ्र सीमाकिंत करें और इस जमीन से सटी हम लोगों की पुश्तैनी और रैयती भूमि को अलग करें। जिस पर हम लोग अपनी इच्छा अनुसार लीज देकर या घर मकान बनाकर या किसी तरह का व्यवसाय हेतु उपयोग कर अपने उपयोग में ला सकें। क्योंकि बार-बार इस जमीन को विवादित बनाकर हम लोगों की अपनी जमीन पर कार्य करने से रोका जा रहा है। उक्त ज्ञापन नगड़ी गांव के उमेश टोप्पो पिता स्व. चुन्दा टोप्पो सहित दर्जनों रैयतों ने हस्ताक्षर कर दिया है।

आवेदन में जमीन मालिकों ने कहा है कि रिवरव्यू का नाम देकर बार-बार जमीन के प्राकृतिक नेचर को बदल कर मीडिया में गलत तथ्यों के साथ समाचार प्रकाशित होती रहती है। जिससे जमीन रैयत के साथ-साथ जमीन की भी बदनामी हो रही है। जबकि यह जमीन विवादित नहीं है। रिवरव्यू और कमलेश कुमार का इस जमीन से किसी तरह का कोई वास्ता नहीं है। यह हम लोगों की पुश्तैनी भूमि है। अधिकारियों ने कई बार इस भूमि की जांच परख कर निरीक्षण किया है। जिस पर पाया है कि जमीन पर लगा हुआ सरकारी बोर्ड सहित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, जुमार नदी की जमीन और सरकारी गैरमजरूआ जमीन भी सुरक्षित है। इसलिए हम लोगों का सरकार से आग्रह है कि अपनी भूमि का सीमाकंन करें और हम लोगों की जमीन को अलग करें। जिससे हम लोग यहां पर अपना स्वेच्छा पूर्वक किसी भी तरह का कार्य बिना रुकावट के कर सकें। वर्तमान में भूमि को हमने और हमारे परिवार वालों ने इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज आईएचएस को फिजियोथैरपी सेंटर खोलने हेतु आपसी समझौता किया है। इसका बोर्ड भी इस स्थान पर लगाया गया है।

### ग्रामीणों की मांग जायज है : सीओ

**इस मामले पर अंचलाधिकारी कांके दिवाकर सी द्विवेदी ने कहा कि पूर्व में इस जमीन पर प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। मामला न्यायालय में लंबित है। एसीबी की भी जांच भी चल रही है। मैं उच्च अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दूंगा और उच्च अधिकारियों का मार्गदर्शन जैसा मिलेगा उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। ग्रामीणों की मांग अपनी जगह पर जायज है।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बेड़ो में ठंड से हुई मौत के बाद मृतक के परिजनों से मिलीं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बाजार टांड़ में सोमवार की रात अत्यधिक ठंड लगने से हिंदू उरांव की मृत्यु हो गई थी। जिनके परिजनों से बुधवार को लमकाना गांव में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर मिलीं। जहां मृतक परिजनों को सांत्वना देते हुए पूर्व विधायक ने दुख प्रकट किया और सरकारी मुआवजा के लिए पदाधिकारियों से बात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष पर पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने को कहा। सनद हो कि मृतक के परिवार में उनकी पत्नी फुलमनी उरांव, तीन बेटी और दो बेटा व 70 वर्षीय बूढ़ी मां हैं। मौके पर भाजपा नेता भोगेन सोरेन, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, अनिल उरांव, महामंत्री बलराम सिंह, राजेश साहू, कमलेश लाल, राजेश सहाय व भाजपा के कई लोग साथ में थे।

### कांके में अलाव की व्यवस्था की मांग

**कांके (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह विधायक समरी लाल के विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण ने कांके अंचल कार्यालय में ज्ञापन देकर इस भीषण ठंड में कांके क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि दिसंबर माह में इन दिनों अचानक ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। चौक चौराहा सहित गांव-मुहल्लों में लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव तापने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, जिससे गरीबों को ठंड में राहत मिल सके।

### काशीनाथ पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस मना



**कांके (आजाद सिपाही)।** काशीनाथ महतो पब्लिक स्कूल सुकुरहुट्टू का 14वां स्थापना दिवस सह दो दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस समारोह का उद्घाटन राष्ट्रीय पुस्तकालय भारत सरकार के सदस्य डॉ राजाराम महतो व मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेश बैठा, बुढ़मू जिला परिषद सदस्य मनोज महतो बाजपेई एवं कांग्रेस नेता जमील अख्तर अजिजुल अंसारी भी उपस्थित हुए। अतिथियों ने सभी सफल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा स्पीच, नाटक व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में उपलब्धि हासिल किया जा सकता है। अवसर पर विद्यालय के संस्थापक दिलेश्वर महतो प्राचार्य किरण महतो, संरक्षक राम चरण महतो, सदस्य संजीव कुमार महतो, जमशेद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जफर अंसारी व शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन और कार्यक्रम का समापन विद्यालय के संरक्षक रामशरण महतो ने किया।

### बोड़या क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में सुकरहुटू ने कोकदोरो टीम को 55 रनों से हराया



**कांके (आजाद सिपाही)।** बोड़ेया, अरसंडे चौक के पास अवस्थित पुराना मिडिल स्कूल कैंपस खेल मैदान में कैनवास बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सुकुरुटुह एवं कोकदोरो के बीच खेला गया। जिसमें सुकुरुहुटू की टीम 55 रन से विजय हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुकुरुहुटू की टीम ने 6 विकेट खोकर निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाये। जबकि कोकदोरो की टीम मात्र 8 ओवर में सभी विकेट खोकर 42 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द द सीरीज बिट्टू सिंह माल्या को दिया गया। इस टूर्नामेंट के आयोजन में विकास, भास्कर, विशाल, अजय महतो, शशि गोप, रंजीत सिंह चड्ढा व मंजर अंसारी का काफी योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सतत प्रयत्नशील है। सरकार प्रत्येक पंचायत के गांव में खेल मैदान का निर्माण कर खिलाड़ियों को मान सम्मान देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया सोमा उरांव, गोविंद नारायण तिवारी, वीरेंद्र नारायण तिवारी, अधिवक्ता ईशान रोहन, नरगिस सुलताना, लालचंद सोनी, अख्तर हुसैन, गुड्डू विश्वकर्मा पहान सहित गणमान्य व प्रबुद्ध जनों का सराहनीय योगदान रहा।

### इटकी प्रखंड के तिलकसुती गांव में जंगली हाथियों ने दो घरों को तोड़ा



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जंगल क्षेत्र से जुड़े तिलकसुती गांव में गत चार दिनों से तीन जंगली हाथियों के एक दल ने काफी उत्पात मचा रखा है। हाथियों ने अब तक दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया व खेतों में लगी फसलों को रौंदते हुए अपना भोजन बनाया। जानकारी के अनुसार तीन जनवरी की रात हाथियों के दल ने गांव के अनुज के पांच एकड़ में लगी मकई व खेत में ही बने मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे पूर्व हाथियों ने गांव के ही जयश्री दास की बारी के समीप के मकान को क्षतिग्रस्त करने के बाद खेतों में लगी फसल आलू को खोदकर खा गये। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों के दल ने तिलकसुती पतरा के अलावा कादी जंगल में गत 31 दिसंबर से अपना अड्डा बना रखा है। दिनभर जंगल में रहने के बाद भोजन के लिए रात में बस्ती की ओर निकलता है। जानकारी के बावजूद डर से ग्रामीण हाथी को भगाने के लिए घर से बाहर नहीं निकलते हैं। सनद रहे कि जंगल में हाथियों को खाने के लिए कोई चीज नहीं बच गया है। वन विभाग व माफियाओं के बलि चढ़ गया, जिससे हारकर ये गजराज अपनी भूख को मिटाने के लिए गांव की ओर रुख करते हैं।

# छत्तरपुर सीओ की दबंगई, दीवार लेखन करने पर माले कार्यकर्ताओं की डंडे से की पिटाई

## माले कार्यकर्ताओंऔर सीओ ने एक दूसरे पर दर्ज करायी प्राथमिकी

**लोगों का आरोप सीओ द्वारा बराबर अंचल कार्यालय में की जाती है लोगों के साथ अभद्रता**

**माले कार्यकताओं ने सीओ के खिलाफ सड़क पर निकाला प्रतिवाद मार्च**




आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** भाकपा माले के कार्यकताओं ने छतरपुर सीओ मो. मुदस्सर नजर मंसूरी के खिलाफ छतरपुर की सड़कों पर प्रतिवाद मार्च का आयोजन किया। प्रतिवाद मार्च बारा मोड़ से मेन रोड होते हुए सुनार मोहला मोर से वापस होकर सराइडीह मोड़ पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया।

### क्या है मामला

भाकपा माले कार्यकर्तओं का आरोप है कि मंगलवार को भाकपा माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारी में अंचल के पुराने बिल्डिंग पर दीवार लेखन कर रहे थे । दीवार लिखने के दरमियान छतरपुर सीओ मो. मोदस्सर नजर मंसूरी ने दीवार लिख रहे माले कार्यकताओं को गाली गलौज करते हुए मार पीट की। पिटाई से जख्मी होकर लालमोहन प्रजापति गिर पड़े। इसके बीच माले नेता रामराज पासवान आकर बीच-बचाव करने की कोशिश की लेकिन अंचलाधिकारी ने उन्हें भी मां बहनों की गालियां दी। भीड़ में अपने अपमान से तीलमिलाए सीओ ने पुलिस बुला कर रामराज पासवान, कपिल देव प्रजापति, लालमोहन प्रजापति को छतरपुर थाना के हवाले कर दिया। आरोप है कि छतरपुर थाना में 6 घंटे तक माले कार्यकताओं को बैठा कर रखा गया इसके के बाद थाने से भेज दिया गया। हालांकि माले कार्यकताओं के तरफ से एसटीएसी एक्ट और सीओ के तरफ से सरकारी काम मे बाधा डालने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं भाकपा माले कार्यकताओं की मांग है कि छतरपुर अंचलाधिकारी को एससी एसटी कानून के तहत गिरफ्तार किया जाए और माले कार्यकताओं पर फर्जी मुकदमे को भी वापस लिया जाए। प्रतिवाद मार्च में राज्य कमेटी सदस्य रविंदर भुइयां, महाराज पासवान, अनिल मोची, सिंटू कुमार, मदन पासवान, संगीता देवी, अनीता देवी, उषा देवी, ममता देवी,सरिता देवी सहित दर्जनों लोग शामिल थे। सोशल मीडिया पर भी लोगों की भिन्न भिन्न प्रकार की प्रतिक्रिया सामने आई है लोगों ने भी सीओ के आचरण की कड़ी निंदा की है। मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए छतरपुर सीओ से फोन से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया। इलाके के लोगों का आरोप है कि सीओ महिलाओं से भी अभद्रता पूर्वक बात करते हैं और लोगों को जेल भेजने की धमकी भी देते रहते हैं।

## बलात्कार कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर डीसी कार्यालय का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उत्पीड़न विरोधी अभियान के बैनर तले विभिन्न जन संगठनों व राजनीतिक दलों के सैकड़ों लोगों ने मेदिनीनगर अम्बेडकर पार्क से विशाल व आक्रोशपूर्ण जन प्रदर्शन करते हुए पलामू डीसी एवं एसपी कार्यालय का घेराव करते हुए झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु की अध्यक्षता में प्रतिरोध सभा में सम्पन्न तब्दील हो गया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय महिला सभा की प्रभारी दिव्या भगत ने किया। आक्रोशपूर्ण सभा में किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष का. बीएनसिंह, झारखण्ड बौद्ध महासभा के महिला प्रदेश अध्यक्ष सुषमा बौद्ध,भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव नागमणि रजक,जिला परिषद पलामू की पूर्व अध्यक्ष प्रभा देवी, कान्दू मुहल्ला की पीड़िता की मां लालो देवी, झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव निर्मला कुमारी, नगर अध्यक्ष प्रदीप राम, आईसा की जिला उपाध्यक्ष ममता कुमारी,पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम,जय मंगल राम, समाजिक न्याय मंच के रवि पाल,विनय वैद्य, हुल झारखण्ड क्रांति दल के चन्द्रधन मेहता, पूर्व मुखिया बाबूलाल राम, कृष्णकांत बौद्ध,भीम आर्मी के प्रेम कुमार, माले के सरफराज आलम, श्रवण विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, राजेन्द्र बौद्ध, सुरेन्द्र राम, भीम आर्मी के अनुराग भारती ने खामही दलित छात्रा सामुहिक ब्लातकार कांड के सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा देने, पीड़िता के परिजनों को 10 लाख रुपए व सुरक्षा व्यवस्था करने समेत 6 सूत्री मांगों के सवाल पर जिला प्रशासन को घेरते हुए सभी मांगों को पुरा करने की मांग किया।

## पलामू के शुभम सीनियर वर्ग मैथेमैंटिक्स ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिमाचल में अव्वल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू ।** जिले के पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपरा निवासी संजय कुमार के 16 वर्षीय पुत्र सुभम शैल ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित सीनियर वर्ग मैथेमैटिक्स ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने साथ पुरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। विगत 31 दिसम्बर से 3 जनवरी को हिमाचल प्रदेश में विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा आईआईटी मंडी में 30 वां राज्य बाल विज्ञान मेला का मैथेमैटिक्स ओलंपियाड में सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मोहल कुल्लू के छात्र शुभम शैल ने भाग लेकर अपना प्रचम लहराया। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के घुमारवीन विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राजेश धमार्नी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्रदेश में सुभम शैल प्रथम स्थान लाने के बाद उसके परिजन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस सम्बंध में शुभम शैल के पिता संजय कुमार ने बताया कि इसके लिए उन्होंने पहले ब्लॉक स्तर पर नवंबर 2022 में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया था। बाद में जिला स्तर पर दिसंबर 2022 में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में भी वह प्रथम स्थान प्राप्त करने के पश्चात राज्य स्तर पर 31 दिसंबर 2022 से 3 जनवरी 2023 को आयोजित आईआईटी मंडी में प्रतियोगिता परीक्षा में भी वह प्रथम स्थान हासिल कर अपना परचम लहराया। उन्होंने बताया कि सुभम शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। जो इस वर्ष 2023 में दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। शुभम सैल के पिता संजय कुमार एनएचपीसी कुल्लू हिमाचल प्रदेश में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

## अवैध महुआ शराब धंधेबाजों के विरुद्ध होगी कड़ी कारवाई : एसडीपीओ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बनानेवाले धंधेबाजों के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जायेगा। उक्त बातें एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने प्रेस वार्ता में कहीं, उन्होंने कहा की पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर पूरे पलामू थाना क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया था, इस कड़ी में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दरुआ,घोड़बंधा,इटबांध,हीरा सिकनी समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों मे पुलिस ने अभियान चला कर 1500 किवंटल जावा महुआ शराब को नष्ट किया था, वहीँ इस धंधे में लिप्त लोग पुलिस को देखते फरार हो गए थे, एसडीपीओ ने कहा की यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, पकड़े जाने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी, उन्होंने ने लोगों से अपील करते हुए कहा की जिस थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बनाया जा रहो उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी को सूचना दे।

## वनभोज रोजमर्रे की एकरसता को खत्म कर समरसता को उत्पन्न करता है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जब आप रोजमर्रे की जिंदगी में जीविकोपार्जन के लिए श्रम करते हैं तो लम्बे प्रक्रिया के बाद मानसिक रूप से थकान ऊबन और असहज महसुस करने लगते हैं और काम में गिरावट आने लगती है। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। वे नव वर्ष के उपलक्ष्य में पिकनिक सपाट मलय में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि ऐसी हालत से उबरने और काम को गुणात्मक गति देने के लिए जैविक जरूरत है मानसिक संतुलन दिमागी एकाग्रता और शारिरिक आराम अपनो के बीच अपनापन स्नेह, भीड़ से कोसो दूर प्राकृतिक के गोद में एकांतवास मनोरंजन जो दिल व दिमाग को ताजगी प्रदान कर सके। सबो ने इस सुंदर प्राकृतिक स्थल का अवलोकन करते हुए एक-एक पल को मेमोरी के रूप में कैद किया और आभा की सुंदरता को निहारा। इन तमाम मनोवैज्ञानिक कारणों का हल है वनभोज। नए साल के बहाने जश्न रोमांस। उपरोक्त स्थितियों के मद्देनजर संत मरियम विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका कर्मचारी, पदाधिकारीयों को वनभोज पर ले जाया गया। पलामू का बहुत ही शानदार जलाशय पहाड़ पठार खान खनिज के बीच एक जगह है मलय डैम जहां पड़ाव डाल सभी शिक्षकों ने खूब मस्ती किया । बोटिंग किया, लजीज आहार का लुत्फ उठाया और मन को हल्का किया। यह जगह सबों को खूब भाया सरकार एवं पर्यटन विभाग से सोशल मीडिया के जरिए शैलानियों के लिए बेहतर ब्यवस्था आकर्षक आकार स्थापित हेतु संदेश प्रेषित किया। युवाओं नव जोड़ो के लिए खूब बढियां सम्भावना है जहाँ से सरकार को राजस्व की प्रप्ति भी होगी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श,उप प्रधानाचार्य एसबी साहा, छात्रावास अधीक्षक रीना कुमारी,अतिथि आफताब आलम सहित दो सौ सम्मानित शिक्षक कर्मचारियों की धमाकेदार उपस्थित रही। सबों को नए साल की ढेर सारी शुभकामनाएं स्वागत।

## पांकी के निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू)।** पांकी थाना परिसर में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को विदाई दी गई एवं नव पदस्थापित थानेदार रंजीत प्रसाद यादव का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि पांकी वासियों के द्वारा जो मुझे मान,सम्मान,प्यार मिला है उसे मैं सदैव याद रखूंगा। सरकारी सेवा में स्थानांतरण और पदस्थापन एक सामान्य प्रक्रिया है जो आया है उसे एक निश्चित अवधि के बाद जाना है।सरकारी सेवा मे ये लगा रहता है। उपस्थित सभी लोगो ने थाना प्रभारी के कार्यों की सराहना की और उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। रंजीत प्रसाद यादव ने कहा कि पांकी वासियों के सहयोग से मैं बेहतर से बेहतर पुलिसिंग दूंगा। सभी लोगों के साथ न्याय होगा,जनता से सहयोग की अपेक्षा है। जनता अपनी समस्याओं को लेकर सीधे हमसे मिलें कोई भाया मीडिया की जरूरत नहीं है। मैं अमित कुमार सोनी के मंगलमय,सुखमय जीवन की कामना करता हूं,ये सदैव स्वस्थ रहें,निरोग रहें।

# स्पोर्ट्स



**सिडनी टेस्ट : उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन के अर्धशतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की मजबूत शुरूआत**

## श्रीलंका पर मिली करीबी जीत पर हार्दिक पांड्या ने कहा-साल की शुरुआत में टीम का शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टी 20 मैच में 2 रनों से मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई। पदार्पण कर रहे शिवम मावी के चार विकेट और अक्षर पटेल के आखिरी ओवर में रोमांचक गेंदबाजी की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 मैच में श्रीलंका पर 2 रन से जीत दर्ज की। पांड्या ने ट्वीट किया, ‟साल की शुरूआत में टीम का शानदार प्रदर्शन, प्रशंसकों का बहुत-बहुत धन्यवाद, जो स्टेडियम आए और हमारा समर्थन किया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने दीपक हुड्डा (नाबाद 41) अक्षर पटेल (नाबाद 31), ईशान किशन (37) और कप्तान हार्दिक पांड्या (29) के बेहतरीन पारियों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 160 रनों पर सिमट गई। श्रीलंका की तरफ से कप्तान दासुन शनाका ने 45, कुशल मेंडिस ने 28, वानिंदु हसरंगा ने 21 और चमिका करुणारत्ने ने नाबाद 23 रन बनाए। श्रीलंका को आखिरी ओवर में जीत के लिए 13 रनों की जरुरत थी और अक्षर पटेल के इस आखिरी ओवर में श्रीलंकाई बल्लेबाज 10 रन ही बना सके। भारत की तरफ से शिवम मावी ने 4, उमरान मलिक और हर्षल पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

### पश्चिम बंगाल में आयोजित ओपन कराटे चैंपियनशिप

## रांची के गोविंद, वंशिका और योग्यता को प्रथम स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** पश्चिम बंगाल में आयोजित ओपन कराटे चैंपियनशिप' 2022 में इंडिविजुअल काता में अलग अलग ऐज केटेगरी में रांची के गोविन्द त्रिवेदी, वंशिका सिंह, योग्यता कुमारी को प्रथम स्थान, अनस इमाम को द्वितीय स्थान व सुहानी कुमारी को त्रितीय स्थान प्राप्त हुआ स्पीड किक केटेगरी में शिवम कुमार सिंह को प्रथम स्थान व भरत त्रिवेदी को दूसरा स्थान(सीनियर बॉयज) एबं रिद्धि कुमारी को प्रथम स्थान (सीनियर गर्ल्स) व गोविन्द त्रिवेदी को स्पीड किक (जूनियर बॉयज) में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## दंगवार मेला कमिटी का गठन, वकील अध्यक्ष व संतोष बने सचिव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दंगवार में सोन नदी तट स्थित सूर्यमन्दिर परिसर में मंकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला साप्ताहिक मेला को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मेला को शांति पूर्वक संचालन पर विस्तृत विचार विमर्श की गयी। इसको लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वकील सिंह को अध्यक्ष,विवेक प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष, संतोष राम को सचिव, दिलीप चौधरी को उपसचिव, संतोष कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, अंकित कुमार सिंह को उपकोषाध्यक्ष, मनोज प्रसाद गुप्ता, कमलेश साह, अनुज प्रसाद गुप्ता को व्यवस्थापक,गोविंदर सिंह ,मुकेश साह, विवेक, सोनू, सूरज, पवन, गोपाल, चंद्रकांत को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया. इसके अलावा विश्वजीत कुमार, मुन्ना, श्याम, अंकुश, बादल, दीपक, अमन, अजित,विश्वजीत को सक्रिय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया ।इस संदर्भ में पंसस सह मेला समिति के सचिव संतोष ने बताया कि इस वार्षिक मेला का आयोजन एक सप्ताह तक चलता है। जिसमे झारखंड व बिहार राज्य के कई गांवों के लोग पहुँचते हैं। मेला का शांति पूर्ण से संचालित करने के लिए कमेटी के लोग सक्रिय रहेंगे। मेला की शुरूआत मकर संक्रांति से होगी।

## एके सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंर्तगत निबंध प्रतियोगिता कल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय एके सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 6 जनवरी को निबंध प्रतियोगिता, 7 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता एवं 12 जनवरी को व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का विषय स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और विचार पर आधारित होगा ।साथ ही महाविद्यालय स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों एवम छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित दिनांक 8 जनवरी एवं 9 जनवरी को प्रतियोगिता में भाग लेंगे ।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 जनवरी एवं 11जनवरी को भाग लेंगे और पुरस्कृत किये जायेंगे । उन्होंने बताया कि निबंध 500 शब्दों में होना चाहिए।

## समाजसेवी गुरु पांडेय ने प्रवचन कार्यक्रम में दिये पांच लाख का सहयोग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कथा वाचक राजन जी महाराज के कथा आयोजन कमेटी को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने पांच लाख एक हजार रुपये दान राशि सौंपा। श्री पांडेय ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंदुआ स्थित अपने आवास पर मंगलवार को दान राशि सौंपने के क्रम में बताया कि धर्म के कार्यक्रम में प्रत्येक सनातनी को भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का लक्ष्य है कि पूरे प्रमंडल मे धार्मिक वातावरण का निर्माण हो ।मालूम हो जिला गढ़वा के ग्राम हुर में 22 जनवरी से राजन जी महाराज का भव्य कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। दान राशि सौंपने के क्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, बबलू पांडेय, हूर पंचायत के मुखिया बसंत चौबे, नारायण पाण्डेय, प्रदीप चौबे, अशोक तिवारी, धर्मजीत चौधरी, बालकृष्ण धर दूबे, संजयधर दूबे, सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे ।

## कड़ाके की ठंड एवं कोहरे के बावजूद अब तक नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** अभी कड़ाके की ठंड एवं कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ठंडा इस कदर पड़ रहा है कि लोग घरों में ही दुबके हुए रह रहे हैं। सड़क,बाजार में सन्नाटा देखने को मिल रहा है और नौडीहा बाजार प्रखंड के कई गांव पंचायत के चौक चौराहे है जहां पर हर समय दर्जनों लोग रहते हैं वहां इस ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग ठंड से ठिठुरते हुए देखे जा रहे हैं। वैसे नौडीहा बाजार के नावाटांड़ पंचायत के पुल के पास तीन मुहान पर अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए और पुराने थाना के पास नामुदाग पंचायत के रोड में तीन मुहान के पास एवं सरइडीह बाजार पर शाहपुर विजय मोड़ एवं खैरादोहर के लकड़ाही बाजार पर एवं खैरादोहर चार मुहान के पास इस कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था होने से लोगों की राहत मिलेगी। लेकिन अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग इस ठंड में ठिठुरते हुए देखे जा रहे हैं।

## यमदूत बनकर पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को यमदूत का रूप धारण कर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। थाना स्थित अन्तर्राजिय चेक पोस्ट से एनएच 98 मुख्य मार्ग के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस ने यमदूत बनकर सड़क सुरक्षा की जानकारी दो व चार पहिया वाहन चालकों को दी गई ।पुलिस यमदूतों ने कहा कि सड़क हादसे में अधिकतर मौतें सिर में चोट लगने से होती है। हेलमेट रहने से इसकी आशंका कम हो जाती है। वहीं सीट बेल्ट लगाने से भी दुघर्टना के दौरान चोटों का प्रभाव कम हो जाता है। इसके लिए बाइक सवार को हेलमेट और कार सवार को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने सभी तरह के वाहन चालकों को हर हाल में सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस को यमराज का रूप धारण को देखकर समाजसेवी राजीव रंजन ने सड़क सुरक्षा अभियान को सहरानीय कार्य बताते हुए यमराज एसआई विक्रम सिंह को शिल्ड देकर सम्मानित किया। अभियान के दौरान एसआई प्रकाश गुप्ता, एएसआई संजय सिंह के अलावे समाजसेवियों में मनोज मेहता, शंभू यादव के साथ पुलिस बल शामिल थे।

## सुखाड़ राहत के नाम पर किसानों को बरगला रही है सरकार, नहीं मिला सुखाड़ का लाभ : कृष्णा बैठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद व्यापारमंडल कृष्णा बैठा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से किसानों को उम्मीद जगी थी की सुखाड़ से ग्रसित परिवार को विपरीत परिस्थितियों में इस योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं ।बड़ी उम्मीद साथ सभी किसान दिन रात जगकर आवेदन भरने की प्रक्रिया को पूरा किए थे ।लेकिन क्षेत्र के मात्र 5 प्रतिशत किसान को ही सुखाड़ राहत का पैसा खाता में आया है ।बाकी लोगो का रिजेक्ट या पेंडिंग कर दिया गया है, जिसके कारण सुखाड़ से प्रभावित किसान काफी आहत हैं ।सरकार सिर्फ सुखाड़ के नाम पर किसानों को ठगने का काम कर रही है ।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर सभी आवेदन किए हुए किसान को सुखाड़ राहत का पैसा नही देती है तो बाध्य होकर सरकार के दोहरी नीति का विरोध करेंगे ।

## धनबाद में आपराधिक घटना करने और उसमें शामिल रहनेवालों को नहीं बख्शेंगे : एसएसपी

# गैंगस्टर प्रिंस के चार गुर्गे गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल में आतंक पर्याय बन चके गैंगस्टर प्रिंस खान के चार गुर्गे को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। उनकी पहचान विशाल मिश्रा (25), मो अमन उर्फ राजा (26), मो सद्दाम अंसारी के रूप में हुई है। जबकि एक आरोपित नाबालिग है। विशाल गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि मोहम्मद अमन बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के मिट्ठू रोड और मोहम्मद सद्दाम वासेपुर के करीमगंज का रहने वाला है। इनके पास से 7.65 एमएम का एक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन व इंटरनेट चलाने के लिए वाईफाई डिवाइस भी जब्त किया गया है। इसकी जानकारी धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने दी। उन्होंने बुधवार को अपने



गैंगस्टर प्रिंस के पकड़े गए गुर्गों की जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार।

कार्यालय में संबाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि मेजर बन कर यही लोग धनबाद के व्यपारियों और अन्य लोगों से रंगदारी मांग रहे थे और दहशत फैलाने के लिए जहां-तहां फायरिंग और बमबारी की घटना को अंजाम दे रहे थे। एसएसपी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पार्क मार्किट हीरापुर स्थित अजय इलेक्ट्रॉनिकस के मालिक अजय चौरसिया सहित धनबाद के विभिन्न व्यवसायिक संगठनों से गैंगस्टर प्रिंस व उसके गुर्गे द्वारा मैनेजर और मेजर के नाम पर रंगदारी मांगी जा रही थी। एसएसपी व ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद विन्हा के नेतृत्व में धनबाद सदर, बैंक मोड़, केंदुआडीह और कतरास थानेदार के साथ एक टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद संयुक्त छापामारी में उक्त अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### अमन और सद्दाम ही मेजर और मैनेजर के नाम पर क्षेत्र में फैला रहे थे दहशत

**एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में अमन और सद्दाम ही मेजर और मैनेजर के नाम पर दहशत फैलाते थे। यही लोग जम्पिंग वीपीएन का इस्तेमाल कर रंगदारी के लिए फोन किया करते थे। क्लीनिक लैब में फायरिंग में भी इनका ही हाथ था। इन्हीं लोगों ने पूरे क्षेत्र की रेकी की थी जबकि उक्त मामले में दो शूटरों को पकड़ कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है।**

### धनबाद में अपराध नहीं होने देंगे

प्रिंस के बारे में पूछे गए प्रश्न के जवाब में एसएसपी ने पत्रकारों से कहा कि धनबाद में किसी प्रकार से अपराध नहीं होने देंगे। कहा कि पूर्व में जो आपराधिक घटनाएं हुईं हैं उन सभी में आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी धनबाद जिले में आपराधिक घटना करने व उसमें शामिल रहेगा उसे किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे।

## माता, पिता और गुरु का सम्मान करने वालों को ही मिलती है सफलता : अनुराधा



**कतरास(आजाद सिपाही)। श्रीश्री हनुमान मंदिर समिति न्यू आकाश किनारी कोलियरी में राम कथा के तीसरे दिन बुधवार को अयोध्या से आयी सुश्री अनुराधा सरस्वती ने कहा कि माता-पिता व गुरु का सम्मान करने वाले जीवन में सफलता पाते हैं। उन्होंने भगवान श्री राम के बाल चरित्रों का वर्णन किया। बताया कि भगवान श्रीराम गुरु वशिष्ट के पास विद्या ग्रहण करने गए और बड़े ही अल्पकाल में विद्या ग्रहण कर लौटे। जिसके बाद उनकी दिनचर्या में परिवर्तन आ गया। भगवान श्रीराम ने दुनिया को संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति जीवन के किसी क्षेत्र में यदि सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे माता-पिता और गुरु के आशीर्वाद की परम आवश्यकता है।**

# छात्र संगठनों के विवाद में पिस गये प्राचार्य

**विवाद में घिरता देख प्राचार्य ने प्रशासन से लगाई जान बचाने की गुहार, पहुंची पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** कॉलेज में फ्रेशर पार्टी को लेकर प्राचार्य के आदेश पर छात्र संगठन का एक गुट जहां कार्यक्रम की तैयारी में जुटा था। वहीं इसकी भनक लगते ही दूसरे गुट ने विरोध का बिगुल फूंक दिया। दोनो छात्र संगठनों के बीच उत्पन्न विवाद में अपनी गर्दन फंसता देख प्राचार्य ज्ञानचंद्र राय ने पुलिस को बुला लिया। इसके बावजूद स्थिति बिगड़ता देख प्राचार्य ने दोनों संगठनो से जान का खतरा बताते हुए पुलिस से लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई। प्राचार्य द्वारा उठाए गए उक्त कदम की सूचना पाते ही दोनों संगठन के सदस्य पलक झपकते ही कॉलेज परिसर नदारद हो गए। इसके बाद प्राचार्य ने राहत की सांस लिया। वहीं कालेज



परिषर पहुंचे कतरास थाना के मनिश कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान में किसी प्रकार की गुंडागर्दी नहीं चलने देंगे। हुड़दंग मचाने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

जानकारी के मुताबिक एक पक्ष के नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्यो ने बताया की नव वर्ष के अवसर पर रविवार को फ्रेसर छात्र-छात्राओं के सम्मान में कॉलेज परिषर में कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्राचार्य ने अनुमति दी थी। जिसके बाद निर्धारित शुल्क के साथ सभी सदस्य तैयारी में जुट गए थे। इसी बीच अचानक दूसरे गुट के संगठन इसका विरोध करते हुए प्राचार्य पर दवाब बनाने लगा। इससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### ये कॉलेज है कोई होटल नहीं : एबीवीपी

दूसरे पक्ष से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यो ने बताया कि कॉलेज एक शिक्षण संस्थान है कोई होटल या लॉज नहीं। एनएसयूआई के सदस्य फ्रेसर पार्टी की आड़ में विद्यार्थियों से रंगदारी वसूलने की जुगाड़ लगा रहे है। कालेज परिषर में इस प्रकार का आयोजन करना कहां तक उचित है। इसी बात की जानकारी लेने के लिए प्राचार्य के पास गए थे। प्राचार्य को जब संगठन की ओर से कहा गया कि इस प्रकार की अनुमति भविष्य में सभी को देनी होगी तो प्राचार्य आग बबूला हो गए और पुलिस को बुला लिया। एबीवीपी सदस्यों ने प्राचार्य पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षण संस्थान को होटल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, प्राचार्य ज्ञानचन्द्र राय ने बताया कि इन दोनों छात्र संगठन की कार्य शैली की वजह से कॉलेज की गतिविधी का संचालन करने में हमे काफी मशक्कत करनी पड़ती है। आये दिन छात्र संगठन के सदस्य बिना वजह के मेरे चेंबर में आकर परेशान करते हैं। मुझपर दबाव डाल कर कॉलेज में अपना वर्चस्व स्थापित करना चहते है। दोनों छात्र संगठन से मेरे जान माल की नुकसान की संभावना हमेशा बनी रहती है इसलिए कतरास पुलिस से लिखित शिकायत भी किया है।

# आमने-सामने हुआ असंगठित मजदूरों का दो गुट

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बासदेवपुर कोल डंप में बुधवार को मैनुअल लोडिंग व मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों का दो गुट आमने-सामने हो गए। केदार पासवान गुट के मजदूरों ने मैनुअल लोडिंग 400 रुपये प्रति टन मजदूरी देने और समय पर मजदूरी का भुगतान करने की मांग करते हुए कोयला लोडिंग कार्य ठप करा दिया। जबकि मोनू खान गुट के मजदूर लोडिंग करना चाह



रहे थे। इसी मुद्दे को लेकर हंगामा हो गया। करीब चार घंटे तक चले हंगामा के बाद लिफ्टर गोपाल साव ने लोडिंग के बाद कांटा घर पर वजन होते ही मजदूरी का भुगतान करने का आश्वासन दिया जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। बतातें चलें कि दो हजार टन का कोयले का ऑफर कोलियरी प्रबंधन द्वारा निकाला गया है। बुधवार सुबह 10 बजे कोयला लोड लेने के लिए हाइवा जैसे ही डंप में पहुंचा असंगठित मजदूर संघ के अध्यक्ष केदार पासवान और सचिव अजय रवानी के नेतृत्व में मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर वाहन रोक दिया और नारेबाजी करने लगे। वहीं दूसरी ओर मजदूर मोनू खान के समर्थित मजदूर सोनू खान, गणेश रजवार, कमली देवी, रीना देवी, बिरजू कुमार, विक्रम भूइयां की ओर से इसका विरोध किया गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार विकास कुमार यादव ने समझा बुझा कर मामले को शांत करने का प्रयास किया। लिफ्टर ने मजदूरों से कहा कि बीसीसीएल के किसी भी कोलियरी में लोडिंग की मजदूरी 260 रुपये से अधिक भुगतान किया जाएगा तो वह भी वही मजदूरी मजदूरों को भुगतान करेगा। आज सात गाड़ी का एलाटमेंट है।

## पूर्व जीप सदस्य संतोष महतो ने निजी मद से कंबल बांटे



**महुदा (आजाद सिपाही)। पदुगोड़ा पंचायत के राधनागर महतो टोला स्थित सामूदायिक भवन में पूर्व जीप सदस्य ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुधन (सरद) महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम में पदुगोड़ा पंचायत के विभिन्न गांव एवं टोला से सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे। जिन्हें पूर्व जीप सदस्य ने अपने निजी मद से कंबल वितरण किया। इस दौरान शत्रुघ्न महतो ने कहा कि संतोष महतो युवा नेता के तौर पर क्षेत्र में जाने जाते हैं, जिन्होंने हर परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों के सेवा में दिन रात लगे रहते हैं। ठंड को देखते हुए अपने निजी मद से गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल दान कर रहे हैं, जो काफी सराहनीय कार्य हैं।**

## बीसीसीएल प्रबंधन ने मांग पूरी नहीं की तो होगा उग्र आंदोलन

# ग्रामीण झोला ढोने के लिए आंदोलन करें और ढुल्लू महतो अपनी तिजोरी भरें: जलेश्वर महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** मधुबन वाशरी निर्माण में जिन ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण हुआ और वाशरी की धूल से जिनकी जमीन बंजर हो गई है, वैसे लोग झोडा ढोने के लिए आंदोलन कर रहे है। इससे बड़ी शर्म की बात बीसीसीएल प्रबंधन के लिए और क्या हो सकती है। मेरे विधायक रहते जिस वाशरी में मैनुअल लोडिंग कार्य चलता था, वर्तमान में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के कार्यकाल में मशीन से लोडिंग कार्य हो रहा है। जिससे अनेको लोग बेरोजगार हो गए और लोडिंग के पैसे से ढुल्लू महतो की तीजोरी भर रही है। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कही। वे बुधवार को बीसीसीएल ब्लॉक टू



धरना पर बैठे लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता जलेश्वर महतो।

क्षेत्र अंतर्गत संचालित मधुबन वाशरी में मैनुअल लोडिंग की मांग को लेकर आयोजित धरना के तीसरे दिन मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंन कहा कि मंगलवार को स्थानीय प्रबंधन ने ग्रामीणो को वार्ता के लिए बुलाकर कहा कि सिंडिकेट समर्थक यानी विधायक ढुल्लू महतो से भी बातचीत कर मांग पर विचार किया जाएगा। ग्रामीण झोडा ढोने के लिए आंदोलन कर रहे और नुकसान बीसीसीएल प्रबंधन को हो रहा है। फिर इससे गरीबो के पेट में लात मारने वाले ढुल्लू कहां से आ गये। अगर बीसीसीएल प्रबंधन अब भी हमारी मांग को नहीं मानता है तो हमलोग बीसीसीएल सभी ट्रांसपोर्टिंग को बाधित कर देंगे। अगर जेल जाने की नौबत आई तो सबसे पहले जलेश्वर महतो जेल जायेगा। उसके बाद ही कोई ग्रामीण को जेल जाने की नौबत आएगी। इस मौके पर बलराम महतो, टीपी पाण्डेय, शंकर महतो, अजय महतो, देवानंद महतो विकाश सिंह, विकाश महतो, लखिन्दर महतो, विजय पाण्डेय, महादेव महतो, मूलचंद महतो, पिंकू पाण्डेय, संतोष रजवार, धनेश्वर ठाकुर, उपेंद्र राम, गोपाल सिंह, रामचंद्र महतो, सुनील महतो, संतोष महतो, कुलदीप पांडेय, अंजन पाण्डेय, पुरसोत्तम शर्मा, रणधीर सिंह, सुदेश दस, रमेश चौहान, मुरारी पाण्डेय, मिश्रीलाल एडवोकेट, नवलेश, विजय भुइयां, नंदलाल महतो, बबलू पांडेय, अनील हांडी, गोविंद रविदास, मुकेश महतो, दिवाकर दास, राधा रविदास और अशोक रविदास आदि मौजूद थे।

# लाइसेंसिंग स्कीम के तहत होगा खाली इ-एफ-इएफ प्रकार के आवासों का आवंटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल, बीपीएससीएल और बोकारो स्थित सेल की अन्य इकाइयों के भूतपूर्व कर्मचारी जो कंपनी की सेवा से 30 जून 2022 या उससे पहले पृथक हुए हों या उनके पति-पत्नी या आश्रितों को अब आवास लाइसेन्स योजना के तहत जनवृत-1, जनवृत-2, जनवृत-5, जनवृत-6, जनवृत-8, जनवृत-9, जनवृत-11, जनवृत-12 और कैंप-2 के ई/एफ/ईएफ प्रकार के आवास लाइसेंस के तहत आवंटित किए जाएंगे। लाइसेंस योजना के इस स्कीम के लिए नगर सेवा विभाग की सूचना पट्ट पर खाली ई/एफ/ईएफ प्रकार आवास की सूची 11 जनवरी या उससे पहले डिस्प्ले की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार डिस्प्ले की गयी आवासों की सूची में से आवंटन के लिए अधिकतम सात (7) आवास का चयन भर सकते हैं। इस योजना के तहत लाइसेंस पर आवास आवंटन के लिए फॉर्म 11 जनवरी से स्टेट बैंक कलेक्ट पर ऑन-लाइन उपलब्ध होगी। इच्छुक आवेदकों को स्टेट बैंक कलेक्ट की वेबसाइट पर ही फॉर्म ऑन-लाइन जमा करनी होगी। ऑन-लाइन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी तय की गई है। आवेदन की प्रिन्टेड प्रति नगर सेवा भवन के मेन गेट पर अवस्थित काउन्टर में 13 फरवरी तक जमा की जा सकती है। इस योजना के तहत आवेदक को एक ही आवास आवंटित की जाएगी। बीएसएल, बीपीएससीएल और बोकारो स्थित सेल की अन्य इकाइयों के वैसे भूतपूर्व कर्मचारी या उनके पति-पत्नी या आश्रित इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे।

## दुग्दा के प्रेमदीप को राष्ट्रीय भारोत्तोलन में गोल्ड मिलने पर किया गया सम्मानित

**चंद्रपुरा/बेरमो) (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत दुग्दा उत्तरी पंचायत के प्रेमदीप कुमार ने पंजाब के अमृतसर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 67 किलो जूनियर वर्ग के भारोत्तोलन में गोल्ड मेडल जीतने पर दुग्दा में सम्मानित किया गया। प्रेमदीप चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत दुग्दा उत्तरी पंचायत के मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र, चंदुआडीह की सेविका के बेटे है। प्रेमदीप ने गोल्ड मेडल जीतकर बोकारो, चंद्रपुरा और दुग्दा समेत पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है।**


**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग (झारखंड)**
**जिला स्कूल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग (झारखंड) पिन- 825301**
email-rtahaz.02@gmail.com/ ncrtahazaribag@jharkhandmail.gov.in

**-:आवश्यक-सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्राधिकार से सवारी वाहनों के लिए निर्गत स्थायी परमिट के नवीनीकरण आवेदन पर विचार हेतु दिनांक 30.12.2022 को आहूत बैठक जो अपरिहार्य कारणवश स्थगित की गयी थी अब दिनांक 10.01.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयुक्त–सह– अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के कार्यालय– कक्ष में निर्धारित की गयी है।

शेष बिंदु यथावत् रहेगें।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 286661 Transport (22-23)_D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–42/2022–23 (PR 286151) (District) 22-23*D के सहपठित ज्ञापांक 1914 दिनांक 26.12.2022 द्वारा निकाले गये निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत तिथि आगे बढ़ाई जाती है। शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 09.01.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 10.01.23 से 18.01.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 19.01.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.01.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 286688 (District) 22-23 (D)



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– **J.M.C/ 05/2022-23 (2nd Call)** **Date – 04-01-2023**

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Interim Solution for containment & treatment of faecal sludge at Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 2006306.00 | 40200.00 | 5000.00 | 90 दिन |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 12.01.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.01.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 24.01.2023 अपराहन 4.00 बजे। नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 24.01.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 286690 Urban Development (22-23)_D



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2022–23**

वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध निधि से स्वीकृत क्रमांक– 07 में ग्रुप संख्या 01 से ग्रुप संख्या 06 तकं वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–16.01.23 से 19.01.2023(अपराह्न 3:00 बजे तक) (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–21.01.23 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–21.01.23 (अपराह्न 3:30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | पंचायत खरकोटा ग्रम सिजुआ में अमृत सरोवर अन्तर्गत तालाब निर्माण | 2218200.00 | 44500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 02 | डोमचाँच | पंचायत– तेतरयाडीह ग्रम काराखूट में अमृत सरोवर अन्तर्गत तालाब निर्माण | 1513400.00 | 30500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 03 | डोमचाँच | पंचायत –पूरनाडीह ग्रम बिसोडीह हरिजन टोला में अमृत सरोवर अन्तर्गत तालाब निर्माण | 1540900.00 | 31000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 04 | जयनगर | पंचायत–ककरचोली ग्रम पहाडपुर में अमृत सरोवर अन्तर्गत तालाब निर्माण | 1438800.00 | 29000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 05 | जयनगर | पंचायत – गोहाल ग्रम नन्दोडीह मे अमृत सरोवर अन्तर्गत तालाब निर्माण | 1456700.00 | 29500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 06 | मरकच्चो | पंचायत महुगांय ग्रम गैरगी में अमृत सरोवर अन्तर्गत तालाब निर्माण | 852940.00 | 17100.00 | 1250.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.286618 Rural Development(22-23):D

### कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लव जिहाद पर कार्यकर्ताओं से कहा

# रोड-नाली जैसे छोटे मुद्दे नहीं लव जिहाद पर फोकस करें: कतील

कर्नाटक कांग्रेस ने सोमवार को कतील के इस भाषण का वीडियो ट्वीट किया है। साथ ही, लिखा है कि राज्य का विकास, रोजगार और शिक्षा मामूली मुद्दे हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने कार्यकर्ताओं से लव जिहाद पर फोकस करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, गटर, नालियों और अन्य छोटे मुद्दों के बारे में बात करने से ज्यादा जरूरी है कि लव जिहाद को रोका जाये। ऐसा करने के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष कतील मंगलुरु में 'बूथ विजय अभियान' कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस भाषण में उन्होंने यह बातें कहीं।

## पीएफआइ पर बैन से पहले दंगा चल रहा था: कतील

कतील ने यह भी कहा कि पीएफआइ पर बैन से पहले राज्य में दंगा चल रहा था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पीएफआइ ने हिंदू कार्यकर्ताओं को निशाना बनाते हुए हत्याओं की एक श्रृंखला की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि अगर पीएफआई पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया होता, तो आज हमारे पास मंच पर भाजपा नेता मोनप्पा भंडारी, विधायक वेदव्यास कामथ और हरि कृष्ण बंटवाल (दक्षिण कन्नड़ के) यहां नहीं होते। उनकी तस्वीरों पर केवल एक माला होती।

## कर्नाटक कांग्रेस ने बताया शर्मनाक

कर्नाटक कांग्रेस ने सोमवार को कतील के इस भाषण का वीडियो ट्वीट किया है। साथ ही, लिखा है कि राज्य का विकास, रोजगार और शिक्षा मामूली मुद्दे हैं। यह शर्मनाक है कि बीजेपी ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से विकास के बारे में बात नहीं करने के लिए कहा है, जो कि उसने बहुत कम किया है।

# एनटीपीसी-तालचेर थर्मल की डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में तीन दिवसीय बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अंगुल एनटीपीसी-तालचेर थर्मल द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में 29 से 31 दिसंबर तक 3 दिनों के लिए बालिका सशक्तिकरण पर कार्यशाला (जीइएम) का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में आसपास के सरकारी स्कूल के छठी कक्षा के 97 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनटीपीसी/टीटीपीएस के कार्यकारी निदेशक गौतम देव ने कार्यशाला का उद्घाटन किया और बच्चों के सर्वांगिण विकास में योगदान देने वाले विभिन्न मुद्दों का अवलोकन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में योग, नृत्य, संगीत, विभिन्न कलाकृतियां बनाना और स्थानीय भाषाओं में तैयार किये गये कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सागरिका महिला क्लब की सदस्यों एवं स्थानीय कुशल शिक्षिकाओं/अध्यापिकाओं द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सीआइएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों, मानव संसाधन विकास अधिकारियों और यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन 31 दिसंबर को बच्चों के उच्च स्तर के प्रदर्शन के बाद हुआ। यह कार्यक्रम पिछली गर्मी की छुट्टियों के दौरान एक महीने के लिए आयोजित किया गया था और आम जनता द्वारा इसकी बहुत सराहना की गई थी। इस कार्यक्रम में बच्चों ने वर्कशॉप का भरपूर लुत्फ उठाया।

# मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने स्टेशनों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह ने मंगलवार को संबलपुर मंडल के टिटिलागढ़-जूनागढ़ रोड-अंबोदला खंड में जूनागढ़ रोड, भवानीपटना और अम्बोदला रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशनों पर उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और इस खंड में चल रही विकास गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और अनुभाग में विभिन्न अचल संपत्तियों, प्रतिष्ठानों, यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को सभी मामलों में संरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने अंबोदला-एमवीएए (वेदांता साइडिंग) लांजीगढ़ खंड के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।

# एम्स भुवनेश्वर 7 जनवरी को चौथा वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर 7 जनवरी, 2023 को अपना चौथा वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाने जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया केंद्रीय शिक्षा मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ायेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार ने आज एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) आशुतोष विश्वास ने कहा। इस महान दिन का गवाह बनने के लिए एम्स में एक अत्याधुनिक बर्न सेंटर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मंडाविया द्वारा जनता को समर्पित किया जायेगा। एनटीपीसी द्वारा 6 आइसीयू, 6 केबिन सुविधाओं से सुसज्जित 36 बिस्तरों वाला बर्न सेंटर रुपये में स्थापित किया गया है। 19.87 करोड़। इसकी नींव 25 अगस्त, 2018 को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू द्वारा रखी गई थी। यह बर्न सेंटर हाइपरबेरिक ऑक्सीजन चैंबर, स्किन बैंक, फिजियोथेरेपी, टेली कांफ्रेंस सेमिनार रूम के साथ उन्नत उपकरण और उपकरण के साथ बर्न मरीजों के लिए विशेष रूप से बहुत मददगार होगा। जले हुए मरीजों के इलाज की जानकारी डॉ. विश्वास ने दी। इसी तरह, गणमान्य व्यक्ति एम्स भुवनेश्वर में एक क्रिटिकल केयर अस्पताल भवन की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 192 करोड़ की लागत से पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआइएम) के तहत 150 बिस्तरों वाला क्रिटिकल केयर अस्पताल स्थापित किया जायेगा। यह क्रिटिकल केयर रोगियों के लिए बहुत उपयोगी होगा, डॉ. बिस्वास ने कहा। प्रतिष्ठित अतिथि डीएम/ एमसीएच (4 विद्वान), एमडी/एमएस (10), एमबीबीएस (17), बीएससी नर्सिंग (6), बीएससी पैरामेडिकल (3) जैसे विभिन्न विषयों से राष्ट्रीय संस्थान के 40 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। डॉ. अनिल दास को बेस्ट आउटगोइंग एमबीबीएस ग्रेजुएट के रूप में सम्मानित किया जायेगा। सुभ्रज्योति बारिक को सर्वश्रेष्ठ बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग ग्रेजुएट घोषित किया गया है। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. बिस्वास ने राष्ट्रीय संस्थान में साक्ष्य-आधारित उपचार सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2023 में, एम्स भुवनेश्वर में लिवर ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, कॉर्निया ट्रांसप्लांट जैसी सुविधायें मिलने जा रही हैं, जो ओडिशा के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोगों के लिए बहुत मददगार होंगी, डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा। प्रेस मीट में डीन डॉ. पी आर महापात्र, रजिस्ट्रार बी बी मिश्रा और डीडीए (आइ/सी) रश्मी रंजन सेठी भी मौजूद थे और मीडिया को एम्स भुवनेश्वर की एक दशक की सफल यात्रा पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा उद्घाटन की जाने वाली एक प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी।

## एक दशक की यात्रा में एम्स भुवनेश्वर को कई सम्मानों से नवाजा गया

एम्स भुवनेश्वर की स्थापना महान दूरदर्शी, पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा वर्ष 2003 में की गई थी, एम्स भुवनेश्वर न केवल ओड़िशा बल्कि आसपास के राज्यों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में जनता का विश्वास जीतने में सक्षम है। तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल वितरण में क्षेत्रीय असंतुलन को बराबर करने के बहुत जनादेश को पूरा करते हुए, ओड़िशा के लोगों ने संस्थान के एक दशक की स्वर्णिम यात्रा देखी है। उल्लेखनीय है कि अपनी एक दशक की यात्रा में एम्स भुवनेश्वर को कई सम्मानों से नवाजा गया है। एम्स में रीनल ट्रांसप्लांट शुरू हो चुका है। इसे देश के सर्वश्रेष्ठ 20 मेडिकल कॉलेजों में रखा गया है। इंडिया टुडे के सर्वेक्षण 2022 द्वारा इसे मेडिकल श्रेणी में 20वां स्थान दिया गया है। इसके अलावा, एम्स भुवनेश्वर एम्स नयी दिल्ली के बाद इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता-सह प्रवेश परीक्षा (एनइइटी) योग्य उम्मीदवारों की दूसरी पसंद बन गया है। इसे 2022 के लिए शिक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) द्वारा देश में 26वां सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया गया है। इसने वर्ष 2021 में 31वें स्थान से पांच स्थान ऊपर की ओर फिर से साबित किया है।

## कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की अचानक तबीयत खराब होने के चलते आज बुधवार को उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक उनके फेफड़े में संक्रमण बताया जा रहा है। वहीं, सर गंगा राम हॉस्पिटल के डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि वायरल रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन की निगरानी और इलाज के लिए उन्हें चेस्ट मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया है।




राजधानवार पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने नववर्ष के उपलक्ष्य में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं राजनैतिक चर्चा की।

# चिलीका में शुरू हुई पक्षियों की गिनती

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** चिलिका लेक में आज से पक्षियों की गिनती शुरू किया गया है। सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक पक्षियों की गिनती की जायेगी। बालूगांव बनखंड के अंतर्गत 5 रेंज में पक्षियों की गिनती का काम चल रहा है। इसके लिए 21 टीमों को गणना में लगाया गया है। सातपड़ा, रंभा, बालूगांव, टांगी, मंगलायोडी, नलबन और नुआपड़ा क्षेत्रों में गणना का काम जारी है। सौ से अधिक कर्मचारी भी गणना में लगे हुए हैं। पक्षियों की गिनती के लिए दूरबीन, जीपीएस और कैमरों का इस्तेमाल किया गया है। इस गणना में वन्यजीव कार्यकर्ता, ओयुएटी छात्र, पक्षी सुरक्षा समिति के सदस्य और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हैं। भूवनेश्वर 04/01 चिलिका लेक में आज से पक्षियों की गिनती शुरू किया गया है। सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक पक्षियों की गिनती की जायेगी। बालूगांव बनखंड के अंतर्गत 5 रेंज में पक्षियों की गिनती का काम चल रहा है। इसके लिए 21 टीमों को गणना में लगाया गया है। सातपड़ा, रंभा, बालूगांव, टांगी, मंगलायोडी, नलबन और नुआपड़ा क्षेत्रों में गणना का काम जारी है. सौ से अधिक कर्मचारी भी गणना में लगे हुए हैं। पक्षियों की गिनती के लिए दूरबीन, जीपीएस और कैमरों का इस्तेमाल किया गया है। इस गणना में वन्यजीव कार्यकर्ता, ओयुएटी छात्र, पक्षी सुरक्षा समिति के सदस्य और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हैं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**